पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 9:50 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, बुधवार, 24 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 342, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

2030 तक पर्यटन पर खर्च में चौथा देश होगा भारत 16
आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा 15

## पर्यटक लें एयर सफारी और जायरोकॉप्टर का आनंद

- सचिव पर्यटन ने राज्यपाल के समक्ष दिया प्रस्तुतिकरण
- सुविधाओं के विकास के साथ प्रचार की भी है जरूरत



संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में आगामी दिनों में पर्यटक एयर सफारी और जायरोकॉप्टर का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन विभाग ने प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसके प्रयास तेज कर दिए हैं। वहीं, होम स्टे के माध्यम से भी लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

यह जानकारी सचिव, पर्यटन सचिन कुर्वे ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पहल के प्रस्तुतिकरण के दौरान मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह के समक्ष दी। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि कोविड के बाद पूरा विश्व योग, आयुर्वेद, आध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ लेना चाहता है, जिसके लिए उत्तराखंड से बेहतर और कोई स्थान नहीं हैं।

पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ-साथ प्रचार-प्रसार पर कार्य करने की जरूरत है। प्रस्तुतिकरण में सचिव ने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत प्रथम चरण में कुमाऊं के मंदिरों में सुनियोजित कार्य किए जा रहा है। इसमें अधिकांश मंदिरों में होने वाले विकास कार्यों की डीपीआर तैयार कर ली गई है।

## पहाड़ और मैदानी रूट पर जल्द दौड़ेंगी 330 नई बसें



**देहरादून, अमृत विचार :** प्रदेश में पहाड़ और मैदानी रूट पर जल्द ही 330 नई और आधुनिक बसें दौड़ेंगी। उत्तराखंड रोडवेज (परिवहन निगम) ने ढाई साल में न केवल 20 साल के घाटे को मात दी, बल्कि रिकॉर्ड 56 करोड़ का मुनाफा कमाकर रोडवेज की बसों को नई रफ्तार दी हैं। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में परिवहन निगम के सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आनद श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड परिवहन निगम के पास वर्तमान में 1350 बसें हैं। इनका संचालन राज्य के भीतर और दूसरे राज्यों में किया जा रहा है। खासकर 151 सीएनजी युक्त बसें दिल्ली रूट पर चल रही हैं। निकट भविष्य में 200 सीएनजी बसें पहाड़ और मैदानी रूट पर संचालन के लिए खरीदने की योजना है जबकि पहाड़ी मार्गों के लिए 130 बसों को खरीदने की प्रक्रिया अंतिम चरणों में चल रही हैं।

**20** साल में पहली बार घाटे से उभरा परिवहन विभाग

### 8 बस स्टेशन बनकर तैयार 13 पर चल रहा है कार्य

घाटे से उभरने के बाद निगम ने 8 बस स्टेशन तैयार किए हैं जबकि 13 बस स्टेशनों का काम प्रगति पर हैं। हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी और काठगोदाम में 4 आईएसबीटी प्रस्तावित हैं। श्रीनगर, कोटद्वार, रुड़की, रानीखेत, काशीपुर में पांच वर्कशॉप बनाने के प्रस्ताव हैं।




## अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बना, एक अयोध्या मन में बसी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही। पत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा कि अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर साझा किया अनुभव




## एक नजर

### कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह घोषणा की। जननायक के रूप में मशहूर ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका 17 फरवरी, 1988 को निधन हो गया था।

### संसद की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ तैनात

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 की कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी।

### सोलर पैनल अनिवार्य होंगे

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने सचिवालय में आयोजित बैठक में सचिवालय से लेकर तमाम सरकारी कार्यालयों और बड़े व्यावसायिक भवनों में सोलर पैनल को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। सीएम ने समस्त प्राधिकरणों को निर्देश दिए हैं कि नक्शा पास करते समय इसका बखूबी पालन कराया जाए। सोलर पैनल से हम काफी ऊर्जा की बचत कर सकेंगे।

### कैबिनेट की बैठक आज

**देहरादून।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आज सुबह 10 बजे से सचिवालय के विश्वकर्मा भवन में स्थित वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली सभागार में होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने के साथ ही योग नीति सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है।

# 5 लाख रामभक्तों को संभालने में जुटी सरकार

- मुख्यमंत्री योगी ने खुद संभाला मोर्चा, डटे रहे प्रमुख सचिव गृह और डीजी कानून-व्यवस्था
- मुख्यमंत्री ने हेलीकाप्टर से किया भीड़ का सर्वे अफसरों को दिए बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश
- रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने का इंतजाम दर्शन करने वालों को लौटाने में जुटा प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंगलवार को रामलला के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दर्शन के लिए मंदिर का द्वार खुलते ही उत्साही श्रद्धालुओं के भीड़ के दबाव में श्रीरामजन्मभूमि पथ पर सुचारु दर्शन के लिए की गई सारी व्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। कुछ देर के लिए भीड़ के दबाव और धक्कामुक्की में घायल 103 श्रद्धालुओं को निकालकर अस्पताल पहुंचा गया, जहां कुछ लोगों भर्ती भी कराया गया है। हालात की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद प्रमुख सचिव गृह व डीजी कानून-व्यवस्था के साथ हेलीकाप्टर से अयोध्या पहुंच गए और भीड़ का सर्वे भी किया। दोपहर बाद दर्शन सुचारू हो गया, लेकिन मंदिर परिसर से लेकर सड़कें भीड़ से ठसाठस हैं। अब प्रशासन अयोध्या आ रहे रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने के साथ दर्शन करने वालों को उनके गंतव्य तक लौटाने में भी जुट गया है।

नव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले से ही देशभर से दर्शन के लिए रामभक्त अयोध्या पहुंचने लगे थे। इनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने यहीं पर अपने गुरु आश्रमों, मंदिर, होटल, धर्मशाला, रामकथा पार्क, सरयू घाट और अन्य स्थानों पर डेरा डाल रखा था।

### 103 श्रद्धालु धक्का मुक्की में हुए घायल

ऐसे में मंगलवार को मंदिर खुलने से घंटों पहले लाखों की तादात में लोग हाथ में केशरिया ध्वज लिए जयघोष करते रामपथ जुट गए। सुबह सात बजे दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खुले तो, रस्साकसी शुरू हो गई। भीड़ के दबाव में नियंत्रण के लिए लगाए गए बैरियर और जांच-तलाशी के उपकरण बेमानी साबित हुए। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं का रेला बिना जांच-तलाशी अपने सामान के साथ परिसर पहुंच गया। भीड़ के दबाव के चलते कुछ नीचे गिरे, किसी की चप्पल छूटी तो किसी को दम घुटने और उच्च रक्तचाप की शिकायत हुई। कुल 103 लोगों का उपचार कराया गया। श्रीराम अस्पताल लाए गए 102 में से गंभीर घायल सात लोग माता प्रसाद, विनीत चौहान, प्रिया शुक्ला, विनोद गुप्ता, पथ पवन, मुरली भुजन, प्रमोद को मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया। छह को श्रीराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, सीने में फैक्चर की शिकायत पर जिला अस्पताल में 74 वर्षीय साधु नवाधन पाड़ी निवासी संभलपुर उड़ीसा को उसके साथी शरद ने भर्ती कराया है। श्रीराम अस्पताल के सीएमएस आरके शर्मा ने बताया कि गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया है, बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सुरक्षाबलों की मशक्कत और हल्का बल प्रयोग के बावजूद हालात नियंत्रित न होने पर शीर्ष अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और एटीएस, आरएएफ, एसएसएफ के कमांडो व विभिन्न दस्तों के साथ पैरामिलेट्री फ़ोर्स व करीब आठ हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया। एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार ने संयम की अपील कर श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया। दूसरी पाली का दर्शन शुरू होने के कुछ घंटे बाद व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुचारु कराया जा सका।

रामपथ पर जन्मभूमि पथ से आगे कजियाना तक सड़क की एक पटरी पर कतार लगवाई गई है। इसबीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से दोपहर करीब 3:30 बजे अयोध्या पहुंचे और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के साथ हेलीकाप्टर से भीड़ का सर्वे किया और अफसरों को बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अयोध्या आ रही भीड़ को सीमाओं पर तबतक रोकें, जबतक दर्शन करके भीड़ गंतव्य को रवाना न हो जाए। इसके बाद ग्रीन कारीडोर व बनाए गए हाइवे सील कर दिए गए। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए।

अयोध्या में उमड़ी भीड़



> हड़बड़ाहट में राम भक्त अयोध्या न आएं। करीब 10, 15 दिन बाद आएं और सुगमतापूर्वक रामलला के दर्शन करें। मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए हैं। उस समय इतनी ही भीड़ बाहर और थी।
> **– गौरव दयाल,** मंडलायुक्त

> पहली पाली में भीड़ का दबाव बहुत ज्यादा होने के चलते दिक्कत आई थी। जिसको नियंत्रित करवाया गया है। सुचारु रूप से दर्शन–पूजन चल रहा है। लोग अफवाहों पर कत्तई ध्यान न दें।
> **–राजकरन नय्यर,** एसएसपी

## निर्धारित अवधि से पहले ही मिले रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में दर्शन को लेकर डटी लाखों की भीड़ दोपहर से नियंत्रित दिखी। गर्भगृह में सुरक्षा की कमान खुद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने संभाली। बाहर एडीजी और आईजी समेत हजारों की फोर्स तैनात है। सुरक्षा कर्मी बेहद शालीनता व संयम से उल्लासित भक्तों की मनुहार करते हुए संयमित करने में जुटे हैं।

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया दो बार खुद भक्तों की भीड़ के पास पहुंचे और निवेदन किया कि बैठ जाएं, सभी को रामलला का दर्शन लाभ मिलेगा। स्थिति यह रही कि जन्मभूमि प्रवेश मार्ग पर चौतरफा बैरिकेडिंग होने के बाद भी भक्तों का तांता अनवरत लगा रहा। जिन्हें दर्शन नहीं मिला वह लौटने के बजाए वहीं डटे रहे। इसी बीच 1:15 बजे भक्तों की भीड़ देखते हुए दोपहर दर्शन की निर्धारित अवधि से पहले ही दर्शन सुलभ करा दिए गए।

**मनुहार कर जगाए गए रामलला :** भगवान राम बाल्य स्वरूप में भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। इसलिए पूजा पद्धति में वात्सल्य की भी झलक मिल रही है। मंगलवार सुबह 4.30 बजे उन्हें मंगल आरती और मनुहार के साथ जगाया गया।

## शेयर बाजार धड़ाम, 8 लाख करोड़ की चपत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच बिकवाली से बाजार नीचे आया।

- सेंसेक्स 1,053 अंक टूटा निफ्टी 21,250 से नीचे

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगा मामला

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक (बैरिकेड) तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कांग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को 'नक्सली कार्रवाई' बताया।

युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के एक पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि मैंने डीजीपी को भीड़ को उकसाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। जिस फुटेज को श्रीनिवास ने अपने अकाउंट पर पोस्ट किया है उसे साक्ष्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असम की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। इस तरह के नक्सलवादी हथकंडे हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत हैं। शर्मा ने कहा कि साक्ष्यों में दिखाई दे रहा है कि कैसे राहुल गांधी और कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह भीड़ को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी जनता के सेवक हैं और वे किसी शाही परिवार से ताल्लुक नहीं रखते।



### भीड़ को उकसाने का आरोप

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दिए डीजीपी को निर्देश
- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बैरिकेड तोड़ने का मामला

राहुल गांधी की अगुवाई वाली यात्रा को शहर में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अवरोधक तोड़ दिए। गांधी ने शहर के बाहरी इलाके में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने अवरोधक तोड़े हैं लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। यात्रा को शहर की सीमा में प्रवेश करने से रोकने के लिए दो स्थानों पर अवरोधक लगाए गये थे। पुलिस को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बल प्रयोग भी करना पड़ा।

## सीबीआई ने 60 करोड़ रिश्वत लेने के मामले में दर्ज किया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

- सात रेलवे अधिकारी और एक निजी कंपनी आरोपी

सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला।

## जुआ खेलती मिली पुलिस, एसएसपी ने की लामाचौड़ चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- एसपी सिटी ने चौकी पर मारा छापा, चौकी प्रभारी, हेड कांस्टेबल, 3 कांस्टेबल नपे

**अमृत विचार :** जब रात पहरेदारी का वक्त था तब लामाचौड़ पुलिस चौकी के प्रभारी सुनील गोस्वामी साथी पुलिस कर्मियों के साथ जुआ खेल रहे थे। एसपी सिटी ने आधी रात को चौकी में छापा मारा तो सभी रंगेहाथ पकड़े गए। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सभी को लाइन हाजिर कर दिया है।

आज बुधवार को बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। एसएसपी की ओर से लगातार बैठक कर चौकसी के निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, गणतंत्र दिवस भी करीब है। बीती सोमवार रात एसपी सिटी हरबंस सिंह शहर के निरीक्षण पर निकल गए। रात के करीब 2 बजे चौराहों का निरीक्षण करते वह लामाचौड़ पुलिस चौकी पहुंचे तो चौकी के बाहर सन्नाटा था। अंदर पहुंचे तो चौकी प्रभारी सुनील गोस्वामी, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल शंकर सिंह, धीरज सुगड़ा और चौकी प्रभारी का वाहन चालक सोबन सिंह अंदर जुआ खेल रहे थे। एसपी सिटी को सामने देख सभी के होश उड़ गए। एसपी सिटी ने एसएसपी को उसी समय मौखिक रूप से अवगत कराते हुए मंगलवार को इसकी रिपोर्ट सौंप दी, जिसके बाद एसएसपी ने चौकी प्रभारी, एक हेड कांस्टेबल और 3 कांस्टेबल सहित पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने कहा कि सभी को मुस्तैदी से काम करना होगा। कोताही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने एसपी सिटी को आगे भी इसी तरह की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**जेफरीज का दावा** एक वर्ष के अंदर 5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में उप्र को 2024-25 में 25 हजार करोड़ के टैक्स की उम्मीद

## रामनगरी अयोध्या से पीछे होंगे वेटिकन सिटी और मक्का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्टॉक मार्केट रिसर्च फर्म जेफरीज का दावा है कि अयोध्या धाम श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। वेटिकन सिटी कैथोलिक समुदाय जबकि का सऊदी अरब में मक्का मुस्लिम समुदाय का पवित्र स्थान है। अयोध्या में 5 करोड़ लोगों के आने की संभावना जताई गई है, हालांकि मंदिर खुलते ही पहले दिन छह लाख लोगों के दर्शन से आकलन करें तो, यह आंकड़ा भी छोटा लगता है।



रिपोर्ट के अनुसार स्विटजरलैंड, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूएई आदि ने पर्यटन के बलबूते पर अतुलनीय आर्थिक विकास किया है। अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित श्रेणी की बना दिया है। इसी प्रकार अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत भी इस श्रेणी के देशों में शामिल होने जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था में विकास दर 10 प्रतिशत के पार जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए गए हैं। इससे शहर में नए होटल खुलेंगे और अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### अयोध्या धाम की वार्षिक आय में होगी वृद्धि, बढ़ेगा रोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ अयोध्या धाम की वार्षिक आय में भी वृद्धि होगी। अभी देश में आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी से राज्य को 1200 करोड़ की आय होती है, जहां हर वर्ष 2.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैष्णो देवी में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग जाते हैं, जहां से वहां 500 करोड़ रुपये का टूरिज्म बूस्ट मिलता है। वहीं आगरा ताज महल में 70 लाख लोगों के पहुंचने से 100 करोड़, आगरा फोर्ट में 30 लाख लोगों के माध्यम से 27.5 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। वेटिकन सिटी और मक्का की बात करें तो मक्का में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोग आते हैं, जिससे सऊदी अरब को 12 बिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है, जबकि वेटिकन सिटी में 90 लाख लोग प्रतिवर्ष आते हैं जिनसे 315 मिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है।

### इसलिए बढ़ेंगे पर्यटक

रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है जो 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60 हजार यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में एक हजार कमरे जोड़ने की है। 12 सौ एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना चल रही है।

## सार-संक्षेप

### कमल कनौजिया अध्यक्ष बनाए गए

**भीमताल ।** उत्तराखंड जल संस्थान सविदा श्रमिक संघ कुमाऊं मंडल के भीमताल शाखा के चुनाव सर्वसम्मति संपन्न हुए। इसमें कमल कनौजिया अध्यक्ष बनाए गए। वहीं अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष प्रथम नरेंद्र दानू, उपाध्यक्ष द्वितीय योगेश जोशी, शाखा सचिव अशोक कुमार, शाखा उपमंत्री सुनील जोशी, शाखा उपमंत्री द्वितीय नीरज रावत और कोषाध्यक्ष कमलेश शाह सर्वसम्मति से चुने गए।

### टैक्सी परमिट प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग

**नैनीताल ।** टैक्सी ट्रैवल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज जोशी ने नैनीताल के लिए वाहन परमिट पर लगाए गए प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग की। जोशी ने कहा है कि नैनीताल की टैक्सी व मैक्सी वाहनों में एक मुहर आरटीओ द्वारा लगाई जा रही है कि वाहन परमिट नैनीताल शहर के लिए प्रतिबंधित है जबकि वाहन का परमिट पूरे देश व उत्तराखंड के लिए जारी किया जाता है। उन्होंने नैनीताल शहर में पार्किंग के लिए मेट्रोपोल कार पार्किंग को टैक्सी ट्रैवल्स एसोसिएशन को देने की मांग की है।

### भंडारे के साथ रामायण का परायण



छोटा कैलाश में हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**भीमताल :** भीमताल विकासखंड के अन्तर्गत छोटा कैलाश में संपन्न रामायण का विशाल भंडारे के साथ परायण हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन कर भगवान राम और शिव का स्मरण कर क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर में तैनात तीनों पुजारियों आनंद बल्लभ पलडिया, ललित मोहन पलडिया और हेम चंद्र भट्ट ने विधि विधान से पूजा का प्रारंभ किया। इस दौरान चंपावत, हल्द्वानी, बरेली आदि शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा में प्रतिभाग किया। इस दौरान मोहन पलडिया, अनिल चनौतिया, उमेश पलडिया, सतीश शर्मा, त्रिलोचन पलडिया आदि मौजूद थे।

### नैनीताल के लर्निंग ट्री ग्रुप को सीएम ने दिया प्रमाण पत्र

**नैनीताल :** सरोवर नगरी सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छ बनाये जाने के लिए कार्य कर रही लर्निंग ट्री ग्रुप को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। इधर लर्निंग ट्री ग्रुप की अध्यक्ष व विधायक सरिता आर्य ने संस्था को प्रमाण पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए लोगों से लर्निंग ट्री ग्रुप में जुड़ कर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने की अपील की है। ग्रुप की सचिव व पूर्व पालिका सभासद गजाला कमाल ने बताया कि सरोवर नगरी सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छ बनाये जाने के लिए ग्रुप पिछले 15 सालों से कार्य कर रहा है। बीते दिनों मुख्यमंत्री धामी ने कैंची धाम आगमन पर एक कार्यक्रम में सम्मानित किया।

### ग्राम सभा की खुली बैठक में समस्याओं पर चर्चा




अलचौना की खुली बैठक में बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ लेते ग्रामीण।

**भीमताल :** ग्राम पंचायत अलचौना में खुली बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान पूरन भट्ट की अध्यक्षता में हुआ। जहां बैठक में ग्राम सभा की विभिन्न समस्याओं पर चिंतन किया गया वहीं समर्पण सोसाइटी (सत्यार्थी फाउंडेशन) के लोकेश तिवारी ने बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मंदिरा बुदियाल ने सभी योजनाओं की जानकारी दी। इस बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिता आर्य, खीमराम आर्य, धीरेंद्र अलचौनी, राजेंद्र उप्रेती, नवीन पलड़िया, धन सिंह, दयाकिशन पलड़िया आदि उपस्थित रहे।

### बेतालघाट में लगे स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच



समाजसेवी राहुल अरोरा का बाबा नीब करौरी की फोटो देकर स्वागत करते ग्रामीण।

**नैनीताल :** समाजसेवी राहुल अरोरा के जन्मदिन के मौके पर विकास भवन बेतालघाट में बेतालेश्वर सेवा समिति, तिवारी आई सेंटर नोएडा तथा भेटो पहाड़ चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों समेत स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर मेडिकल कैंप का लाभ उठाया। कैंप में सैकड़ों लोगों के नेत्र परीक्षण के बाद मुफ्त दवाएं तथा मुफ्त चश्मे वितरित किए गए। शिविर का उद्घाटन विधायक सरिता आर्य ने किया। मेडिकल कैंप के बाद बेतालघाट स्पोर्ट्स क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अंत में करीब 3 हजार जरूरतमंदों को मुफ्त कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भेटो पहाड़ चैरिटेबल ट्रस्ट नोएडा के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जादूगर डॉक्टर केसी पांडे ने मैजिक शो किया।

# जनवरी मध्य में 5 फीट नीचे गिरा नैनी झील का जलस्तर

## सूखाताल की उपेक्षा से नैनी झील की हालत खराब, इस वर्ष डेल्टा दिखने के लगाए जा रहे कयास, एक से आधा इंच रोज घट रहा जलस्तर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बीते पांच माह से वर्षा नहीं होने व झील से लगातार जल दोहन होने से नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घट कर 6 फीट 11 इंच पर आ गया है। यानी जनवरी के मध्य में 5 फीट नीचे आ गया है। बीते साल 23 जनवरी को झील का जलस्तर 7 फीट 1 इंच था। नैनी झील का जलस्तर एक से आधा इंच रोज घट रहा है।

अगर यही हालत रही तो इस वर्ष जल्दी ही डेल्टा दिखने के कयास लगाये जा रहे है। हालांकि अभी लोगों में वर्षा व शीतकाल में बर्फबारी होने की उम्मीद है। अच्छी वर्षा व बर्फबारी ही अब झील में संतुलन बना सकती है। प्राकृतिक रूप से नैनी झील वर्षा जल से 60 प्रतिशत व भूमिगत जल से 40 प्रतिशत रिचार्ज होती है। शीतकालीन बर्फबारी व वर्षा के बाद ही भूमिगत जल का संतुलन बना रहता है। बीते तीन वर्षों से नैनीताल में पर्याप्त बर्फबारी हुई और न ही शीतकालीन वर्षा नतीजतन इसका सीधा असर नैनी झील में पड़ा।


जीवनदायिनी नैनी झील का जलस्तर अब तेजी से घटने का कारण पर्याप्त बर्फबारी शीतकालीन वर्षा नहीं होना रहा है। लेकिन इसका मुख्य कारण सूखाताल में अवैध निर्माणों के कारण झील का रिचार्ज नहीं होना भी है। झील 40 प्रतिशत भूमिगत व 60 प्रतिशत वर्षा जल से रिचार्ज होती है।

जिसमें से सर्वाधिक रिचार्ज सूखाताल क्षेत्र के जलागम क्षेत्र से होता है। सूखाताल क्षेत्र में लगातार अवैध निर्माणों व इस क्षेत्र की भारी उपेक्षा के कारण नैनी झील की हालत खराब हुई है।



नैनीताल की लाइफ लाइन नैनी झील। ● अमृत विचार

### नैनी झील बचाने को सूखाताल व कैचमेंट एरिया को पुनर्जीवित करना होगा : रावत



प्रो. अजय रावत।

**नैनीताल :** पर्यावरणविद् प्रो. अजय रावत ने नैनी झील के घटते जल स्तर पर चिंता जताते हुए कहा है कि नैनी झील को बचाने के लिए सूखाताल झील एवं उसके कैचमेंट एरिया को पुनर्जीवित करना होगा। विलुप्त एवं बंद नालियों को खोलना होगा जिससे सूखाताल झील में पानी का रुकाव हो सके व धीरे-धीरे रिस कर नैनी झील में लगातार पानी आए। उन्होंने कहा कि नैनीताल के ग्रीन बेल्ट एरिया के साथ ही शहर में ग्रुप हाउसिंग एवं बहुमंजिला भवनों के निर्माण पर पूर्ण रोक लगायी जाए। साथ ही नैनीताल में सीसी सड़क निर्माण कार्य बंद करने होंगे ताकि वर्षा जल जमीन के भीतर होते हुए नैनी झील में आ सके। उन्होंने बताया कि नैनीताल में पूर्व में 30 जलस्रोत चिन्हित थे जो अब मात्र आठ रह गये हैं जिनमें निर्माण कार्यों के कारण पानी की कमी हुई है। अब भी कदम नहीं उठाये तो नैनी झील का अस्तित्व बचाना मुश्किल होगा।

# भीमताल में सीवर लाइन नहीं होने से भीमताल झील प्रभावित

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भले ही शासन और सरकार ने भीमताल को नगर पंचायत से नगर पालिका बना दिया और उसका पांच साल पूर्व साढ़े तीन किलोमीटर का क्षेत्रफल बढ़ाकर लगभग साढ़े दस किलोमीटर कर दिया हो पर वर्तमान में सीवर लाइन की व्यवस्था नहीं होने से भीमताल झील प्रभावित हो रही है।

लगभग 20 वर्ष पूर्व भीमताल में सीवर लाइन का कार्य किया गया था। उस समय इस सीवर लाइन को कुछ सीमित स्थान पर ही बिछाया गया। इस कारण अभी यहां के लोग मकान बनाते समय और इमारत बनाते समय सेप्टिक टैंक के भरोसे रहते हैं। पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हैंड पंप व अन्य बोरिंग होने से पानी की निकासी अधिकांश क्षेत्रों में की जा रही है। ऐसे में दूषित पानी जहां हैंड पंप और बोरिंग के माध्यम से लोगों के घरों में जा रहा है वहीं प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इन सैप्टिक टैंक के माध्यम से अंडरग्राउंड पानी के रूप में झीलों की प्रभावित कर रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने जल निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भीमताल झील के लिए एक वृहद सीवर लाइन योजना को स्वीकृत करने की मांग की है।

### होटलों से फैल रही अधिक गंदगी

भीमताल की उच्च पहाड़ियों में कई रिसोर्ट होटल हैं। ऐसे में यहां पर सीवर लाइन नहीं होने के कारण और सीवर टैंक के वहां नहीं पहुंचने के कारण यह व्यवस्था और खराब हो जाती है। होटलों से गंदे पानी की निकासी की जाती है जिसके चलते झील प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दूषित हो रही है।

### पीने योग्य नहीं है झील का पानी

गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण विकास संस्थान कटारमल ने 2009 में अपने एक शोध में पाया था कि भीमताल झील का पानी पीने योग्य नहीं है। उस समय संस्थान ने जो भीमताल झील से सैंपल एकत्र किए थे उसमें इल्ट्रीकल कंडक्टिविटी 301 म्यूएस प्रति सेमी मिली थी। जो अधिकतम 300 होनी चाहिए। उस समय बताया गया था कि झील में कूड़ा करकट तथा मल आदि घुलनशील पदार्थ बढ़ गए हैं। तब से न कोई शोध किया गया और न ही झील में इसके पानी को शुद्ध करने के लिए कोई कार्य हुआ।



सीवर लाइन की नितांत आवश्यकता है। झील को लेकर ही सब कुछ है। सीवर लाइन जब हर क्षेत्र में होगी तो झील भी प्रभावित नहीं होगी।
**-हितेन्द्र बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता**



मामले को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी और सीवर लाइन योजना को स्वीकृत कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।
**-दिनेश सांगुड़ी, पूर्व जिला मंत्री भाजपा**



मैंने अपने कार्यकाल में इस ओर विभाग का ध्यान आकृष्ट किया था। अभी भी प्रयास है कि सीवर लाइन की योजना स्वीकृत हो जाए।
**-देवेन्द्र चनौतिया, निर्वतमान चेयरमैन नगर पंचायत**

# पेयजल सचिव अरविंद ह्यांकी आज से भ्रमण पर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सचिव पेयजल, परिवहन, पेयजल, वरिष्ठ स्टाफ आफिसर मुख्य सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी 24 से 28 जनवरी तक नैनीताल जिले में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और ग्रामीण इलाकों का भ्रमण करेंगे।

अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी 24 जनवरी को रात्रि 10:45 बजे ट्रेन के माध्यम से काठगोदाम पहुंचेंगे, 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से नैनीताल क्लब में जिले की गतिमान योजनाओं की समीक्षा व ग्रामीणों इलाकों का भ्रमण कर नैनीताल क्लब में रात्रि विश्राम करेंगे। 27 जनवरी को सुबह 10 बजे भवाली में निर्माणाधीन बस स्टेशन और भीमताल में प्रस्तावित बस स्टेशन का स्थलीय भ्रमण कर राज्य अतिथि गृह काठगोदाम में रात्रि विश्राम कर 28 जनवरी को मध्याह्न 12 बजे काठगोदाम से देहरादून को प्रस्थान करेंगे।



अरविंद सिंह ह्यांकी।

# हल्द्वानी में ठंड ने सात साल का रिकॉर्ड तोड़ा

- हल्द्वानी में मंगलवार को पारा 0.1 डिग्री हुआ दर्ज
- शीतलहर के प्रकोप से थर्राये लोग, जनजीवन प्रभावित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में ठंड ने पिछले सात साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिम से आ रही हवाओं की वजह से ठंड की स्थिति लगातार बनी हुई है।

मंगलवार को हल्द्वानी में न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री था जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री दर्ज किया गया। मैदान इलाके में पहाड़ से ज्यादा ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री था। हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों में पड़ रही ठंड ने पिछले सात का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2017 में 12 जनवरी को हल्द्वानी का न्यूनतम तापमान -0.8 डिग्री था। साल 2021 में एक जनवरी को हल्द्वानी का न्यूनतम तापमान एक डिग्री था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पश्चिम से आ रही हवाओं की वजह से शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। बारिश नहीं होने की वजह से सूखी ठंड पड़ रही है। इधर, मंगलवार को हल्द्वानी में दिन के समय ठंड से थोड़ी राहत रही। दिन में निकली धूप से लोगों को काफी राहत मिली। हालांकि शाम होने के साथ ही कोहरा छाने लगा और ठंड फिर से बढ़ गई।

### पिछले आठ सालों में न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| 18.1.2023 | 2 |
| 02.1.2022 | 3.5 |
| 01.1.2021 | 1.0 |
| 01.1.2020 | 2.4 |
| 04.1.2019 | 1.5 |
| 13.1.2018 | 1.4 |
| 12.1.2017 | (-)0.8 |

(तापमान डिग्री सेल्सियस में)

इन दिनों असमान्य ठंड पड़ रही है। अधिकतम तापमान कम दर्ज हो रहा है और साथ ही न्यूनतम तापमान में भी काफी कमी आ रही है।
**-डॉ. आरके सिंह, मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून**

### नैनीताल में सुबह धूप खिली, दोपहर में हुआ गर्मी का एहसास

**नैनीताल ।** नैनीताल सहित पहाड़ों में मंगलवार को धूप खिलने से मौसम सुहावना बना रहा। दोपहर में तेज गर्मी का एहसास हुआ। इस दौरान नैनीताल की पहाड़ियों में हल्की धुंध भी छाई रही। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र में अधिकतम तापमान 15 तथा न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 55 व न्यूनतम 52 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया।

# कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर कटेगा वेतन

- कोटाबाग में 16 और रामनगर में 6 प्रकरण लंबित

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे की उपस्थिति में समस्त ग्राम विकास कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सोशल ऑडिट की समीक्षा पर वित्तीय वर्ष 2019-20 में विकासखंड कोटाबाग में 16 प्रकरण और रामनगर 6 प्रकरण लंबित पाए गए।

वहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 में विकासखंड कोटाबाग में 84 ओखलकांडा में 17 वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकासखंड भीमताल में 96, हल्द्वानी में 184 कोटाबाग में 110, ओखलकांडा में 79 और रामनगर में 133 लंबित है। इस दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत विकासखंड बेतालघाट, भीमताल, धारी, रामगढ़ और रामनगर की प्रगति कम पाई गई। इस पर एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाने और एक सप्ताह के भीतर प्रगति नहीं आने की दशा में संबंधितों के जनवरी के वेतन पर रोक लगाने के निर्देश सीडीओ ने दिए।

बैठक में परियोजना निदेशक जिला ग्राम में विकास अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी आदि मौजूद थे।



विकास भवन में ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### पंत पाथवे चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू

**नैनीताल :** मल्लीताल पंत पार्क के समीप स्थित चिल्ड्रन पार्क में केन्द्र सरकार की अमृत वन योजना के तहत सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। स्वीकृत 8 लाख 25 हजार की धनराशि से पार्क में लगभग 14 लोहे की बेंच और अन्य प्रकार का सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने फरवरी के पहले सप्ताह तक चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# नर्सिंग कॉलेज को मिलेगा अपना भवन

- शासन ने सिंचाई विभाग को सौंपा निर्माण का जिम्मा
- डीपीआर बनाने का काम शुरू, मोटाहल्दू में बन सकती है बिल्डिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित राजकीय नर्सिंग कॉलेज को अब अपना भवन मिलने वाला है। शासन ने सिंचाई विभाग को निर्माण का जिम्मा सौंप दिया है। विभाग डीपीआर बनाने में जुटा गया है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज के पास वर्तमान में अपना कोई भवन नहीं है। मेडिकल कॉलेज के एक भवन में नर्सिंग की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। वर्तमान में यहां करीब 4 नर्सिंग बैच संचालित हो रहे हैं, जिसमें एक बैच में लगभग 50 से 55 छात्र-छात्राएं हैं। इन छात्रों के पास न तो पढ़ने के लिए पुस्तकालय है और न ही रहने के लिए आवास की सुविधा है। कई बार छात्र-छात्राएं बेहतर सुविधा की मांग को लेकर कॉलेज प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और मंत्री तक को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन सुविधा में कोई सुधार नहीं आया। छात्रों की मांग पर शासन ने कुछ समय पूर्व नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए सिंचाई विभाग को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जाता है कि विभाग नर्सिंग कॉलेज के लिए डीपीआर बनाने में जुट गया है। डीपीआर बनाने के बाद शासन को भेजी जाएगी। जिसके बाद कॉलेज का निर्माण शुरू हो जाएगा। संभावना है कि नर्सिंग कॉलेज मोटाहल्दू स्थित पीएचसी परिसर में बन सकता है। क्योंकि जिस भूमि में पीएचसी है वह राजकीय मेडिकल कॉलेज की भूमि है।




नर्सिंग कॉलेज निर्माण के लिए शासन से आदेश मिले हैं। कॉलेज अधिकारियों से जानकारी जुटाकर डीपीआर तैयार की जा रही है, जो जल्द शासन को भेज दी जाएगी। उसके बाद काम शुरू हो जाएगा।
**- कमल सिंह सजवाण,** अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग

सतर्कता

फैसले के ठीक बाद गणतंत्र दिवस को लेकर भी पूरी की तैयारी, बनभूलपुरा अतिक्रमण पर बुधवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

# बनभूलपुरा पर आज आ सकता है फैसला, शहर में खुफिया अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा अतिक्रमण पर बुधवार यानी 24 जनवरी को सुनवाई होनी है। इसके ठीक बाद गणतंत्र दिवस है और इन दोनों को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसको लेकर सीसीटीवी से शहर की निगरानी करने वाले कंट्रोल रूम को चौकस कर दिया गया। खुफिया के साथ ही पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी निगरानी बढ़ा दी।

बता दें कि बनभूलपुरा में 29 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर बनभूलपुरा में एक बड़ा आंदोलन भी चुका है। मामला पहले हाईकोर्ट में था और हाईकोर्ट ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे। जिसके बाद तमाम लोग फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए थे और सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह मानवीय मुद्दा है और 50 हजार लोगों को रातों रात नहीं हटाया जा सकता है। रेलवे के मुताबिक, जमीन पर 4,365 परिवारों ने अतिक्रमण किया है। अब इस मामले में बुधवार को फिर सुनवाई होनी है। यदि फैसला बनभूलपुरा वासियों के पक्ष में नहीं आता तो पुलिस मशक्कत करनी होगी।

इधर, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस अधिकारियों के साथ 26 जनवरी और रेलवे भूमि व निगम की भूमि पर अतिक्रमण मामले को लेकर बैठक की। उन्होंने हर चप्पे पर कड़ी निगरानी और रात्रि गस्त के सख्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरों से पूरे शहर की निगरानी को बढ़ा दिया गया है। क्षेत्र के प्रभावी लोगों के साथ और पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से बातचीत करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। 26 जनवरी की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।



बनभूलपुरा के लाइन नंबर 17 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर जमा लोग। ● अमृत विचार

**पीपलपानी**



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री कैलाश चन्द्र तिवारी** पूर्व चीफ मार्केटिंग ऑफिसर टीडीसी जी का **स्वर्गवास 13-01-2024 दिन शनिवार** को हो गया है। आत्मा की शांति के लिए **पीपलपानी 24-01-2024 दिन बुधवार** को हमारे निवास स्थान रतनपुर बैलपड़ाव में दिन में 12:00 अबजे होगा।

शोकाकुल परिवार :
**रोहित तिवारी (पुत्र), राजेश तिवारी (पुत्र), राज तिवारी (पौत्र)**

नोट : कृपया उक्त सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

## एक नजर

### दो फरवरी से यूओयू में होंगी परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की शीतकालीन परीक्षाएं 2 फरवरी से शुरू हो रही हैं और 9 मार्च तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की शीतकालीन परीक्षा सत्र में पिछले सालों की तुलना में इस वर्ष सर्वाधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 63 हजार परीक्षार्थियों का नामांकन है। परीक्षा राज्य के 70 परीक्षा केदो पर आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सोमेश कुमार ने कहा की परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी 24 जनवरी से यानी आज से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी के संबंधित परीक्षा की तिथि, समय, पाली, विषय तथा परीक्षा केंद्र भी अंकित है।

### बेस में त्वचा रोग विशेषज्ञ 31 तक अवकाश पर

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में तैनात एकमात्र त्वचा रोग विशेषज्ञ बीते सोमवार से अवकाश पर चले गए हैं। वह 31 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरन केसी 31 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। इसके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस ऐरी 24 जनवरी को अवकाश पर रहेंगे। वहीं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. विनीता निर्खुपा व्यक्तिगत कारणों के चलते 1 फरवरी से 15 फरवरी तक अवकाश पर रहेंगी।

### मोटाहल्दू गेट पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगे

**लालकुआं :** गौला नदी के मोटाहल्दू उपखनिज निकासी गेट पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे लग गए हैं। मंगलवार को गौला खनन मजदूर उत्थान समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी व संरक्षक हेमचंद दुर्गापाल ने फीता काटकर इनका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह वाहन स्वामियों की जीत है, जो कांटे अक्टूबर में लगने चाहिए थे, बड़ी लड़ाई के बाद मिले हैं। इस दौरान सुरेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी, नवीन पाठक, राजू जोशी, मदन उपाध्याय, सुरेश भट्ट, भास्कर भट्ट, मोहन भट्ट मौजूद रहे।

### घर से नाराज होकर गए किशोर को बरामद किया

**भीमताल :** पुलिस ने घर से नाराज होकर गए किशोर को बरामद कर उसके परिजनों को सौंपा। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि 112 में किसी ने सूचना दी थी कि उसका 16 वर्षीय भतीजा घर से स्कूल जाने को कहकर स्कूटी से गया था लेकिन वापस नहीं आया है। गुमशुदा किशोर निवासी गौजाजाली को मय स्कूटी के खुटानी पेट्रोल पम्प से बरामद किया गया।

---

### सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने लगाए हैं पेड पार्किंग के साइन बोर्ड, कॉलेज प्रबंधन ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र, बोर्ड हटाने को कहा

# मेडिकल कॉलेज की जमीन पर नगर निगम का अवैध कब्जा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की जमीन पर नगर निगम ने अवैध कब्जा किया है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के सामने जिस जमीन पर नगर निगम ने पेड पार्किंग के साइन बोर्ड लगाए हैं, वह मेडिकल कॉलेज की है। इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शीघ्र बोर्ड हटाने को कहा है।

हल्द्वानी में मेडिकल कॉलेज की नींव 19 मार्च 1997 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल रोमेश भंडारी ने रखी थी। तब केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एसटीएच से मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट तक की भूमि मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को हस्तांतरित की थी जो वर्तमान तक मेडिकल कॉलेज के पास है। कुछ समय पूर्व नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने रामपुर रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। जिसके तहत एसटीएच के सामने से भी अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद खाली जगह पर नगर निगम ने पेड पार्किंग के साइन बोर्ड लगा दिए। इसकी सूचना जब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को मिली तो उन्होंने मौके पर विभाग के अधिकारियों को भेजकर जमीन नापजोख कराई। जिसमें पाया गया कि नगर निगम ने जिस जमीन पर बोर्ड लगाए हैं वह मेडिकल कॉलेज की है। इस पर कॉलेज प्रबंधन ने बीती 15 जनवरी को नगर आयुक्त को पत्र लिखा है, जिसमें शीघ्र बोर्ड हटाने को कहा है। इस पत्र के साथ निगम को मेडिकल कॉलेज की जमीन के नक्शे और नोटिफिकेशन से संबंधित कागजातों की छायाप्रति भी भेजी गई है।



एसटीएच के सामने लगे पेड पार्किंग के बोर्ड। ● अमृत विचार

#### खाली जमीन पर कब्जेदारों की रहती है नजर

**हल्द्वानी :** मेडिकल कॉलेज की जिस खाली जमीन पर नगर निगम ने बिना अनुमति के पेड पार्किंग बना दी है, उस जमीन पर कब्जेदारों की नजर रहती है। मेडिकल कॉलेज इस भू-भाग को फिलहाल खाली छोड़े हुए है। उसे कुछ भी नया निर्माण करने से पहले वन विभाग की अनुमति लेनी होती है। नगर निगम ने जब यहां अभियान चलाया था तब कई फड़ वालों ने इस जमीन पर कब्जा कर रखा था। बाद में खाली जमीन पर बिना नगर निगम ने ही कब्जा कर लिया है।

> जिस जमीन पर पेड पार्किंग के बोर्ड लगे हैं वह मेडिकल कॉलेज की है। यह जमीन केंद्रीय वन मंत्रालय से हस्तांतरित हुई थी। निगम से शीघ्र बोर्ड हटाने को कहा गया है।
> **- डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

> फिलहाल इस संबंध में जानकारी नहीं है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के पत्र का संज्ञान लिया जाएगा, उसके बाद ही कोई कार्यवाही की जाएगी।
> **- गणेश भट्ट**, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी

### तीन दिन पूर्व देखे गए टस्कर की मौत

**रामनगर:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के अंतर्गत पड़ने वाले उमेदपुर क्षेत्र में एक टस्कर हाथी की मौत हो गई है। तीन दिन पहले आबादी में यह हाथी देखा गया था।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज के अंतर्गत पड़ने वाले उमेदपुर क्षेत्र में आबादी के पास एक टस्कर हाथी के शव मिलने की सूचना पर कॉर्बेट पार्क के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। हाथी के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करने के साथ ही जांच शुरू कर दी। तीन दिन पूर्व यह हाथी उमेदपुर क्षेत्र में ही गन्ने के खेत में आबादी के पास दिखा था। इस हाथी का एक वीडियो सामने आया था जिसमें यह लड़खड़ाता हुआ नजर आ रहा था। प्रथम दृष्टया यह माना जा रहा है कि बीमारी की वजह से हाथी की मौत हुई है।

---

# जिन कॉमर्शियल भवनों में पार्किंग हो, केवल उन्हीं को दी जाए अनुमति

### मंडलायुक्त ने बैठक में नैनीताल व भीमताल को छोड़कर अन्य स्थानों के लिए दिए निर्देश

बैठक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त/अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत ने मंगलवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 21वीं बोर्ड बैठक की। इस मौके पर प्राधिकरण की ओर से संचालित होने वाली विभिन्न विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

बैठक में मंडलायुक्त रावत ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण की ओर से पुनर्निर्माण, आवासीय व कॉमर्शियल मानचित्रों की जो स्वीकृति प्रदान की जाती है, उसी उपयोग के लिए इस्तेमाल की जाए। इसकी नियमित मॉनीटरिंग की जाए। स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप उपयोग नहीं करने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नैनीताल व भीमताल को छोड़कर जिले में कॉमर्शियल भवनों की स्वीकृति तभी दी जाए जब उक्त भवन में पार्किंग सुविधा हो। इस अवसर पर डीएम वंदना, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, ग्राम निदेशक शशि मोहन श्रीवास्तव, जल निगम ईई एके कटारिया, सीएफओ पूजा नेगी, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, रतनेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।


सर्किट हाउस सभागार में बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत, डीएम वंदना व अन्य। ● अमृत विचार

#### इन मुद्दों पर बनी सहमति

1. जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से नैनीताल शहर में विभिन्न स्थानों पर 11 सार्वजनिक शौचालय बनाए गए हैं, इन्हें नगर पालिका को हस्तांतरित करने पर सहमति बनी।
2. नैनीताल निवासी दिनेश चन्द्र सूंठा की ओर से क्लयर माउंट टिफन टॉप स्थित भवन के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव पर विचार विमर्श कर उसी भवन की नींव पर पुनर्निर्माण की अनुमति सभी औपचारिकताएं पूरी कराते हुए वुडन से बनाने की स्वीकृति प्रदान किए जाने की संस्तुति दी गई।
3. सिद्धार्थ साह एब्रीबिल अयारपाटा मल्लीताल विद्यमान दो मंजिला भूतल पर स्टाफ क्वॉटर पुनर्निर्माण के संबंध में स्थलीय निरीक्षण की आख्या के बाद संस्तुति के लिए प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।
4. दिनेश सांगुडी भीमताल महायोजना में उद्योग भू उपयोग के अंतर्गत भूखंड में दुकान एवं रेस्टोरेंट की अनुमति मांगी थी। इस पर स्थलीय निरीक्षण के बाद आख्या के आधार पर पर संस्तुति प्रदान करने की अनुमति दी गई।

### जंगल में धधकी आग पाया काबू

**गरमपानी :** नौघर से सटे जंगल में धधकी आग पर काबू पाने को वन विभाग की टीम ने आखिरकार मोर्चा संभाल लिया है। आरओ मनोज भगत की अगुवाई में वन कर्मियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया। वन कर्मियों ने ग्रामीणों से आग की घटनाओं की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने का आह्वान किया है।

गांवो में सर्दियों में भी जंगल आग की चपेट में आकर राख होते जा रहे हैं। नौघर गांव से सटे जंगल में भीषण आग की घटना से सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का अभियान शुरु किया। बीते दिनों भी जंगल से उठी आग की लपटें आबादी तक पहुंचने से हड़कंप मच गया था। गांव की महिलाओं ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। सोमवार को भी जंगल धधकने की सूचना पर आरओ मनोज भगत मय टीम मौके पर पहुंचे। बगैर समय गंवाए जंगल में लगी आग पर काबू पाने को अभियान शुरु किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। आरओ मनोज भगत ने ग्रामीणों से आग की घटनाओं की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने की अपील की ताकि समय रहते जंगलों को बचाया जा सके। इस दौरान प्रकाश चंद्र, मनोज चंद्र, नितिन पांडे, देवेंद्र बिष्ट, किशन कुमार, जीवन कांडपाल, दयाल बधानी, कैलाश जलाल आदि मौजूद थे।

## नगर निगम के शौचालयों में हो रहा 'जादू-टोना'

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम में नगर निगम ने 17 दुकानदारों के लिए सीढ़ियां तोड़कर शौचालय बनाया था लेकिन किसी ने यहां सिंदूर और गुड़िया लटका दी। गुड़िया को लाल रंग से रंगा गया है। लोग अब शौचालय जाने से डर रहे हैं।

काठगोदाम में नगर निगम ने दुकानें तो बनाईं लेकिन शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया। जब दुकानदारों को दिक्कत हुई तो नगर निगम से शौचालय निर्माण की मांग की। दुकान स्वामियों की मांग के बाद नगर निगम ने सीढ़ी को तोड़कर शौचालय का निर्माण करा दिया। इसके बाद नगर निगम ने यहां पर अपना सामान रख दिया।

10 दिन पूर्व ही शौचालय को खोला गया था और लोगों ने शौचालय का इस्तेमाल करना भी शुरू कर दिया। बीती शुक्रवार की रात को किसी ने यहां पर सिंदूर और गुड़िया लटका दी। गुड़िया को भी लाल रंग में रंगा गया है।

जिस तरह से किस्से और कहानियों में तंत्र-मंत्र के तरीके बताए जाते हैं, उसी तरह के पूरे साधन किए गए हैं। लोगों ने बताया कि शनिवार को वह जब यहां शौचालय में पहुंचे तो यह सब देखकर ही डर गए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि बीती रात एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को भी यहां पर देखा गया था। कई लोग इसे तंत्र विद्या से जोड़कर देख रहे हैं तो कुछ इसे अराजक तत्वों की हरकत बता रहे हैं। फिलहाल शौचालय का इस्तेमाल करने से लोग डर रहे हैं।


शौचालय में लटकाई गई गुड़िया।

#### सनसनी

- 17 दुकानों के व्यापारियों के लिए बना था शौचालय
- शौचालय बनाते ही किसी ने लाल रंग से रंगी गुड़िया टांगी



> यह किसी अराजक तत्व ने किया है। किसी भी तरह की तंत्र विद्या जैसा मामला जुड़ा हुआ नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम सफाई करवा देगा। **-पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

---

## बीमारी से सेना के जवान की मौत, अंतिम विदाई दी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** भारतीय सेना में तैनात बंगाल इंजिनियरिंग के जवान गौरव लटवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। गौरव लटवाल (24) पुत्र बालम सिंह लटवाल निवासी नौंदा कोटाबाग इन दिनों रुड़की में तैनात थे। मंगलवार को जवान गौरव का सीतावनी घाट में सैन्य समान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जवानों ने उन्हें बंदूकों की सलामी दी।

गौरव के बड़े भाई हरेन्द्र अटवाल भी भारतीय सेना में तैनात हैं। बताया कि उनका भाई गौरव साढ़े पांच वर्ष से सेना में सेवा दे रहा था। बीते 1 जनवरी को गौरव की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद दिल्ली आर्मी अस्पताल में भर्ती के बाद जांच कराई। डॉक्टरों की रिर्पोटों में कोई बीमारी नहीं निकली। रविवार को उसकी तबीयत और बिगड़ गई। उपचार के दौरान रात दम तोड़ दिया। गौरव का शव लेकर उसके साथी मंगलवार सुबह गांव पहुंचे तो उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। इस मौके पर कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल, धीरज बिष्ट, निकेश बधानी, नीरज बिष्ट, अजय अधिकारी, विनोद भट्ट, तारा अधिकारी, चंद्रशेखर बुढलाकोटी, राकेश रावत मौजूद थे।


गौरव लटवाल।

# शीशमहल गेट पर ओवरलोड को लेकर चार दिन में दूसरी बार हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला नदी के शीशमहल उपखनिज निकासी गेट पर ओवरलोड को लेकर मंगलवार को भी हंगामा हुआ। 200 से अधिक वाहन गेट में ही फंसे रहे। अब इनकी बुधवार को निकासी की जाएगी। ओवरलोड को लेकर हंगामे की यह पिछले चार दिनों में दूसरी घटना है।

गौला नदी के शीशमहल उपखनिज निकासी गेट पर मंगलवार को वाहन खनन के लिए पहुंचे। 65 क्विंटल भार ले जाने के लिए अनुमन्य वाहन 100 क्विंटल से अधिक उपखनिज ढोने की मांग पर अड़ गए लेकिन वन निगम ने साफ इंकार कर दिया। इससे गुस्साए वाहन स्वामियों ने प्रदर्शन किया। करीब दोपहर 1 बजे तक इक्का दुक्का को छोड़कर कोई भी वाहन नहीं गया। बाद में बामुश्किल वाहन गेट में उपखनिज लेने के लिए गए। फिर वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक उपखनिज लेकर गेट पर पहुंच गए और बाहर जाने की मांग करने लगे। जब वन निगम कर्मचारियों ने रोका तो वाहन स्वामियों ने फिर हंगामा काट दिया। कई घंटे तक हंगामा होता रहा, जिससे नदी में वाहनों की लंबी कतार लग गई।

#### इंदिरा नगर में फंसे 274 वाहन

**हल्द्वानी :** इंदिरा नगर उपखनिज निकासी गेट पर दो ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे शुरू हुए हैं इस वजह से वाहनों के आवागमन में खासी परेशानी हो रही है। समय से निकासी नहीं होने की वजह से 274 से अधिक वाहन नदी में ही फंस गए। गौला खनन संघर्ष समिति के अध्यक्ष पम्मी सैफी ने कहा कि तीन इलेक्ट्रॉनिक कांटों को सही कराया जाए। जो वाहन नदी में फंस गए हैं उनके चालक व परिचालकों को खासी परेशानी होगी। जल्द से जल्द सभी कांटे शुरू किए जाए ताकि खनन सुचारू हो सके।

> गौला नदी के वाहनों में ओवरलोड नहीं होने दिया जाएगा। वाहन स्वामियों ने ओवरलोड को लेकर हंगामा काटा था लेकिन वन निगम ने ओवरलोडिंग नहीं करने दी। यदि कोई वाहन ओवरलोडिंग करता है तो नियमानुसार एक दिन की निकासी बंद की जाएगी। **-धीरेश बिष्ट**, डीएलएम वन विकास निगम हल्द्वानी

> वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं हो और पोर्टल में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही उपखिनज का अभिवहन इसके लिए मॉनीटरिंग की जाएगी। वन टीम को अलर्ट किया गया है, ओवरलोडिंग नहीं होने दी जाएगी। **-चंदन सिंह अधिकारी**, गौला रेंज, वन विभाग हल्द्वानी

### जस्सा गांजा में डंपर की चपेट में आने से बचा बच्चा

**रामनगर।** ग्राम जस्सा गांजा क्षेत्र में काल बनकर डंपर दौड़ रहे हैं। मंगलवार को सुबह राजकीय इंटर कॉलेज के गेट के सामने स्कूल समय पर एक बच्चा डंपर की चपेट में आते-आते बचा। डंपर के आगे पीछे कोई नम्बर प्लेट नहीं थी। ओवरलोड डंपर मौके से भाग गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ अन्य डंपर भी बिना नम्बर प्लेट के चलते हैं मगर परिवहन विभाग इस दिशा में ध्यान नहीं दे रहा है। महिलाओं ने मंगलवार को कुछ देर रोड पर जाम लगाया। इस दौरान ग्राम प्रधान निधि मेहरा, विमला, सपना जोशी, मधु जलाल, अनीता बिष्ट, प्रेमा, कमला आर्या, मंजू आर्या मौजूद रही।


रामनगर में डंपरों को रोकतीं क्षेत्र की महिलाएं। ● अमृत विचार

#### औचक निरीक्षण में प्रशासन ने किए छह डंपर सीज

**रामनगर।** एसडीएम राहुल शाह एवं तहसीलदार कुलदीप पांडे ने कालू सिद्ध गेट में आरबीएम के निकासी को लेकर वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान छह डंपर वाहन रवन्ने में दर्ज रॉयल्टी से अधिक मात्रा में आरबीएम अवैध परिवहन करते पाए गए। जिन्हें तत्काल सीज़ करते हुए चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही परिवहन विभाग द्वारा भी एमवी एक्ट की सुसंगत धारा के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई।

---

हर्ष


### सबसे ज्यादा गढ़वाल में तैनात पुलिस कर्मी होंगे सम्मानित, जीआरपी से सिर्फ एक आरक्षी सपना को मिलेगा पदक

# गणतंत्र दिवस पर 26 पुलिस कर्मियों को मिलेगा पदक, कुमाऊं से सिर्फ नौ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग में बेहतरीन काम करने वालों को इस बार भी गणतंत्र दिवस पर पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग से 26 लोगों को चुना गया है और इस लिस्ट में सिर्फ 9 लोग कुमाऊं से हैं। राज्यपाल कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न और सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न प्रदान करेंगे।

पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के अनुसार सराहनीय सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक चम्पावत के पुलिस उपाधीक्षक विपिन चन्द्र पंत, मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात प्लाटून कमांडर गजपाल सिंह रावत और अपर गुल्मनायक 40वीं हिनी पीएसी हरिद्वार से धनीलाल हैं। उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिह्न के लिए चार लोगों को चयन किया गया है। जिसमें पुलिस मुख्यालय में तैनात निरीक्षक अजय कुमार रावत, रुद्रपुर के यातायात निरीक्षक श्याम लाल, नैनीताल के उप निरीक्षक (एम) गोबिन्द सिंह मेहता व टिहरी गढ़वाल के उप निरीक्षक अर्जुन सिंह हैं। इसी तरह सराहनीय सेवा के लिए सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न के लिए 19 लोगों को चुना गया। जिसमें पीटीसी नरेंद्रनगर से बृज मोहन पन्त, चमोली से निरीक्षक देवेन्द्र सिंह रावत, निरीक्षक एलआईयू कार्यालय देहरादून से सुभाष चन्द्र, 46वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर ऊधमसिंहनगर से दलनायक राकेश बिष्ट, पुलिस दूरसंचार मुख्यालय से उप निरीक्षक बृज मोहन, अल्मोड़ा से उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र कापड़ी, एसडीआरएफ से अपर गुल्मनायक गब्बर सिंह, एफएसएल देहरादून से उप निरीक्षक (एम) सलमान अली, उत्तरकाशी से अपर उप निरीक्षक बिन्देश्वर प्रसाद, आईआरबी द्वितीय देहरादून से अपर गुल्मनायक शिव चरण, आईआरबी प्रथम रामनगर नैनीताल से अपर गुल्मनायक हेमन्त सिंह, चम्पावत से अपर उप निरीक्षक त्रिलोक सिंह, फायर सर्विस चालक बागेश्वर से धन सिंह, नैनीताल से मुख्य आरक्षी संजय कुमार तिलाड़ा, पिथौरागढ़ से मुख्य आरक्षी अनिल कुमार मर्तोलिया, सीआईडी खंड देहरादून से मुख्य आरक्षी प्रदीप कन्नौजिया, सतर्कता सेक्टर देहरादून से मुख्य आरक्षी वाणी बिलास, जीआरपी से आरक्षी सपना नेगी और 31वीं वाहिनी पीएसी से लांस नायक अरविन्द गिरी हैं।


नैनीताल डीएसए में गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास में शामिल पुलिसकर्मी।

#### गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास जारी

**नैनीताल :** गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए पुलिस ने मंगलवार को परेड का पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर सीओ सहित अन्य अधिकारी पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। फ्रंट कमांड कर रहे सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि 24 को फुल ड्रेस परेड की जाएगी। जिसके बाद अगले दिन मैदान की सजावट के बाद गणतंत्र दिवस को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभ्यास में लाइन मेजर राम सिंह, रमेश सिंह, भगवत सिंह समेत अन्य जवान जुटे रहे।

## कुमाऊं में बढ़ी 5 मिलियन यूनिट तक बिजली की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बीते दिनों से जारी ठंड के प्रकोप के चलते कुमाऊं मंडल में करीब 5 मिलियन यूनिट (एमयू) तक बिजली का अधिक उपयोग हो रहा है। जहां पूर्व में 15 से 16 मिलियन यूनिट तक रोजाना बिजली की खपत हो रही थी। वहीं अभी 21 मिलियन यूनिट तक बिजली का उपयोग किया जा रहा है।

दिसंबर माह के अंत तक तक कुमाऊं मंडल में 5 एमयू तक बिजली की खपत बढ़ गई। इधर ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि सर्दियों के मौसम के चलते बिजली की मांग अधिक रहती है। जरूरत के मुताबिक ऊर्जा निगम बिजली उपलब्ध करा रहा है।

#### नहीं मिल रही बिजली कटौती से राहत

**हल्द्वानी।** बीते दिनों से जारी ऊर्जा निगम की ओर से बिजली कटौती जारी है। इनमें ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी हिस्सों में नियमित कई घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में सड़क चौड़ीकरण व लाइन की मरम्मत के चलते पूर्व में 8 घंटे तक बिजली कटौती की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा था वहीं शहरी इलाकों की बात करें तो कई दिनों से 4 से 5 घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### आइफुक्टो के सदस्य बने डॉ. भूपेन



**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. भूपेन सिंह को ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी टीचर्स ऑर्गनाइजेशन्स (आइफुक्टो) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। कानपुर विश्विद्यालय में संपन्न हुए फेडरेशन के 33वें राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें सदस्य चुना गया। सम्मेलन में देशभर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के 700 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी की। डॉ. भूपेन सिंह ने बताया कि सम्मेलन के दौरान पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, संविदा पर रखे शिक्षकों को नियमित करने और शिक्षा पर बजट का कम से कम 6 फीसदी खर्च करने की बात भी उठी।

### व्यापार मंडल के जिला प्रभारियों की घोषणा

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा व प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने 19 जनपदों के जिला प्रभारियों की घोषणा कर दी है। जारी सूची में शंकर लाल वर्मा पिथौरागढ़, महेश जोशी चंपावत, पवन कुमार जोशी बागेश्वर, हरीश सोनी अल्मोड़ा, किशन चंद्र गुर्रानी रानीखेत, गुलशन छाबड़ा नैनीताल, अनिल अग्रवाल ऊधमसिंह नगर, अशोक छाबड़ा काशीपुर, प्रमोद गोयल रुड़की, विजय शर्मा हरिद्वार, अब्दुल अतीक ऋषिकेश, संजय गर्ग पौड़ी, कृष्ण कुमार सिंघल टिहरी, दिनेश डोभाल यमुनाघाटी, उपेंद्र असवाल उत्तरकाशी, राकेश कुमार डिमरी श्रीनगर, दिगपाल सिंह नेगी रुद्रप्रयाग, माधव प्रसाद सेमवाल चमोली और राजेश बंसल को देहरादून जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। उन्होंने सभी जिला प्रभारियों से संगठन को मजबूत बनाने और वर्ष में दो बार कार्यकारिणी की बैठक आवश्यक रूप से कराने को कहा है।


विद्यालय की छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

### शिक्षक मंच के कैलेंडर में छोई की दो छात्राओं को मिला स्थान

**रामनगर :** कला शिक्षक मंच, हरिद्वार के नए साल के कलेंडर में राइंका छोई की दो छात्राओं के चित्रों को स्थान मिला है। बता दें कि कैलेंडर का विमोचन 20 जनवरी को शिक्षा निदेशालय नानूर खेड़ा देहरादून में निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) उत्तराखंड देहरादून ने किया। राजकीय इंटर कॉलेज छोई, रामनगर के कलाध्यापक अमरजीत सिंह चौधरी ने बताया कि पूरे प्रदेश से लगभग 150 से ज्यादा चित्रों में से बेहतरीन 36 चित्रों को ही चुनकर कैलेंडर में प्रकाशित किया गया है। इसमें राजकीय इंटर कॉलेज छोई रामनगर की कक्षा 10 की छात्रा शालू सैनी और कशक बिष्ट के चित्रों को कैलेंडर में जुलाई के पृष्ठ पर स्थान दिया गया है। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र जोशी, उमेश चंद्र, बसंत सिंह, डॉ. रमेश सत्यवली, वीरेंद्र सारस्वत, नवीन चंद जोशी, कंचन जोशी, रेणु विद्यार्थी, शिवाकांत शुक्ला ने शिक्षक और छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### शहर से हटाएं सरकारी कार्यालय और रोडवेज स्टेशन

**हल्द्वानी :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में शहर के मध्य स्थित डीएम, प्रशासन व पुलिस कार्यालय सहित रोडवेज स्टेशन को बाहर करने की मांग उठी। केंद्रीय संयोजक डॉ. धर्म यादव व प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर में जाम लगने की जिला प्रशासन ने जो बातें बताई हैं वह सभी निराधार और बेबुनियादी हैं। नगर निगम ने सरकारी संपत्ति को आनन–फानन में तोड़ दिया। अब बिना किसी प्रक्रिया के नवनिर्माण कराया जा रहा है सरकारी धन का दुरुपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि शीघ्र इन मुद्दों से प्रधानमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जायेगा। कहा कि संगठन पदाधिकारी जाम के सही कारणों से उच्च न्यायालय को अवगत कराएंगे। इसके लिए एक जनहित याचिका दायर की जाएगी। बैठक में सुभाष मोंगा, राजेंद्र फर्सवान, राजीव अग्रवाल, पूरन लाल साह, डॉ. राकेश गुप्ता, प्रमोद गोल्डी, पीयूष गोयल, राजीव वर्मा, गौरव अग्रवाल, देवेंद्र कोहली, चमन गुप्ता आदि रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के स्वागत की तैयारियों में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

## नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बैठक की, प्रत्येक विधानसभा से कार्यकर्ताओं का लक्ष्य किया गया निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


रिया पैलेस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 28 जनवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नैनीताल जनपद से पांच हजार कार्यकर्ताओं को जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के निवास पर कांग्रेस की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे पहली बार उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करेंगे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे। यह उत्तराखंड कांग्रेस के लिए गर्व का अवसर है इसलिए हम सभी को इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में जुट जाना चाहिए।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि एक ओर महंगाई, बेरोजारी, भ्रष्टाचार, बदतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, पलायन जैसी ज्वलंत समस्याओं से त्रस्त है। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का दौरा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करेगा। इस अवसर पर तय हुआ कि नैनीताल जिले से पांच हजार कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में देहरादून जाने पर सहमति बनी।

इसी के साथ ही विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्य, महेश शर्मा, तारा नेगी, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, देवेंद्र सिंह चनौतिया, हरेंद्र बोरा, नंदन दुर्गापाल ने देहरादून सम्मेलन में जाने वाले कार्यकर्ताओं की संख्या बताई। इस दौरान सतीश नैनवाल, गोविंद बिष्ट, दीपक बल्यूटिया, राजेंद्र बिष्ट रज्जी, गजेंद्र बोरा, कुंदन नयाल आदि मौजूद रहे।

# यातायात जागरुकता का संदेश लेकर निकली पुलिस की रैली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरुकता रैली को रवाना करते एसएसपी मीणा।

**अमृत विचार :** 34वें सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को भारी पुलिस बल रैली के रूप में जनता को जागरुक करने निकला। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने हल्द्वानी कोतवाली से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान शहर के विभिन्न चौराहों पर जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 15 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। यातायात जागरूकता रैली में सीपीयू, यातायात, पेट्रोल कार, हल्द्वानी सर्किल के थाने, 112 वाहन और चीता मोबाइल पर सवार पुलिस कर्मी यातायात जागरुकता संदेश लेकर निकले। रैली का समापन हाईडिल गेट पर किया गया। रैली से पूर्व एसएसपी ने स्थानीय लोगों को ट्रैफिक वॉलंटियर को संबोधित किया। जिसके बाद शहर में 19 मुख्य चौराहों पर पुलिस टीमों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। वाहन चालकों, स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और इससे संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। रैली कार्यक्रम में एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ लालकुआं संगीता, टीआई राकेश माहरा, सीपीयू प्रभारी जगदीश राम कोहली आदि थे।

## डीके स्पोर्ट्स ने किया फाइनल में प्रवेश

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** द्वितीय वीर शहीद हरक सिंह स्मृति अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल डीके स्पोर्ट्स एकेडमी और रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। टीम के लिए हार्दिक ने नाबाद 128 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 34.2 ओवर में 142 रन पर ही सिमट गई। डीके स्पोर्ट्स एकेडमी ने इस मैच को 115 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक राज बिष्ट को चुना गया। इस मौके पर नरेंद्र मेहरा, नायाब अंसारी, कमलेश जोशी, विनय जोशी, हेमंत जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बिजली विभाग का सबसे बड़ा कर्जदार नगर निगम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सरकारी विभागों का ऊर्जा निगम पर वर्तमान में 5 करोड़ 19 लाख 21 हजार रुपये के बिजली बिल की बकाएदारी है। लेकिन ऊर्जा निगम इन विभागों को केवल नोटिस की कार्रवाई तक ही सीमित है। वहीं आम बिजली उपभोक्ताओं का 5 हजार रुपये की भी बकाएदारी रहती है तो ऊर्जा निगम के कर्मचारी संबंधित बकाएदार के बिजली कनेक्शन काटने पर जरा भी गुरहेज नहीं करते है। लेकिन इधर सरकारी विभागों पर करोड़ों रुपये की बकाएदारी है, लेकिन सिर्फ नोटिस देकर ही काम चलाया जा रहा है।


शहर में स्थित सरकारी कार्यालय बिजली का उपयोग जमकर करते हैं। लेकिन जब बिजली के बिल जमा करने होते हैं तो कई माह के बिजली के बिल के भुगतान रोक देते है कुछ सरकारी विभाग कई सालों से बिजली के बिल नहीं जमा किए हुए है। इसमें 8 सरकारी विभागों पर बिजली के बिल के बकाएदारी हैं, जिन्हे ऊर्जा निगम ने नोटिस जारी कर दी है।

बकाएदारी की बात करे तो इन कुल विभागों पर ऊर्जा निगम का 5 करोड़ 19 लाख 21 हजार रुपये बिजली के बिल की बकाएदारी है। इसमें पहले नंबर पर नगर निगम पर साढ़े चार करोड़ रुपये की बकाएदारी है। बेस अस्पताल पर 21 लाख और पुलिस विभाग पर 20 लाख से ज्यादा का बिजली बिल की बकाएदारी है। इधर बिजली विभाग ईई दिनेश कुमार ने बताया कि बकाएदारी वसूली के लिए विभागो को नोटिस दी जा चुका है। आने वाले दिनों में बकाएदारी की वसूली में तेजी लाई जाएगी।

# नगर निगम के सामने पालतू गायें बनीं समस्या

**हालात**
- लावारिस गोवंशीय को पकड़ने के अभियान में आ रहीं बाधाएं
- मालिक गायों को छुड़ाने पहुंच रहे नगर निगम

संवाददाता, हल्द्वानी


नैनीताल रोड पर घूमते गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम इन दिनों लावारिस गोवंशीय पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाए हुए है। जिसके तहत करीब 600 गोवंशीय पशुओं को गौशालाओं में भेजा गया है। अब नगर निगम के सामने दिक्कत पालतू गाय बन रहीं हैं। कुछ लोग अपनी पालतू गाय को सड़क पर खुलेआम छोड़ दे रहे हैं। नगर निगम इन्हें पकड़कर गौशाला भेज रहा है। बाद में गाय को वापस पाने के लिए मालिक नगर निगम पहुंच रहे हैं।

विगत अक्तूबर से नगर निगम शहर में घूम रहे लावारिस गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने का काम काम कर रहा है। इन दिनों शीशमहल में अस्थाई गौशाला बनाई गई है जहां पर 200 गोवंशीय पशुओं को रखने की क्षमता है। फिलहाल 50 गोवंशीय पशुओं को यहां भेजा जा चुका है। नगर निगम को सड़क पर घूम रहे गोवंशीय पशुओं को पकड़ने का फरमान मिला हुआ है। इधर कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपनी पालतू गायों को दिन में सड़क पर छोड़ दे रहे हैं। जिस वजह से नगर निगम कभी-कभी इन्हें पकड़कर भी गौशाला भेज रहा है। बाद में जब गाय के मालिक को इसका पता चल रहा है तो वह नगर निगम के पास अपनी गाय को वापस पाने के लिए निवेदन करने पहुंच रहे हैं।

नगर निगम के अधिकारियों की मानें तो पालतू गायों को खुले में छोड़ने की वजह से लावारिस गोवंशीय पशुओं को पकड़ने का अभियान धीमा हो रहा है।

> कुछ लोग पालतू गाय भी सड़क पर दिन के समय छोड़ देते हैं। हमें उन्हें भी पकड़कर गौशाला में भेजना पड़ रहा है। लोगों से अपील है कि अपनी पालतू गाय को सड़क पर खुलेआम न छोड़ें। –**डॉ. मनोज कांडपाल**, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी, हल्द्वानी

**चालान भी काटे**

**हल्द्वानी :** नगर निगम ने लोगों को सख्त निर्देश दिए हैं कि पालतू गायों को खुले में न छोड़ें। इसके बावजूद कुछ लोग नहीं मान रहे हैं। जिस वजह से कुछ लोगों के चालान भी काटे गए हैं।

## जल को बचाना प्राथमिकता हो

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** यूओयू में 'एडवांस मल्टिवेरिएंट एनालिसिस इन वॉटर क्वालिटी ऐसेमेंट एवं मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला शुरू हो गई। कार्यशाला का उद्देश्य जल की आवश्यकता और उसकी गुणवत्ता की जांच रहा।

विवि के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने कहा कि जल को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होना चाहिए। परिषद के डायरेक्टर जनरल डॉ. दुर्गेश पंत ने कहा कि जल की गुणवत्ता को बनाने में हम सबको योगदान देना चाहिए। एसएसजे विवि अल्मोड़ा के कुलपति और मुख्य अतिथि प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि मल्टिवेरिएंट एनालिसिस जल की गुणवत्ता विश्लेषण एवं प्रबंधन की लिए जरूरी तकनीक है। उत्तराखंड राज्य जैव प्रौद्योगिकी परिषद पंतनगर के निदेशक प्रो. सजल कुमार ने भी विचार रखे।

**मौसम की मार** | पाले से फसल खराब व मूल्य निर्धारित नहीं होने से किसानों को हुआ नुकसान

# टमाटर के रेट बढ़े, किसानों को फिर भी घाटा

संवाददाता, हल्द्वानी


खेतों में सूखी पड़ी टमाटर की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** टमाटर के रेट बढ़े लेकिन इसके बाद भी किसान घाटे में हैं। किसानों की फसल पाले के कारण खराब हुई व टमाटर के दाम निर्धारित नहीं होने से भी उन्हें लाभ नहीं हुआ।

चोरगलिया के किसान हेम बजेठा कहते हैं कि इस बार रेट सही हैं लेकिन पाले से फसल को नुकसान हुआ, ज्यादातर पौधे जल व काले पड़ गए। सिंचाई, दवा आदि डाल दी लेकिन उत्पादन फिर भी नहीं बढ़ा। उन्होंने कहा कि इस बार टमाटर की फसल जनवरी में ही खराब हो गई। चोरगलिया के किसान मोहन बजेठा बताते हैं कि पिछले साल ज्यादातर लोगों ने टमाटर लगाई, जिससे उत्पादन बढ़ गया लेकिन रेट नहीं मिले। इस बार कम लोगों ने टमाटर लगाई, रेट भी ठीक हैं लेकिन पाले से पौधे सूख गए। गौलापार के किसान दिनेश फुलारा बताते हैं कि टमाटर के रेट बढ़ने का किसानों को कोई लाभ नहीं हुआ। उत्पादन कम होने से रेट और अधिक होने चाहिए थे। उनके मुताबिक, मजदूरी, डीजल, खाद आदि सभी के दाम बढ़ गए लेकिन टमाटर आज भी पुराने भाव में बिक रहा है। उन्होंने कहा कि गौलापार में टमाटर के किसान पिछले दो साल से नुकसान झेल रहे हैं। 2021 में अक्टूबर में आई आपदा से क्षेत्र में फसल नष्ट हो गई थी, जबकि पिछले साल रेट नहीं मिले।

किसान कमल शर्मा ने कहा कि सितंबर से नवंबर तक मेहनत करने के बाद दिसंबर से मार्च तक टमाटर चलता है लेकिन इस बार जनवरी में ही ज्यादातर टमाटर बिक गया। उन्होंने बताया कि टमाटर के दाम प्रतिदिन बदलते रहने से किसानों को फायदा नहीं हुआ।

**बोले किसान**

> इस बार टमाटर के रेट बढ़े लेकिन उत्पादन प्रभावित रहा, जिससे किसानों को लागत की तुलना में मुनाफा नहीं हुआ। – **राकेश महतोलिया**, किसान

> कभी मंडी जाने में सड़कों पर जाम लग जाता था लेकिन लागत तक नहीं निकलने से लोग खेती से दूर होते जा रहे हैं। – **हेम बजेठा**, किसान


## ताइक्वांडो में ऋषभ ने जीता स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** हरिद्वार में आयोजित खेल महाकुंभ में ताइक्वांडो खिलाड़ी ऋषभ मेहरा ने स्वर्ण पदक जीता है। लामाचौड़ निवासी ऋषभ ने खेल महाकुंभ में 80 किलो कम भार वर्ग ताइक्वांडो में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488





## सार-संक्षेप

### गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे कृषक आनंद



**भीमताल :** इस बार गणतंत्र दिवस में अल्चौना के प्रगतिशील कृषक आनंद मणि भट्ट को शामिल होने का निमंत्रण मिला है। इससे पूर्व भट्ट को 15 अगस्त में भी शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र मिला था। कृषक आनन्द मणि भट्ट अपने नए-नए प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं, जिनके द्वारा पूर्व में काला आलू, बेल वाली बीन जो एक पौधे से लगभग 8,10 किलो बीन पैदा होती है। हाल ही में कलर गोभी के अलावा ही पांच फीट से अधिक लंबी लौकी का सफल प्रयोग किया है।



दीपाली पाठक को सम्मानित करते भागीरथी फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### मेधावी छात्रा दीपाली पाठक को सम्मानित किया

**भीमताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भीमताल की बेटी दीपाली पाठक ने तीन मेडल हासिल किए हैं। इस पर भागीरथी फाउंडेशन भीमताल ने भीमताल में उनके आवास में पहुंचकर दीपाली को सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज भट्ट, रवि कुमार, आशीष पाठक, शिप्रा जोशी आदि उपस्थित थे।

### चालकों के लिए लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

**लालकुआं :** सड़क सुरक्षा माह के तहत डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं की अध्यक्षता में पुलिस चौकी हल्दूचौड़ परिसर में वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. गणेश शंकर पटेल (आई सर्जन), डॉ. लव पांडे (फिजिशियन) ने डंपर चालकों, टैक्सी चालकों, टेंपो चालकों, टुकटुक चालकों, ट्रक चालकों आदि का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

### 200 मरीजों को नेत्र परामर्श, दवाइयां भी बांटीं

**नैनीताल :** नयना ज्योति समिति की ओर से आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में लगभग 200 मरीजों को नेत्र परामर्श दिया गया। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में डॉ. विनोद तिवारी के साथ डॉ. प्रवीण मोंगरे, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. नवीन शर्मा ने मरीजों को परामर्श दिया। टेक्नीशियन की टीम में प्रकाश मेहरा, राहुल, प्रियंका, कुलसुम, महिमा आदि ने सहयोग दिया। अध्यक्ष डॉ. जीपी साह के नेतृत्व में इस बार इस शिविर को सफल बनाने में महेश लाल साह, राजीव लोचन साह, विनोद पांडे, अरुण रौतेला, दीप पंत, विनीता यशस्वी, आनंद जोशी, सुरेश खोलिया आदि का सहयोग रहा।

### एमबीपीजी कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को रक्तदान शिविर लगाया। एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर में एक दर्जन से ज्यादा युवाओं ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने कहा कि युवाओं को रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

### भूमिया मंदिर पंपापुरी में राम दरबार स्थापित

**रामनगर :** पंपापुरी क्षेत्र में मातृ शक्ति के आह्वान पर राम दरबार मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम रखा गया। पंपापुरी मन्दिर में क्षेत्रवासियों ने पूजा अर्चना करने के साथ ही राम दरबार की स्थापना की। कार्यक्रम में निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल, सुरेन्द्र सिंह गुसाई, गणेश रावत, शुभाष ध्यानी, नरेंद्र सिंह रावत, शंकर दत्त बोड़ाई, प्रमोद उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, दिनेश सिंह मनराल मौजूद रहे।

### 109 छात्रों का किया नेत्र परीक्षण

**कालाढूंगी :** कोटाबाग ब्लॉक के राउप्रावि नौदा में स्वास्थ्य विभाग ने छात्रों का नेत्र परीक्षण किया। कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ दृष्टि मितिज्ञ धमेन्द्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को स्कूल के 109 छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच में 6 छात्रों की आंखों की दृष्टि कमजोर पाई गई। इस दौरान हेमंत कुमार वर्मा, दीपक गिरी, विजय कुमार, लीला देवी मौजूद रहे।

# जल संस्थान और पेयजल योजनाओं के निजीकरण के विरोध में दिया धरना

## कर्मचारियों ने सरकार के सौतेले व्यवहार का विरोध किया, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जल निगम, जल संस्थान संयुक्त मोर्चो के तत्वाधान में निजीकरण के विरोध में मंगलवार को दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया गया। जल निगम के कार्यालय में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ जल निगम, हल्द्वानी के अध्यक्ष जगदीप सिंह राणा व संचालन संजय जोशी व शीतल साह ने की। कर्मचारियों ने सरकार व शासन के सौतेले व्यवहार का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित पेयजल व सीवरेज कार्यों को उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी के हाथों में सौपा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिन कार्यों को जल निगम व जल संस्थान कराता आ रहा है, उसे एशियन डेवलप्मेंट बैंक से कराने के पीछे की मंशा केवल पेयजल सेक्टर का निजीकरण करने की हैं। जिसके विरोध में 20 से 31 जनवरी 2024 तक चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है।

इस दौरान हीरा कनवाल, उर्मिला देवी, दीपा जोशी, ओमवती, रचना, अमिता नेगी, केके बुधानी, नवीन भट्ट, यतेन्द्र सिंह रावत, ललित प्रसाद, हेमन्त भट्ट, भुवन चन्द्र पाण्डे, भीम सिंह, हरीश चन्द्र तिवारी, कमला लोहनी, दिनेश पाण्डे, पूरन चन्द्र बेलवाल, निधि जोशी, गीता बिष्ट, चन्द्रकला आर्य, चन्द्रबाला, सुनीता दुर्गापाल, आलोक कुमार, अर्पिता जोशी, लक्षिता, देवेन्द्र, संदीप, निखिल, दीप चन्द्र आदि उपस्थित रहे।



जल निगम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते जल निगम व जल संस्थान के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### नैनीताल में भी कर्मचारियों ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

**नैनीताल, अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा जल संस्थान और पेयजल योजनाओं को एडीबी समेत निजी संस्थाओं को देने के फैसले का अब कर्मचारी विरोध करने लगे हैं। मंगलवार को नैनीताल जल संस्थान कार्यालय में कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे मोर्चे के उपाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि सरकार मनमाने ढंग से सरकारी कार्य को निजी संस्था के हाथों में देने जा रही है। अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो कर्मचारी प्रदेश भर में उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान अधिशासी अभियंता विपिन चौहान, सहायक अभियंता डीएस बिष्ट, त्रिवेन्द्र जोशी, विनय चौधरी, ललित राठौर, प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार साह, सचिव किशन सिंह बिष्ट, राजेन्द्र प्रसाद, कमल नेगी, अशोक भट्ट, राजेन्द्र सिंह ढगुना, इन्दिरा गोस्वामी, दीपा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### बीसीसी सौड ने जाख इलेवन को हराया

**गरमपानी :** शहीद खेम चंद्र डौर्बी क्रिकेट चैंपियनशिप के आठवें संस्करण का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन मुकाबले में बीसीसी सौड की टीम ने जाख इलेवन की टीम को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हरा दिया। विजेता टीम के विजय मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में अमेल स्टार्स की टीम ने शानदार जीत दर्ज की।

रतौडा. स्थित खेल मैदान में शहीद खेम चंद्र डौर्बी क्रिकेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ शहीद की विरांगना पत्नी प्रेमा डौर्बी व माता भावना देवी, पिता लीलाधर व भाई रंजन डौर्बी ने संयुक्त रुप से किया। शहीद खेम चंद्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल मैदान पर खेल भावना का परिचय देने का आह्वान किया। चैम्पियनशिप का उद्घाटन मुकाबला बीसीसी सौड व जाख इलेवन के मध्य खेला गया। जाख की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया।

सौड की टीम के बल्लेबाजों ने निर्धारित दस ओवर में अपनी टीके लिए 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाख इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 106 रन ही बना सकी। सौड की टीम ने महज चार से मुकाबला जीत लिया। विजय मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरा मुकाबला अमेल व छियोडी.की टीम के बीच खेला गया।

# परीक्षा पर चर्चा विषय को विद्यार्थियों ने चित्रों में उकेरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा के तहत अंतर्विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी हुई। साथ ही सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई। केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी जिला स्तर पर प्रतियोगिता का नोडल केंद्र था।

कार्यक्रम की शुरूआत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। पराक्रम दिवस के अवसर पर शिक्षिका रवि प्रभा जोशी ने सुभाष चंद्र बोस के शौर्य व पराक्रम का वर्णन किया। इसके बाद हुई प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा पर चर्चा-2024 के 27 मंत्रों को चित्रकला प्रदर्शनी का शीर्षक बनाया गया। बाद चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। निर्णायक मंडल के सदस्यों में सेक्रेड हार्ट स्कूल से नेहा पॉल, बियरशिवा स्कूल से निशि वर्मा और प्रसिद्ध चित्रकार जगदीश पांडे रहे। विजेताओं में यूनिवर्सल कॉन्वेंट की छाया बिष्ट, केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी की अनन्या सिंह, डीएवी की आरोही पंत, एसकेएम स्कूल की कशिश सैफी और क्वींस पब्लिक स्कूल की प्रियांशी बोरा विजेता रहीं। इस दौरान प्राचार्य कमला निखुर्पा, पूर्णिमा कार्की, पारुल, स्वाति बिष्ट, पारुल, स्वाति बिष्ट, डॉ. मंजुल मठपाल, डॉ. विभा तिवारी, अंजू सिंह, पीयूष तिवारी मौजूद रहे।



केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।



राइका ढेला में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम करते बच्चे। ● अमृत विचार

### मतदाता जागरूकता चित्रकला प्रदर्शनी लगाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सुभाष नगर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। आयोजन स्थल बोस पार्क में स्कूल के बच्चों ने मतदाता जाकरूता को लेकर चित्रकला प्रदर्शनी की। मुख्य अतिथि विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि देश की आजादी के लिए नेताजी ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संस्थापक दीप चंद्र पाठक, अध्यक्ष लवेंद्र सिंह चिलवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल, नरेंद्र जीत सिंह, नगर विकास अधिकारी सुरेश अधिकारी, सुरेश भट्ट, दीपा बिष्ट, गिरीश चंद्र उप्रेती, रमा जोशी आदि थे।

### कदम-कदम बढ़ाए जा... गीत ने मन मोहा

**रामनगर, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में 127 वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात प्रार्थना सभा में आजाद हिंद फौज का कदम ताल गीत कदम कदम बढ़ाए जा... आकांक्षा सुंदरियाल, खुशी बिष्ट, मानसी करगेती की टीम ने गाया। बच्चों द्वारा कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में नेताजी का चित्र बनाया गया। इसमें रितिका जीना, दीक्षा करायत, करीना राय, वैशाली नेगी ने बाजी मारी। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, प्रदीप शर्मा, सीपी खाती, सुभाष गोला, जया बाफिला, शैलेंद्र भट्ट, संत सिंह मौजूद रहे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में प्राचार्य एमसी पांडे ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि उनके सपनों का भारत बनाने के लिए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। इस दौरान डॉ. डीएन जोशी मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**कालाढूंगी :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर कांग्रेस नेता संतोष पांडे ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पूरन भट्ट, हरीश जोशी, ओम प्रकाश पांडे, मोहन पांडे, गिरीश जोशी, हरीश पांडे, सागर जोशी आदि मौजूद रहे।

# हम कथा सुनाते हैं राम सकल...

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** राम लला महोत्सव समिति द्वारा आयोजित राम लला महोत्सव के चौथे दिन दिल्ली से पधारे वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने रंगमंच पर श्री रामलीला का शानदार मंचन किया।

पुरानी तहसील पर आयोजित रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने राम जन्म, विश्वामित्र द्वारा लक्ष्मण को मांगना और फिर तड़का वध का सुंदर मंचन किया। लवकुश का रामदरबार में गाया- हम कथा सुनाते हैं राम सकल गुणधाम की, यह रामायण है पुण्य कथाश्री राम की... गीत सुनाकर भाव विभोर कर दिया।

मंगलवार होने के कारण वैष्णवी कला मंच ने पवनसुत हनुमान के पांच अलग अलग स्वरूपों के दर्शन भी लोगों को कराए। इस दौरान ऋषि अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शलभ मित्तल, अतुल मेहरोत्रा, प्रवीण गुप्ता सुलभ बंसल उमेश अग्रवाल, दीपक कोठीवाल, कमल किशोर, दीपक अग्रवाल, विनय जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, देवकीनंदन अग्रवाल, अक्षत मित्तल, आशीष अग्रवाल, राजन अग्रवाल, राजीव मित्तल, अनुज हुंडी वाल, राकेश नैनवाल, भाजपा नगर अद्यक्ष मदन जोशी मौजूद रहे।



राम कथा सुनाते लव कुश के पात्र। ● अमृत विचार



रामनगर में दर्शकों से भरा पंडाल। ● अमृत विचार

### आज आएंगे भजन सम्राट किशन भगत

उज्जैन के भजन सम्राट किशन भगत श्री राम के भजनों की अमृत वाणी की वर्षा बुधवार को पुरानी तहसील पर करेंगे। बता दें कि मंगलवार को ही किशन भगत का कार्यक्रम निर्धारित था। आयोजक मंडल के सलभ मित्तल व विकास भगत ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से किशन भगत का मंगलवार को आना स्थगित हो गया। इस कारण इस महोत्सव को एक दिन के लिए बढ़ाया गया है अब बुधवार को रात्रि सात बजे भजन संध्या में वह श्रद्धालुओं को अपनी अमृतवाणी का रसपान कराएंगे।

### चिड़ियाघर रोड पर गड्ढों से परेशानी

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते लंबे समय से चिड़ियाघर रोड के खस्ताहाल हुए हैं। इन दिनों बारिश के दौरान सड़क में गड्ढे उभर गए हैं जो दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इधर कई बार कई दोपहिया वाहन चालक भी इस सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए हैं। लोगों की शिकायत के बाद भी विभाग अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। बता दें कि बीते लंबे श्य से नगर की जू रोड में कई जगह गड्ढे हो गए हैं।



सुंदर कांड का पाठ करते समिति के लोग। ● अमृत विचार

### पर्वतीय समिति में भी हुआ सुंदर कांड

**रामनगर।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंगलवार को प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति में आयुष म्यूजिकल अकादमी ने सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया। इस दौरान प्रकाश कोटवाल, दिवस सुयाल, सुमित लोहनी, गणेश दत्त जोशी, भगवत सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

### झील किनारे रोपे जाएंगे चेरी व सेब के पेड़

**हल्द्वानीः** पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. आशुतोष पंत ने बताया कि उन्होंने डीएम वंदना सिंह से नैनी झील किनारे चेरी और सेब के पौधे लगाने में सहयोग का निवेदन किया था। डीएम के निर्देशानुसार नगर पालिका ईओ राहुल आनंद से वार्ताके बाद सेब और चेरी के 50-50 पेड़ लगाने पर सहमति बनी है। उन्होंने बताया कि कश्मीर से चेरी के पौधे मंगा लिए हैं।

### ग्रामीण सड़कों पर झाड़ू लगाकर करना होगा धूल का निस्तारण

**गरमपानी :** ग्रामीण मार्गों पर बड़े वाहनों की आवाजाही से उड़ती धूल को रोकने के लिए अब पानी का छिड़काव किए जाने पर लोक निर्माण विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। स्टोन क्रशर स्वामियों को नोटिस भेज पानी का छिड़काव न किए जाने की हिदायत दी है। पानी से सड़क के खराब होने का हवाला दिया है। विभाग ने सड़क पर झाड़ू लगवाकर धूल का निस्तारण करने को कहा है। अपर सहायक अभियंता मनमोहन सिंह के अनुसार उच्चाधिकारियों के आदेश का सख्ती से पालन करवाया जाएगा।

बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में स्थित स्टोन क्रशर से बड़े वाहनों की आवाजाही से उड़ते धूल के गुबार को रोकने के संचालक सड़कों पर पुकार छिड़काव करवाते हैं। दिन भर में दो बार स्टोन क्रशरों को जाने वाली सड़कों पर ट्रैक्टर की मदद से छिड़काव किया जाता है।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● सर्कुलेशन मैनेजर
● अकाउंटेंट (विज्ञापन विभाग)
● सिक्योरिटी गार्ड की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023
SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

# आजादी के आंदोलन में नेताजी का महान योगदान

## जयंती पर याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण


ट्रांजिट कैंप में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता भारत भूषण चुघ।


काशीपुर बाईपास पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।


शक्तिफार्म में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर में अलग-अलग स्थानों पर आजाद हिंद फौज के नायक और आजादी के आंदोलन के समय देश में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। साथ ही उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया गया।

मंगलवार को विधायक शिव अरोरा ने बसंतीपुर में सुभाष पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नारा तुम मुझे खून दो में तुमको आजादी दूंगा, युवाओं में आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारी परिवर्तन लेने जैसा था। आज पूरा देश नेताजी को याद करते हुए उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा से आज हम समाज हित और जनता के हित में सदैव तत्पर रहते हैं। आजादी के आंदोलन में नेताजी का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश परिहार, जिला महामंत्री अमित नारंग, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, नरेश तपाली, प्रदीप मंडल, उत्तम मंडल, गोकुल मंडल, इंद्रपाल, राजेंद्र गुप्ता, अमित शाना व अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने ट्रांजिट कैंप के नेताजी सुभाष पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेताजी बोस आजादी के महानायक रहे और उनके नेतृत्व में आजाद हिंद फौज का निर्माण किया। जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना अहम योगदान निभाया।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आजादी के महानायक नेताजी बोस के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्रीयता में अपना सर्वस्व योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर दिलीप अधिकारी, तरुण दत्ता, अर्जुन विश्वास, तपन विश्वास, राज कोली मोनू निषाद, रॉबिन विश्वास, दिनेश तोमर, शुभम दास, हरिदास, रत्न भंडार, मनोज राय, तर्पण विश्वास, आशीष दर्शन कोली विपिन कोली तमाम लोग मौजूद थे।


बसंतीपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने का संकल्प

**रुद्रपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मंगलवार को काशीपुर बाईपास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए जो योगदान दिया था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने पार्टी को भी नई दशा और दिशा दी। साथ ही तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा देकर आजादी के महासंग्राम में देशभक्ति का जोश भरने का काम किया था। नेताजी के महान त्याग और बलिदान की बदौलत ही देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ। पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे ने देश में क्रांति लाने का काम किया। इस अवसर पर कार्यक्रम नेता गोपाल भसीन, सुनील आर्य, मनोज कुमार, आसिम पाशा, रामप्रसाद, नवाब अली, रमेश कुमार, उम्मेद सिंह बिष्ट आदि सहित तमाम कांग्रेसी थे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भावपूर्ण स्मरण

**शक्तिफार्म।** नेताजी सुभाष बोस की जयंती पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। बंग संस्कृति भवन में नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सुभाष चौक में स्थापित विशालकाय मूर्ति पर माल्यार्पण कर नेताजी को याद किया गया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने आजादी के लिए उनके संघर्ष और बलिदान पर रोशनी डाली। इस मौके पर देबू मण्डल, रवींद्र विश्वास, रामचंद्र राय, दिनेश दास, प्रियजीत राय, राजेश सरकार, नरेश साना, महेंद्र अग्रवाल, पवित्र बावली आदि मौजूद थे।


दिनेशपुर के बसंतीपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार


दिनेशपुर मुख्य चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जनप्रतिनिधि।

### दिनेशपुर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**दिनेशपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। नगर के मुख्य चौक पर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को भव्य रूप से सजाया गया था। जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने माल्यार्पण कर नमन किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, व्यापारी नेता विशंभर लाल मिगलानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता केके गावा, किड्स पैराडाइज प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, लिटिल चैंपियन स्कूल प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा,अनिल रौतेला, मेजर खड़क सिंह कार्की आदि रहे।

# दिनेशपुर में नेताजी की जयंती पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भावपूर्ण स्मरण करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देश की आजादी में नेताजी का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने युवाओं से नेताजी के बताए मार्ग पर चलने का आवाह्न किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं नन्हे मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति के गीतों को प्रस्तुत किया।

मंगलवार को राप्रावि बसंतीपुर के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा व अति विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री सुरेश परिहार, आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, शिक्षक संघ ब्लॉक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना व मत्स्य पालन विकास अभिकरण उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय में प्रकाश डाला। उन्होंने नेताजी के बताए मार्ग का अनुकरण करने का आवाह्न किया। अतिथियों ने ग्रामीणों द्वारा विगत 32 वर्षों से गौरवमई ढंग से नेताजी की जयंती मनाने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने बांग्ला, उत्तराखंडी, पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती गीतों के साथ देशभक्ति पर आधारित गीतों व नुक्कड़ नाटकों से दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मत्स्य पालन विकास अभिकरण उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता व संचालन लक्ष्मी मंडल ने की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि विधायक अरविंद पांडेय, ग्राम प्रधान संजीत विश्वास,आनंदखेड़ा प्रधान इंदपाल सिंह, भाजपा नेता अमित नारंग, समाजसेवी नित्यानंद मंडल, हिमांशु सरकार, उत्तम अधिकारी, विकास सरकार, प्रदीप मंडल, अनुज साना, गोकुल मंडल, नीतीश कुमार, देवाशीष शील, नित्यानंद दास, पलाश विश्वास, हरिपद मंडल, मनोरंजन साना, बिंदुभूषण अधिकारी, सुशील मंडल, अजीत मिस्त्री, शंकर मंडल, अर्जुन कुमार, गोविंद मंडल, पवित्र मंडल, सुमित साना, अशीम मंडल, दीपक शील,भगीरथ मंडल, गौतम साना, राजीव दास, अजय शील, पंकज रहे।


दिनेशपुर के बसंतीपुर में नेताजी सुभाष जयंती पर बांग्ला लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मैंने अपने पुत्र निपेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी नेहल रानी से सम्बन्ध-विच्छेद कर अपने परिवार व चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनका मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं रहा। भविष्य में वे अपने अच्छे-बुरे कार्यों व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- संजय कुमार पुत्र श्री राजपाल सिंह, मो. भूप सिंह, जसपुर (ऊधमसिंह नगर)।

# महिला सेपक टाकरा में एमबीपीजी विजेता


सेपक टाकरा की महिला विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की ओर से मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुमाऊं विवि अंतर महाविद्यालय सेपक टाकरा प्रतिस्पर्धा आयोजित। दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा के आखिरी दिन महिला सेपक टाकरा के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बेहतर खेल का प्रदर्शन करते एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ने रुद्रपुर के एसबीएस महाविद्यालय का पराजित कर विजेता का खिताब जीता।

मंगलवार को प्रतिस्पर्धा के आखिरी दिन पहला मुकाबला एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर और डीएसबी नैनीताल के मध्य खेला गया। इसमें एसबीएस ने डीएसबी को 2-0 से पराजित कर दिया। डबल्स इवेंट में भी एसबीएस ने डीएसबी को 2-0 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। इसके बाद फाइनल मुकाबला एसबीएस और एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी के मध्य खेला गया। जहां रोमांचक मुकाबले में एमबीपीजी हल्द्वानी ने एसबीएस महाविद्यालय रुद्रपुर को 2-0 और डबल्स इवेंट्स में भी 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर मिनी गोल्फ एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राहुल चंद्रा और कुमाऊं विवि क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में विवि की टीम का चयन किया जाएगा। जो अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर गौरव जोशी, प्रगति दुम्का, अंकुश रौतेला, मृणालिनी त्रिपाठी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ.सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, गौरव बिनवाल, लोकेश पांडेय, रघुवीर विर्क, योगेश पांडेय, चेतन भट्ट आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों में स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
• ISO : 9008 CERTIFIED TRADE MARK CLINIC
हर उम्र में
शीघ्रपतन
मर्दाना कमजोरी
नपुंसकता
शुक्राणुओं की कमी के कारण
देश भर में बिगड़ती जीवन शैली के कारण 17.5 नहीं कर पा रहे बच्चे।
हर तरफ से निराश स्त्री-पुरूष वैवाहिक जीवन को सफल बनाएं
सैक्स समस्याएं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• स्वप्नदोष, हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• बुढ़ापे में जवानी का 2 घंटे में असर देखें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गोनोरिया, एड्स, यौन अंगों पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 14 जनवरी 2024, रविवार
28 जनवरी 2024, रविवार
होटल नागपाल बड़ा गुरुद्वारा के सामने गोल-मार्केट-रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)
9837069463
7599211076

## एक नजर

### भाकियू जिला उपाध्यक्ष सरदार धर्म सिंह का निधन



सरदार धर्म सिंह।

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष गांव गिधई मुंशी कुंडा, जसपुर निवासी सरदार धर्म सिंह का निधन हो गया है। वह करीब 70 वर्ष के थे। उनके निधन पर ग्रामीणों के साथ ही किसान यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गहरा शोक जताया है। उनका कहना है कि सरदार धर्म सिंह के निधन से किसानों ने अपना संघर्षशील साथी खो दिया है।

### चाकू के साथ युवक दबोचा

**खटीमा।** पुलिस ने सोमवार देर शाम कंजाबाग नहर पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मोहम्मदपुर भुड़िया निवासी राजविंदर सिंह को पकड़ा। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

### अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक में रामपुर व ऊधमसिंह नगर के डीएम तथा अन्य अधिकारी रहे मौजूद

# रामपुर-यूएसनगर के अफसरों ने साझा की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर




बैठक में उपस्थित रामपुर और यूएसनगर के डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयरहित माहौल में संपन्न कराने और शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए अंतरराज्यीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें ऊधमसिंह नगर जनपद के जिलाधिकारी और रामपुर जनपद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ सहित दोनों जिलों के उच्चाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान दोनों जनपदों के अधिकारियों ने सीमा पर निगरानी और सुरक्षा को लेकर जानकारी साझा की।

मंगलवार को बिलासपुर रोड स्थित आर्क होटल में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर उदयराज सिंह और जिलाधिकारी रामपुर रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयरहित माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सीमावर्ती जिलों का आपसी सहयोग व समन्वय बेहद अहम है। उन्होंने सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सअप ग्रुप बनाने और सूचनाओं का त्वरित गति से आदान प्रदान करने के निर्देश दिये।

वहीं अंतरराज्जीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति बनाने को लेकर गहन चर्चा हुई। साथ ही सीमा पर निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंधन के बारे में दोनों जनपदों के अधिकारियों द्वारा जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही निर्वाचन के दौरान अंतरराज्यीय सीमा से पैसों और शराब के परिवहन पर रोकथाम लगाने के लिए उपायों, मतदाता सूची में अंकित डुप्लीकेट वोटरों की जांच, बैरियर, सीसीटीवी सहित अन्य गोपनीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही रणनीति बनाने के साथ ही आपराधिक तत्वों की जानकारी साझा करने, बीएलओ, पटवारियों सहित उच्चाधिकारियों नाम व मोबाईल नंबर साझा किये गये।

**बैठक में यह लोग रहे मौजूद**

ऊधमसिंह नगर से एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, एसपी चंद्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह आदि।

# खेड़ा बस्ती में मांस के टुकड़े मिलने से मचा रहा हड़कंप

संवाददाता, रुद्रपुर

**कैमरे में दिखा कुत्ता**

▸▸ **सीसीटीवी कैमरे में एक कुत्ता मांस लाता नजर आया**

**अमृत विचार:** सोमवार की देर रात खेड़ा बस्ती में उस वक्त पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। जब एक धार्मिक स्थल वाले मार्ग पर कुछ मांस के टुकड़े पड़े हुए मिले। सूचना पर रंपुरा पुलिस ने आनन-फानन में मांस को बरामद कर जांच के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक कुत्ता मांस की थैली लाता नजर आया।

बताते चलें कि 22 जनवरी को जहां राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक आस्था उफान पर थी। वहीं अचानक सोमवार की रात रंपुरा पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड-17 स्थित एक धार्मिक स्थल मार्ग पर मांस के कुछ टुकड़े पड़े हैं। सूचना मिलने ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। वहीं जब लोगों को इसकी भनक लगी तो मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मामले को दबाने का प्रयास शुरू कर दिया।

लोगों का कहना था कि मामले की पड़ताल होनी चाहिए। ताकि मामले का खुलासा हो सके। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। इधर सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि सीसी कैमरों की जांच में पता चला कि उक्त मार्ग पर एक कुत्ता मांस का टुकड़ा लाता दिखाई दिया है।

# खटीमा में छात्रसंघ ने कॉलेज में की तालाबंदी, धरने पर बैठे छात्र-छात्राएं

### सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित करने पर भड़के छात्र, नारेबाजी कर जताया विरोध

**आक्रोश**

▸▸ **सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने छात्रों को समझाने की कोशिश की पर नहीं माने छात्र**

संवाददाता, खटीमा



खटीमा महाविद्यालय में तालाबंदी करते छात्रसंघ पदाधिकारी व छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को समस्त तैयारियों के बाद स्थगित करने से आक्रोशित छात्रसंघ अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कालेज में तालाबंदी कर धरना दिया। प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कार्यक्रम को स्थगित करने का कारण छात्रसंघ में सहमति न बनना और 27 से परीक्षाओं का होना बताया।

महाविद्यालय में मंगलवार को छात्र संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था जिसके लिए मंच आदि तैयार किया जा रहा था इसी बीच प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार की ओर से कॉलेज गेट पर कार्यक्रम को स्थगित करने के संबंध में चस्पा किया गया पत्र देखकर छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित गंगवार व उनके समर्थक आक्रोशित हो गए और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विद्यालय स्टाफ को बाहर कर मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी और वहीं पर धरने पर बैठ गए। छात्र संघ अध्यक्ष गंगवार ने कहा कि कार्यक्रम के दिन सुबह कार्यक्रम के स्थगित करने से छात्रों में आक्रोश है। क्योंकि कार्यक्रम की तैयारी में उनको भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव के कारण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। छात्रों के आन्दोलन की सूचना पर एसडीएम रविन्द्र सिंह बिष्ट ने वहां पहुंचकर छात्रों से वार्ता की लेकिन छात्र छात्राएं धरने पर डटे रहे। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, छात्रसंघ कोषाध्यक्ष परवेज अख्तर, विवि प्रतिनिधि राहुल कांडपाल, हिमांशु भट्ट, कोमल चंद, मेघना गुप्ता, अनुज कापड़ी, कमल कन्याल आदि मौजूद थे।

## भानू सड़क हादसा प्रकरण में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** 20 जनवरी को डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शांति कॉलोनी निवासी कमल कुमार ने बताया कि 20 जनवरी को उसका भाई भानु प्रताप अपनी बाइक संख्या यूके-06 डब्लू-3913 से किसी कार्य को कर किच्छा से वापस घर की ओर लौट रहा था। अचानक शाम आठ बजे के करीब भदईपुरा के समीप डंपर संख्या यूपी-25 सीटी-4797 के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई थी।

शिकायतकर्ता का कहना था कि चालक ने लापरवाही व तेज गति से भारी वाहन का संचालन किया। जिससे उसके भाई की मौत हुई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। वाहन चालक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोहरे के बीच निकलते वाहन। ● अमृत विचार

# तराई में शून्य के करीब पहुंचा पारा

संवाददाता, रुद्रपुर

**मौसम का मिजाज**

▸▸ **मौसम बुधवार को 0.9 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान 30 तक पड़ेगी कड़ाके की ठंड**

**अमृत विचार:** तराई में पिछले कई दिनों से कोहरे के साथ शीतलहर चल रही है। इससे तापमान में भी गिरावट आयी है। बुधवार को तराई में न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाली 30 जनवरी तक इसी तरह कोहरा छाने और ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त की है।

मंगलवार को सुबह से तराई में घना कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को वाहन चलाते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन में थोड़ी देर सूर्यदेव के दर्शन हुए और कुछ देर बाद हल्की धुंध छाने लगी। सायं होते-होते शीतलहर के साथ ठंड भी बढ़ गयी। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तराई के वातावरण में नमी की मात्रा 77 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 5.8 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली। उन्होंने बताया कि विगत दिनों की अपेक्षा आज सबसे अधिक ठंड रही। आने वाली 30 जनवरी तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और ठंड बढ़ेगी।

# टीम के पहुंचने पर लकड़ी व वाहन छोड़ भागे तस्कर

संवाददाता, किच्छा

**मुकदमा दर्ज**

▸▸ **पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर चोरी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया**

**अमृत विचार:** तहसील अंतर्गत क्षेत्र में लकड़ी चोरों द्वारा हरे पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना के बाद राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। इस पर लकड़ी चोर कटी लकड़ी और वाहन छोड़कर फरार हो गए। राजस्व उप निरीक्षक की शि कायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर चोरी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार चौहान ने बताया कि तहसील अंतर्गत ग्राम कोटखर्रा क्षेत्र में सरकारी पेड़ों को चोरी से काटे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद प्रशासन की टीम द्वारा मौके पर छापामार कार्यवाही किए जाने के पश्चात सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके पर पिकअप वाहन संख्या यूके 06 के 8696 सहित चोरी से काटे गए 11 गिल्टे बरामद कर लिए। टीम ने बरामद वाहन एवं गिल्टों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## होम्योपैथिक डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

**काशीपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सक का संदिग्ध परिस्थितियों में घर में शव बरामद हुआ। सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

डेढ़ वर्ष से कुंडेश्वरी पुलिस चौकी के ठीक सामने विमान राय (69 परिवार से अलग रहकर होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में घर से प्रेक्टिस करते थे। उनकी पत्नी, पुत्र प्रणय राय तथा पुत्री मुनमुन राय नवोदय नगर रोशनाबाद हरिद्वार में किराए पर रहते हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है। बीती शाम घर में चिकित्सक का शव मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक है।

# घर में चोरी करते आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, रुद्रपुर

**तत्परता**

▸▸ **एसी की कॉपर सहित सामान चुरा रहा था, पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक घर में बड़ी चोरी की वारदात उस वक्त होते-होते टल गई। जब मकान स्वामी देर रात शौच को उठा तो उसे आहट की आवाज आई। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार तीनपानी डाम फुलसुंगा निवासी अर्पित सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात साढ़े 10 बजे वह शौच को उठा तो उसे घर के अंदर कुछ आहट सी हुई। जब उसने खिड़की की ओर देखा तो एक युवक छत से कूदकर अंदर प्रवेश किया और पहले एसी की कॉपर काटकर निकाल ली। बाद में घर के कमरों में घुसने की कोशिश करने लगा। यह देखकर जब उसने शोर शराबा किया तो स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शिबू उर्फ शिवा निवासी गड्डा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप बताया । सूचना मिलने पर लोगों ने आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## कोतवाली के पास से बाइक उड़ाई

**किच्छा।** कोतवाली गेट से मात्र 100 मीटर दूरी पर खड़ी मोटर साइकिल चोरों ने उड़ा ली। बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक एवं चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में पुरानी गल्ला मंडी, वार्ड नंबर 6, किच्छा निवासी शिवम सागर पुत्र रामचंद्र सागर ने बताया कि वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू के 06 ए डबल्यू 7030 से रेलवे स्टेशन पर गया था। इस दौरान उसने रेलवे स्टेशन के सामने बाइक को लॉक कर खड़ा कर दिया और कुछ दूरी पर काम से चला गया। पीड़ित के अनुसार कुछ देर बाद जब वह बाइक लेने पहुंचा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन की पर कोई सुराग न मिलने पर पीड़ित बाइक स्वामी तहरीर सौंपी।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

▸▸ **22 जनवरी की है घटना, उखाड़ दिए थे झंडे, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**अमृत विचार:** 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ एवं पुलिस की सजगता से धार्मिक उन्माद की घटना टल गई। पुलिस ने एक युवक को धार्मिक झंडे उखाड़ कर फेंकने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बताते चलें कि अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जहां पूरा शहर भगवा ध्वज में सजा हुआ था। वहीं नगर निगम द्वारा भी इंदिरा चौक स्थित इंदिरा पार्क में पाइपों पर राम ध्वज सहित भगवा झंडे लगाकर चौराहे को सजाया गया था। बताया जा रहा है कि 22 जनवरी की सुबह स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक झंडे उखाड़ कर नीचे फेंक रहा है और लोहे के पाइपों को चुराने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही दरोगा राकेश मिश्रा पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अकरम अली निवासी भूतबंगला बताया। पुलिस ने दरोगा मुकेश मिश्रा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**प्रदर्शन** — भारतीय किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन, एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा छह सूत्रीय मांग पत्र

# गन्ने का समर्थन मूल्य 450 रुपये करने की मांग उठाई

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी पदाधिकारी और अन्य।

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किसानों कि समस्याओं को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा।

भाकियू जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में किसानों ने गन्ने का समर्थन मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल करने धान का भुगतान करने सहित छह सूत्रीय मांगे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गाने की कीमत में वृद्धि की गई है जबकि यहां अभी तक इसकी घोषणा नहीं की गई यह भी कहा की धान की फसल का अभी तक भुगतान नहीं हो सका है जबकि न केवल बैंकों का ब्याज बढ़ रहा है बल्कि उनके द्वारा लगातार बताएं के लिए किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों ने यूपी की तर्ज पर किसानों को सिंचाई के लिए बिजली में 50 प्रतिशत की छुट देने, आवारा जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिए गौशाला भेजने की व्यवस्था करने, वन सीमा से सटे गावों में किसानों की फसल की सुरक्षा को लेकर तार-बाड़ करने और जंगली जानवरों के कारण हो रही दुर्घटनाओं में मानव क्षति को रोकने के उपाय करने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर बलजीत सिंह, दलजीत सिंह, गुरदेव सिंह, विक्रम सिंह, कुलदीप सिंह, अवतार सिंह, हरप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जरनैल सिंह, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह पप्पू, जनक सिंह, जोगेंदर सिंह आदि मौजूद थे।

# झोपड़ी में आग लगने से सामान राख

संवाददाता, गदरपुर



गदरपुर के ग्राम खानपुर पश्चिम में झोपड़ी में लगी आग से जला सामान।

**अमृत विचार:** अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गई। आग से झोपड़ी बिल्कुल जलकर राख हो गई जिससे हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी।

ग्राम खानपुर निवासी रिंकू बीती रात्रि सोमवार रात्रि को अपने परिवार के साथ झोंपड़ी में सो रहा था। रात्रि को अज्ञात कारणों से झोंपड़ी में आग लग गई। आग लगने का आभास होने पर रिंकू ने किसी तरह अपने परिजनों को झोंपड़ी से बाहर निकाल लिया। परिजनों को निकालने के चक्कर में देखते ही देखते आग से झोपड़ी जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से झोपड़ी में मौजूद टीवी, बिस्तर, अनाज, बर्तन और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मंगलवार को आग लगने की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान राजबाला मौके पर पहुंची। उन्होंने इसकी सूचना तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट को दी। सूचना पर लेखपाल विजय कुमार गुप्ता ने मौका मुआयना कर आग से हुई क्षति का आंकलन किया। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट को तहसीलदार को सौंपी। कड़ाके की ठंड के चलते रिंकू और उसके परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

# खटीमा में निकला भव्य नगर कीर्तन, जगह-जगह हुआ स्वागत

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाला गया नगर कीर्तन, गतका पार्टी ने दिखाए हैरतअंगेज करतब


खटीमा में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकले नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे। ● अमृत विचार


खटीमा में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर निकले नगर कीर्तन के दौरान हैरत अंगेज करतब दिखाती गतका पार्टी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** सिख धर्म के दशम गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज का 357वां प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में यहां भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। पंज प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान गदका पार्टी ने हैरतंगेज करतब प्रस्तुत किए। पूरा शहर जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष से गूंज उठा।

कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर सुबह से ही संगत गुरुद्वारा सिंह सभा में जुटने लगी थी। दोपहर बाद करीब एक बजे गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन शुरू हुआ। जिसमें आगे-आगे महिला-पुरुष पानी के छिड़काव के बाद झाड़ू लगाते और उसके पीछे सड़कों पर पुष्प बिछाते युवा चल रहे थे। पंज प्यारे नगर कीर्तन के आगे-आगे चल रहे थे। वहीं उसके पीछे संगत को प्रसाद वितरण करता वाहन चल रहा था। मुख्य चौराहे पर पहुंचकर गतका पार्टी ने विभिन्न प्रकार के हैरत अंगेज करतब दिखाए। जिसको देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग जमा रहे। विधायक भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा ने पंज प्यारों को शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। वहीं राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के जन प्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया।

पीलीभीत रोड गुरुद्वारे से शुरू हुआ नगर कीर्तन टनकपुर रोड से होते हुए पुनः गुरुद्वारे पर पहुंच कर समाप्त हुआ। वहीं नगर कीर्तन के मार्ग पर जगह-जगह संगत को प्रसाद वितरित किया जा रहा था और गुरुद्वारे में विशाल लंगर का आयोजन किया गया था। जिसमें संगत ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर कीर्तन में गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष कुलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, राजपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, इंद्रजीत सिंह, मलकीत सिंह, बलदेव सिंह बिल्ला, संतोष मेहरोत्रा, मनोज बाधवा, रमेश चंद्र जोशी, संजीव बत्रा, मनोज गुलाटी, जतिन ग्रोवर, मनोज छाबड़ा, सतीश गोयल, अमन अरोड़ा, सुमित गुंबर आदि सम्मिलित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत एसएसआई अशोक कुमार, बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नजर

### निदीश का राज सिंह डूंगर क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन



रुद्रपुर। जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के कक्षा 9वीं के छात्र निदीश पचौरी का चयन अंडर 14 आयु वर्ग में राज सिंह डूंगर क्रिकेट टूर्नामेंट (बोर्ड ट्रॉफी) के लिए हुआ है। चयन से पूर्व निदीश का ऊधमसिंह नगर में ट्रायल हुआ। इसके बाद जनपद की टीम के साथ खेला और अंत में देहरादून में फाइनल चयन हुआ। इस दौरान निदीश ने देहरादून में दो मैच खेले और दोनों मैचों में नाबाद 100 रन बनाए। निदीश 23 जनवरी 2024 से छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले अंडर 14 राज सिंह डूंगर क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेंगे। विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने निदीश और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### बाजपुर में चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर**। पुलिस ने चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है। एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी की अगुवाई में पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी बीच मुख्यमार्ग पर वार्ड नंबर-तीन स्थित पीपल वाली गली के मोड़ पर पहुंचे तो प्रसाद वितरण स्टाल के पास कुछ लोगों ने एक चोर के गली की तरफ भागने की जानकारी दी पुलिस ने पीछा कर गली में आरोपित को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम भोना कालोनी निवासी विशाल पुत्र प्रेम सिंह बताया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ है। बताया गया कि आरोपी नशा करता है और इसकी पूर्ति के लिए मोबाइल आदि छोटी-मोटी चोरी करता है। पुलिस ने धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

### बिजली चोरी के आरोप में दो महिलाओं पर मुकदमा

**काशीपुर**। आईटीआई थाना पुलिस दो महिलाओं के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। महिलाओं के खिलाफ अवर अभियंता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। अवर अभियंता मो. अकरम ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि उन्होंने टीम के साथ विद्युत चोरी के खिलाफ हिम्मतपुर व मुकुंदपुर में अभियान चलाया। जहां उन्होंने हिम्मतपुर में शीला व मुकुंदपुर में जागीर कौर के घरों में कटिया डालकर विद्युत चोरी होते हुए पकड़ी। आईटीआई पुलिस ने तहरीर अनुसार दोनों महिलाओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मस्जिद की दुकान का बकाया दुकानदार से वसूलने के आदेश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की काजीबाग स्थित मस्जिद की जसपुर बस स्टेण्ड में स्थापित दुकान के तत्कालीन किरायेदार से बकाया रकम वसूलने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर को पत्र लिखा है।

मस्जिद काजीबाग सचिव अली अनवर एडवोकेट ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मस्जिद की जसपुर स्टैंड पर स्थित एक दुकान के तत्कालीन दुकानदार पर फरवरी 2016 से कुल 43 माह का किराया 1300 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से विधिवत बकाया था। जिसके बाद दुकानदार के विरुद्ध उत्तराखंड वक्फ बोर्ड में भी धारा 54 की कार्यवाही की गयी। बाद में गहन सुनवाई के बाद बेदखली के आदेश तत्कालीन उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक ने दिये थे, लेकिन दुकानदार बिना बकाया रकम जमा कर दुकान खाली कर चंपत हो गया था। अली अनवर एडवोकेट ने बताया कि उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने दुकानदार को बकायेदार से 50,400 रुपये वसूलने के आदेश जारी किये है। बताया कि वक्फ मे 8 किरायेदार और है जिनके विरुद्ध वक्फ अधिकरण हल्द्वानी में वाद पंजीकृत है, लेकिन अधिकरण का लगभग एक वर्ष से कोरम पूर्ण न होने के कारण सभी वाद लंबित है।बताया कि किरायेदारों पर लगभग 8 लाख रुपये वर्तमान तक बकाया है, जो की जल्दी ही वसूला जायेगा।

# अमरोहा के युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**काशीपुर**। एक युवती ने अमरोहा निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही दहेज में बुलेट व अन्य सामान नहीं देने पर शादी से मुकरने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती ने कोर्ट में दिए पत्र में बताया कि चार साल पहले उसकी मुलाकात यूपी के अमरोहा निवासी अरविंद कुमार से हुई थी। तभी से वह शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है। कुछ दिन पहले युवती ने जब युवक से शादी के लिए कहा तो वह दहेज में बुलेट व अन्य सामान की मांग करने लगा और नहीं देने पर शादी करने से मना कर रहा है। आरोप है कि युवक पीड़िता का गर्भपात भी करा चुका है और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है।

# किसानों का मांगें मनवाकर ही दम लेने का ऐलान

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर तहसील में क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा तहसील परिसर में संचालित भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन मंगलवार को 176वें दिन भी जारी रहा। जिसमें मनिंदर सिंह खैरा, गुरविंदर सिंह सिद्धू, सर्वजीत सिंह, मनराज सिंह, जसमीत सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे। उनका फूला-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

अनशन स्थल पर मौजूद लोगों ने अधिकार लिए बिना आंदोलन समाप्त नहीं करने की प्रतिज्ञा को दोहराया। इस दौरान किसान, मजदूर व व्यापारियों के तेवर काफी तल्ख दिखे जिन्होंने सरकार पर बसे-बसाए लोगों को उजाड़ने की कोशिश का आरोप लगाते हुए जमकर भड़ास निकाली तथा अपनी मेहनत से बनाई गई संपत्ति को यूं ही नहीं जाने देने की बात कही गई। साथ ही सरकार द्वारा बार-बार दिए जा रहे आश्वासनों पर रोष व्यक्त किया गया। कहा कि हम कमजोर नहीं हैं, लेकिन सरकार की व्यवस्था के अनुरूप अपनी समस्याओं का समाधान चाहते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था, जोकि आज भी आश्वासन से आगे कहानी नहीं बढ़ी है जिसके चलते अब आंदोलन को और तेज करने पर विचार किया जा रहा है और इसके लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के बड़े नेताओं को भी आंदोलन में शामिल करने की तैयारी हो रही है जिसके चलते आने वाले दिनों में आंदोलन के उग्र होने की संभावना बन रही है। इस मौके पर आंदोलन के संरक्षक भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, आंदोलन के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, सतपाल सिंह सोनी, सुखवंत सिंह, देवेश प्रताप सिंह, राजकिशोर सिंह, शेर सिंह आदि मौजूद थे।

# एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो में मिलेगी उपयोगी जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** आईआईएम की ओर से 27 व 28 जनवरी को उत्तिष्ठ के 7वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस एग्री मेला स्टार्टअप एक्सपो का उद्देश्य कृषि स्टार्टअप और उद्योग से संबंधित हितधारकों को एकजुट करना है। इस दौरान विशेषज्ञों के बीच एंटरप्रेन्योरशिप पर विचार-विमर्श होगा। साथ ही अन्य आकर्षक गतिविधियों का आयोजन भी होगा।

कृषि स्टार्टअप के महाकुंभ दो दिवसीय कृषि मेला स्टार्टअप एक्सपो का आयोजन फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (एफआईईडी) और आईआईएम काशीपुर के ई-सेल द्वारा कृषि और किसान कल्याण विभाग के सहयोग से किया जाता है। इसका लक्ष्य इनोवेशन और सहयोग को बढ़ावा देना है। वार्षिक उद्यमिता शिखर सम्मेलन में 100 से ज्यादा स्टार्टअप और शीर्ष 10 स्टार्टअप की भागीदारी की उम्मीद है। पहले दिन शिखर सम्मेलन में उड़ान 7.0 पिचिंग प्रतियोगिता, एचयूएलटी पुरस्कार, लाइव स्टार्टअप पिचिंग प्रतियोगिता, लीडर्स मंत्रा जैसे विभिन्न ज्ञानवर्धक कार्यक्रम होंगे। दूसरे दिन एक्सपो डे (काशीपुर मेला), करियर परामर्श सत्र, सांस्कृतिक प्रदर्शन, विज्ञान मेले का आयोजन होगा और साथ ही किसी सेलिब्रिटी के साथ एक प्रमुख इवेंट होगा।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

संवाददाता, शांतिपुरी



शांतिपुरी में एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवियों के साथ अतिथि।

**अमृत विचारः** शातिंपुरी राजकीय इंटर कॉलेज द्वारा उत्तर प्रदेश गांधी स्मारक निधि बाल मंदिर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धीरेंद्र सिंह बसेड़ा, विशिष्ट अतिथि राजकीय पशु चिकित्सालय शांतिपुरी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. आलोक जोशी, सेवानिवृत जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद बुधानी व प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शिविर में स्वयंसेवकों ने समूह गान, स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पवार ने शिविर के सात दिनों की गतिविधि आख्या पढ़कर सुनाई। मुख्य अतिथि बसेड़ा ने एनएसएस को शिक्षा के साथ ही बेहतर करियर की शुरुआत के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। साथ ही नौकरियों में एनएसएस के बोनस अंकों के लाभ की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. आलोक जोशी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्वयंसेवकों को एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों को जीवन में कुछ भी बेहतर करने के लिए सहयोग का आस्वासन दिया। प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और स्वागत संबोधन कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस दौरान अतिथियों की ओर से 10 विशेष शिवरात्रियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तो शिविर की बेहतर भोजन व्यवस्था के लिए परिचारक चंदन सिंह नेगी व हेमा धामी को सम्मानित किया। इस दौरान गांधी स्मारक निधि के प्रबंधक राज किरण तिवारी, नंदन सिंह बिष्ट, कार्यालय प्रभारी माधवानंद बहुगुणा, पीटीआई अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कोरंगा, प्रधान पति बिशन सिंह कोरंगा, कांग्रेस प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, अमरेश पटेल, फकीर चंद, मोहन प्रसाद, तारा सिंह कोरंगा, विजय जोशी, आदि मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की दी जानकारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रवृत्ति समिति की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन सेंट्रल सेक्टर स्कीम (केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना) फार कालेज स्टूडेंट्स था।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. केके पांडे द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के अंतर्गत आने वाली अलग-अलग योजनाओं के विषय में बात की और पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही लाभान्वित होने की बात कही। छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. मनुहार आर्य ने विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल में ऑनलाइन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की जानकारी दी। समिति के सदस्य डॉ. सूरजपाल सिंह ने सेंट्रल सेक्टर स्कीम के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सेंट्रल सेक्टर स्कीम से संबंधित प्रचार सामग्री (ब्रोशर) वितरित किए गए। संचालन डॉ. मनुहार आर्य ने किया। इस मौके पर छात्रवृत्ति समिति के सदस्य डॉ. ललित, रईस अहमद, संदीप कुमार, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास रंजन, मुख्य शास्ता डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शना पंत, कैलाश, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खेल-खिलाड़ी

फाइनल में हाईलैंडर क्रिकेट एकेडमी की टीम को तीन विकेट से किया पराजित, कार्तिक बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

# एमके स्क्वायर की टीम ने जीता अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, काशीपुर


अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम के साथ अतिथि गण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामनगर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों से आईं 12 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया गया।

फाइनल मैच में हाईलैंडर क्रिकेट एकेडमी एवं एमके स्क्वायर के बीच मुकाबला हुआ। हाइलैंडर अकादमी ने पहले खेलते हुए 25 ओवरों में 130 रन का स्कोर बनाया। जिसमें विवान ने 58 रनों का सहयोग दिया। एम के स्क्वायर की तरफ से कार्तिक ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमके स्क्वायर ने 24 वें ओवर में तीन विकेट से मैच जीत लिया। एमके स्क्वायर की तरफ से विनय ने 36 और कपिल ने 27 रन का योगदान दिया। हाइलैंडर की तरफ से अक्षय और चित्रांश ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड कपिल तथा मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड कार्तिक को दिया गया है।

विजेता टीम को मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा व विशिष्ट अतिथि डिंपल कांबोज, खालिद जमा, इरफान, गुड्डू, दीप जोशी, मोहम्मद असलम व सैयद आसिफ अली द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि खेल युवाओं की प्रतिभा बढ़ाने का महत्वपूर्ण साधन है। आज का युवा देश का कर्णधार है और कल उसी को विभिन्न क्षेत्रों में देश की अगुआई करनी है। इस मौके पर साजिद बबलू, शाहिद अंसारी, मोहित, नागसेन गंगवाल, शाहनवाज आदि मौजूद थे।

# ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार

## कांग्रेस

**9 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 18 ब्लॉक उपाध्यक्ष, तीन महासचिव और 29 सचिव मनोनीत**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आठ ब्लॉक संरक्षक, नौ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 18 ब्लॉक उपाध्यक्ष, तीन महासचिव, 29 सचिवों सहित संगठन महासचिव और कोषाध्यक्ष की सूची जारी की है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद चंद ने ओमप्रकाश राणा, अर्जुन सिंह राणा, बेचे सिंह राणा, विक्रम सिंह सामंत, चामू चंद, बिशन सिंह बिष्ट, मोहन सिंह सिंघारा और राम अवतार भारद्वाज को ब्लॉक संरक्षक बनाया है। वहीं कुंवर सिंह राणा, मोहन सिंह राणा, अब्दुल करीम, हरीश रौतेला, कृपाल भट्ट, विनोद चंद, मोती सिंह राणा, सुरेश कुमार और नरेश मनोला को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रीतम सिंह राणा, वैजयंती देवी, मोहन सिंह राणा, प्रमोद सिंह राणा, संजीत सिंह राणा, कुंडल सिंह भंडारी, शमशेर सिंह नेगी, दिलीप सिंह राणा, नंदन सिंह बुंगला, राजेश सिंह राणा, दीवान सिंह धोनी, धर्म सिंह राणा, राजेश्वरी देवी, रेखा देवी, श्याम सक्सेना, नरेश सिंह राणा, सरताज अहमद और अनिल विश्वकर्मा को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

संतोष चंद, उमेश बिष्ट व वरुण कुमार को ब्लाक महासचिव तथा रामनिवास सिंह राणा, संतोष चंद, सरिता राणा, सत्यपाल सिंह राणा, खष्टी बल्लभ, खड़क राम, तिलक सिंह, बलबीर सिंह राणा, हेमंत सिंह राणा, कुमार राणा, लाल सिंह, सुखदेव सिंह, सूरज सिंह राणा, महेंद्र राम, किरण राणा विक्की, सत्यम सिंह, मीरा देवी, अनीता कोहली, मनीष सिंह राणा, दीपक कुमार, पुष्पांजलि, भूपेंद्र सिंह राणा, सुखदेव सिंह राणा, मोहसिन, प्रदीप कुमार, विशाल भारद्वाज, मनीष साहनी, वीर सिंह राणा और उमेद सिंह राणा को ब्लॉक सचिव बनाया गया है। जबकि श्रीपुर विछुवा के नवीन सिंह राणा को महासचिव संगठन, जय सिंह राणा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष तथा मनीष सिंह राणा, महेश सिंह राणा, सूरज सिंह राणा, पंकज सिंह बिष्ट और खीमा सिंह को संगठन सचिव मनोनीत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मिष्ठान वितरण किया


खटीमा में मिष्ठान वितरण करते पूर्व मंडी अध्यक्ष खड़ायत व अन्य।

**खटीमा।** अयोध्या में सोमवार को राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न होने पर मंगलवार को पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत गावों में पहुंचकर रामभक्तों को मिष्ठान वितरण कर बधाई देते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह बिष्ट, जशोदर भट्ट, बलदेव गड़कोटी, संजय खोलिया, अनिल ओली, राम गुलाम, अमित पांडे, भूपेंद्र पुनेरा आदि मौजूद थे।

### विधिक शिविर में स्कूली बच्चों को दी गईं जानकारियां


खटीमा में आयोजित विधिक शिविर में बच्चों ने बनाई पेटिंग।

**खटीमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नशा मुक्ति को लेकर मुडेली के रामस्वरूप भगत थारू उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक शिविर लगाकर बच्चों को जागरूक किया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और सीनियर डिविजन न्यायाधीश सचिन कुमार पाठक के आदेश पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुष्कर सिंह पोखरिया की अध्यक्षता में नशा मुक्ति को लेकर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और बच्चों ने नुक्कड़ नाटक किया। अधिवक्ता स्नेह प्रभा ने नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। मीरा देवी ने यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से बताया। लाल सिंह ने लोक अदालत की जानकारी दी। इस दौरान अमरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, दयाल सिंह, अनुराग सिंह, चंद्रा डांगी, संजू रानी, सपना सागर, सोनाली रावत, अनीता पोखरिया, विजय राणा, पूनम राणा आदि थे।

### 108 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया


होम्योपैथिक शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करवाते जीएम हरवीर सिंह।

**बाजपुर।** होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड के निदेशक डॉ. जीएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार नगरपालिका के वार्ड नंबर-9 मोहल्ला शिव मंदिर परिसर चीनी मिल में आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने किया। शिविर में संक्रामक रोगों के विरुद्ध जन जागरूकता, लाइफ स्टाइल मॉडिफिकेशन अभियान चलाया गया तथा 27 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। सीएचसी परिसर में संचालित आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिखा सम्मल ने 108 लोगों का परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। साथ ही ठंड में छोटे बच्चों व बुजुर्गों का कैसे बचाव करें, इस बारे में बताया। फार्मेसिस्ट वतन कुमार ने निशुल्क दवाएं बांटी। इस मौके पर आशा रेखा, सुनीता तिवारी, उमेश चंद्र पाठक, पिंदर सिंह, बासवानंद जोशी, विपिन कुमार, सीताराम, सचिन ठाकुर आदि मौजूद थे।

### शाह सकलैन एकेडमी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**गदरपुर।** हज़रत शाह सकलैन एकेडमी ऑफ इंडिया की गदरपुर इकाई द्वाने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए। मंगलवार को में एकेडमी के प्रदेश अध्यक्ष ताहिर सकलैनी व नगर अध्यक्ष जुल्फकार अली ने वार्ड नंबर 10 में आयोजित कार्यक्रम में 200 लोगों को कंबल बांटे। इस मौके पर ताहिर सकलैनी ने कहा कि एकेडमी हर साल सर्दियों में गरीबों को गर्म कंबल और लिहाफ का वितरण करती है। नगर अध्यक्ष जुल्फिकार अली ने कहा एकेडमी द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के अलावा जरूरतमंद लोगों को राशन भी उपलब्ध कराती है।

# बाजपुर में श्रीरामध्वज की भव्य शोभायात्रा निकाली

## शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर की झांकी भी रही, यात्रा का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा वातावरण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** कारसेवकों को समर्पित कारसेवक जन आह्वान श्रीरामध्वज की शोभायात्रा निकाली गई जिसका श्रीरामभक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर की झांकी भी प्रदर्शित की गई। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की खुशी में अनेक हिंदू संगठनों द्वारा मंगलवार की सायं सरस्वती शिशु मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के साथ ही जय सियाराम, जय श्रीराम व जय हनुमान के उद्घोष के साथ भव्य शोभायात्रा की शुरुआत की, जोकि मुख्यमार्ग, रेलवे क्रासिंग, इंटर कालेज मार्केट, भगत सिंह चौक, बेरिया मोड़, कोतवाली व तहसील के सामने से होते हुए श्रीरामभवन धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने स्वागत-सत्कार किया।

इस दौरान जय श्रीराम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। बड़ी संख्या में श्रीरामभक्त हाथों में भगवा ध्वज फहराते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की झांकी के साथ ही श्रीहनुमान जी की झांकी, महिलाओं की ध्वज यात्रा व 108 मीटर लंबी श्रीरामध्वज शामिल रही। वहीं महिलाएं डोल-नगाड़े के साथ नाचते-गाते प्रभु श्रीराम का भजन करती देखी गईं।


बाजपुर में कारसेवक जन आह्वान श्रीरामध्वज शोभायात्रा में शामिल श्रीरामभक्त। ● अमृत विचार


श्रीरामध्वज शोभायात्रा में विशाल श्रीरामध्वज लेकर चलते रामभक्त।


बाजपुर में कारसेवक जन आह्वान श्रीरामध्वज शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु।

इस मौके पर आरएसएस के जिला प्रभारी संतोष सक्सेना, विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, राजकुमार चंद्रा, तहसील प्रचारक विनोद, महंत विकासानंद महाराज, वरुण वशिष्ठ, रोहित बंसल, राजेश पाठक, विकास गुप्ता, बिट्टू चौहान, नरेंद्र चौधरी, विशाल दक्ष, पंकज शर्मा, अलोक गुप्ता, गणेश यादव, प्रभात कुमार, यतिन सिंघल, गौरव शर्मा, महिपाल, सत्येंद्र वर्मा, विजय गोयल, सुमन सक्सेना, कंचन राजहंस, गीता चंद्रा, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, कुसुम सैनी, नमिता अरोरा, स्वेता, दिव्या गौतम, माया यादव, दीपा, रेनू सिंघला, बबीता, सीमा मखीजा, परवीन सिंघल आदि मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु थे।

## दिनेशपुर में निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होने पर नगर की रामलीला कमेटी, पंजाबी महासभा व दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी के सदस्यों के साथ क्षेत्रवासियों ने प्रभु श्रीराम के दरबार एवं श्रीराम का ध्वज हाथों में लेकर ढोल- नगाड़े के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से नगर गूंजायमान हो उठा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर मिष्ठान वितरण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि 500 वर्षों की करोड़ों हिंदू सनातनियों की तपस्या को साकार होते देख देश- विदेशों के करोड़ों सनातनी साक्षी बने।


अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दिनेशपुर में शोभा यात्रा निकालते रामभक्त।

शोभायात्रा में नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, रामलीला कमेटी अध्यक्ष योगेश मिगलानी, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, अतुल पांडेय, हिमांशु सरकार, दीपक मक्कड़, विशंभर लाल मिगलानी, गोपाल चक्रवर्ती, पंकज गोयल उर्फ सोनू, रोहित मंडल, चेतन सुखीजा, अशोक कालड़ा, सुकुमार सरकार, विकास अरोरा, सत्यजीत विश्वास, राहुल बाठला, रोहित मंडल, रवि सरकार, भोला शर्मा, अशोक छाबड़ा, प्रमोद अरोरा, सागर सिंह, अशोक अरोरा, दीनबंधु विश्वास, वीरभान कालड़ा, प्रवीन नारंग आदि थे।

## 2 बालिकाएं और 6 महिलाएं सम्मानित

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में दो बालिकाओं और 6 महिलाओं को सम्मानित किया गया। मंगलवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दो बालिकाओं और 6 महिलाओं को सम्मानित किया गया गया।

जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजधानी इंटर कॉलेज को विद्यालय के अध्यक्ष जयकिशन अरोरा प्रबंधक केवल कृष्ण अरोरा द्वारा संयुक्त रूप से डॉ शालिनी कपूर दंत चिकित्सक, ऋषि शर्मा कोरियोग्राफर, तनीषा चावला युवा कल्याण सदस्य, किरण गाबा शिक्षक, तृप्ति अरोरा योगा शिक्षक, आशु टम्टा बैंक कर्मचारी, किरन रावत उप निरीक्षक, सीतू कंबोज छात्रा को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष जयकिशन अरोरा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर इन सभी को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बालिकाएं और महिलाएं अपने क्षेत्र में इनको देखकर और अच्छा कार्य करें। इस मौके पर राजरानी कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष जयकिशन अरोरा, प्रबंधक केवल कृष्ण अरोरा, प्रशासनिक अधिकारी पंकज कांडपाल, प्रधानाचार्य उमा रतूड़ी, सुरजीत बत्रा आदि मौजूद रहे।


राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करते अध्यक्ष जयकिशन अरोरा। ● अमृत विचार

## दक्षिणेश्वरी कालीपीठ मंदिर में हुआ हवन-यज्ञ

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर के मां श्री दक्षिणेश्वरी कालीपीठ मंदिर (निर्माणाधीन सेवा प्रकल्प) चकरपुर रोड सिंह कालोनी में भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। साथ ही हवन-यज्ञ कर आहूतियां अर्पित की गई।

इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विकासानंद महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा से सभी में भक्ति और सद्भाव की भावना बनी हुई है।


हवन-यज्ञ कराते महंत विकासानंद महाराज।

हम इस पवित्र उत्सव का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अनुष्ठान में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे लगाए गए। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खाटू श्याम मंदिर की आधारशिला रखी

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम मंदिर का भूमि पूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना कर मंदिर की आधारशिला का कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अरुणेश मिश्रा ने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कराया।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद गोयल, गिरधारी लाल गोयल, किशन गोयल एवं मुकेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से श्री खाटू श्याम धाम से लाई गई ईंट को संयुक्त रूप से मंदिर की आधारशिला में रखा। इस मौके पर समिति अध्यक्ष गिरधारी लाल एवं महामंत्री किशन गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि किच्छा में श्री खाटू श्याम मंदिर बनाने की योजना पिछले कई दिनों से बनाई जा रही थी और अब सर्वसम्मति से निर्णय के बाद इसकी आधारशिला रख दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही भव्य खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर तमाम राजनीतिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की।


किच्छा में भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

## मशरूम के उत्पादन से कमाएं लाभः डॉ. शर्मा

**रुद्रपुर/पंतनगरः** जीबी पंत विश्वविद्यालय में व्यावसायिक मशरूम उत्पादन विषयक प्रषिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, हरिद्वार एवं बागेश्वर जनपद से आये 25 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान किसानों को मशरूम उत्पादन की तकनीक के साथ अधिक से अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कार्यवाहक निदेशक प्रसार शिक्षा शिक्षा डॉ.आरके शर्मा ने प्रतिभागियों से कहा कि मशरूम उत्पादन किसानों की आजीविका का सशक्त माध्यम हो सकता है। इसलिए सीखी तकनीक को अपने आसपास के कृषकों को भी बताएं।

## दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का शुभारंभ भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के विशेषज्ञ गौतम कुमार प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

उन्होंने कहा कि व्यवसाय योजना निर्माण के लिए इस कैंप का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को उद्यमिता में करियर और स्टार्टअप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवा अपने आइडिया को बिजनेस आइडिया तक ले जाने और उसे अपना लघु उद्योग खड़ा करने में सफल होंगे। स्टार्टअप के लिए बुनियादी कानूनी एवं वित्तीय जानकारी एवं फंडिंग योजना द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि स्टार्टअप बूट कैंप से विद्यार्थी कौशल विकास एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे और इस तरह उत्तराखंड राज्य के आर्थिक विकास में अपना योगदान अदा करेंगे। सरकार की इस योजना को लागू करने में ईडीआईआई जैसी विश्व विख्यात संस्था अपना सहयोग प्रदान कर रही है। शिविर में राजकीय महाविद्यालय, सूरजमल विश्वविद्यालय, सूरजमल कन्या महाविद्यालय, गन्ना कृषक कन्या महाविद्यालय के करीब 264 विद्यार्थियों ने प्रथम दिवस हिस्सा किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ प्रकाश चंद्र भट्ट, डॉ. इंदु कपूर, सुरभि वार्ष्णेय, नेहा पुष्पक, सलमा खातून, जानकी जोशी, गौरव जोशी, डॉ कमला भाकुनी, डॉ. तनुज बोहरा, डॉ. उमराव सिंह, हर्षित तिवारी, शुभम गंगवार, लवली पांडे, आनंद सिंह, गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।



किच्छा में मुख्य अतिथि को बैच लगाते प्राचार्य एवं मंचासीन वरिष्ठ जन। ● अमृत विचार

## आस्था

### भगवती मंदिर पहुंचकर कलश में जल भरने के बाद पुन : बाजे-गाजे के साथ वापस व्यास पीठ पर पहुंची यात्रा

# जवाहरनगर में कलश यात्रा संग श्रीमद् देवी भागवत शुरू

संवाददाा, शांतिपुरी/जवाहरनगर

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर क्षेत्र में साप्ताहिक श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य शुभारंभ मंगलवार प्रातः मुख्य यजमान राजेन्द्र पटवाल पत्नी सुनीता पटवाल के नेत्रित्व में निकली कलश यात्रा से हुआ।

मां दुर्गा की शानदार झांकी के साथ शुरू हुई कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से जवाहरनगर क्षेत्र होते हुए भगवती मंदिर पहुंची। जहां कीर्तन-भजन एवं कलश में जल भरने के बाद यात्रा पुनः बाजे-गाजे के साथ वापस व्यास पीठ पर पहुंची। इस दौरान पंडित खष्टी बल्लभ जोशी श्री गणेश पूजन, पंचदेव पूजन एवं व्यास पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न कराए। अपराहन एक बजे से शुरू हुई प्रथम दिन की कथा में व्यास कपिल देव महाराज ने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा करने व सुनने मात्र से न केवल आस पास का पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है बल्कि मोक्ष प्राप्ति भी होती है। उन्होंने कहा कि कथा के प्रभाव से जहां एक ओर लोगों में सद विचार उत्पन्न होते हैं वहीं दूसरी ओर वहां मौजूद सभी आसुरी शक्तियों का नाश हो जाता है। कथा विश्राम से पूर्व मुख्य यजमान राजेन्द्र पटवाल ने लोगों से नित्य प्रतिदिन अपराह्न एक बजे से शाम चार बजे तक कथा श्रवण करने व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। इस दौरान पार्वती श्यामशुन्दर पटवाल, कमल पटवाल, खड़क सिंह बोरा, लक्ष्मण मनराल, चन्दन बिष्ट, पार्वती चंदौला, दीप्ती पटवाल, ममता पटवाल, अंजुला पटवाल, मंजू देवी, प्रवीन पटवाल, ममता बिष्ट, चित्रा बिष्ट, सरस्वती बिष्ट, दुर्गा बिष्ट, सुरज पटवाल, कनिका पटवाल, ताश्वी पटवाल, प्रिया पटवाल, हंशिका, कमला पटवाल, लता पटवाल, हेमंत पटवाल, ग्राम प्रधान दीपा कांडपाल, कमला नौलिया, नरेन्द्र आदि मौजूद रहे।


श्रीमद् देवी भागवत कथा के शुभारंभ पर शांतिपुरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

## साहित्यकार रामरतन को मिला 'किशन सरोज स्मृति सम्मान'

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** बरेली में आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में साहित्यकार रामरतन यादव को किशन सरोज स्मृति सम्मान 2024 से अलंकृत किया गया। उनके इस सम्मान मिलने पर तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई दी है।

बरेली के खुशलोक अस्पताल के सभागार में 21 जनवरी को राष्ट्रीय कवि संगम " राष्ट्र जागरण धर्म हमारा", बृज प्रांत नाथ नगरी बरेली और अखिल भारतीय काव्य धारा रामपुर के सौजन्य से गीत ऋषि स्व. किशन सरोज की जयंती पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें साहित्यकार राम रतन यादव को "किशन सरोज स्मृति सम्मान" से सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने पर राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की अधीक्षिका अंजलि कपिल, अमरजीत, कमलेश यादव, श्री अवधेश कुमार रावत, श्रीमती तारा भट्ट, तारा राणा, साहित्यकार हिमांशु श्रोत्रीय निष्पक्ष ,डॉ. रूपचंद शास्त्री, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे, डॉ. सिद्धेश्वर सिंह, राधा तिवारी, बाबूराम, त्रिलोचन सिंह जोशी आदि ने बधाई दी है।



खटीमा से बरेली में साहित्यकार रामरतन यादव को सम्मानित करते अतिथि।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रिया : ।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता ।।

साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

## संपादकीय

# भरोसे लायक नहीं चीन

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपनी उपस्थिति और ताकत लगातार बढ़ा रहा है। भारत, उसके सहयोगियों और चीन के बीच नौसैनिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है। नवंबर में एक पनडुब्बी सहित पांच चीनी नौसैनिक जहाजों ने पाकिस्तान के तट पर संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। दिसंबर के मध्य में एक भारतीय नौसैनिक जहाज ने फिलीपींस नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लिया। फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ नियमित गतिरोध चल रहा है। इस बीच चीन के एक अनुसंधान जहाज के मालदीव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यह जहाज अगले चार महीनों तक अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में रह सकता है। ऐसा माना जाता है कि अनुसंधान जहाज पानी के नीचे की संरचनाओं का मानचित्रण कर रहा है और महासागरों के इस हिस्से में भारतीय नौसैनिक गतिविधि पर भी नजर रख रहा है। ध्यान रहे चीन का विशेष जहाज, जियांग यांग होंग 3 भारत के आसपास के जल क्षेत्र में पहले भी दो लंबी यात्राएं कर चुका है। ऐसे जहाजों का प्राथमिक उद्देश्य निश्चित रूप से सैन्य लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब भारत पहले से ही मालदीव में राजनयिक विरोधाभासों का सामना कर रहा है, चीन की यह कार्रवाई चिंता पैदा करती है। कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों पर उठे सवाल के बाद मुस्लिम बहुल देश मालदीव को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में है। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कंपाला में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपने मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत की थी। कहा जाता है कि ज़मीर ने मालदीव की मांग दोहराई कि भारत को अपने 87 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना कम ही है कि भारत इस तरह की वापसी के लिए तैयार होगा।

गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 10 जनवरी को बीजिंग में एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है। उसका इशारा भारत की ओर था। यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिए कभी भी खतरा नहीं बन सकता परंतु चीन नजदीकी जताकर उसे भारत से उलझने के लिए उकसा रहा है। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये प्रभावित करता है। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत को इससे सतर्क रहना होगा।

# पिछड़े-वंचितों की सशक्त आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।



100 वीं जंयती पर

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

प्रजातंत्र, बहस और डिस्कसन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्य योजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## प्रसंगवश

# राजधर्म पालन का सही उदाहरण



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

रामो विग्रहवान् धर्मस्साधुस्सत्यपराक्रमः। राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां मघवानिव।। (रामायण, अरण्य कांड, सर्ग-37, श्लोक-13) अर्थात राम मूर्तिमान धर्म हैं, वे बड़े साधु व सत्य पराक्रमी हैं। राम समस्त लोक के राजा हैं जैसे देवताओं के राजा इंद्र हैं। मेरे मत में, राम हमारे पूर्वज हैं जिनमें परम ब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य बहुत उच्च अंश तक था। राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए, पुरानी अस्वस्थ मर्यादाओं के स्थान पर नई स्वस्थ मर्यादाएं स्थापित की। राम का आचरण उदाहरणीय है एवं उनके उपदेश अनुसरणीय हैं। राम का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना श्रेयस्कर है। राम नाम, राम महापुरुष से प्राचीन है। गुरु वशिष्ठ ने सोच-समझकर उस अद्भुत गुण-संपन्न बालक का नाम 'राम' रखा था जो आगे चलकर राजा राम हुआ एवं भारत ही नहीं, समस्त मानव समाज का मार्ग दर्शक बना।

राम ने पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्य, शिष्ट एवं विनम्रता के प्रति मनुष्य के कर्तव्य एवं दायित्व के मानदंड स्थापित किए। राम ने पुत्र, पति, योद्धा, राजा एवं सामान्य मनुष्य के समक्ष कर्तव्य पथ पर प्रायः आने वाली दुविधाओं का अनुसरणीय हल प्रस्तुत किया। राम ने उपस्थित दुविधा अर्थात् द्वंद्व का निवारण त्याग से किया। जब भी ऐसा द्वंद्व आया कि दो विकल्प में से कौन-सा मार्ग चुनें, तो राम ने आत्म-त्याग वाले रास्ते को चुना। यह सूत्र हमेशा मानव-कल्याण का पथ प्रदर्शक रहेगा। यही सूत्र हमारे हुक्मरान -प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य समस्त शक्ति संपन्न व्यक्तियों तथा संस्थाओं के लिए सही मार्गदर्शन कर सकता है। हमेशा अपने को सही समझना और अपनी बात पर अड़े रहना एवं तुच्छ राज-हठ है। यह कल्याणकारी मार्ग नहीं है।

एक तरफ अपना निर्णय और दूसरी तरफ लोक-आकांक्षा हो और दोनों सही लगें, तब आत्म-त्याग सी सही रास्ता दिखाएगा। राम द्वारा राज-धर्म पालन के लिए प्रस्तुत यही सही उदाहरण है।

# रामलला से रामराज तक



अमित तिवारी
लखनऊ

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है।

रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला पूर्णरूप से विराजमान हो गए। पूरे देश में हर्षोल्लास था। चारों ओर जगमग वातावरण, जिधर दृष्टि डालो उधर ही राम नाम का ध्वज, जिधर सुनो उधर ही राम नाम का भजन, घरों और मंदिरों में कीर्तन। घर-घर में दिए जलाए गए, तरह तरह के व्यंजन बने, पकवान बने। भारतीय समाज को एक नया त्यौहार मिल गया। हर वर्ष अब इस तिथि को वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा ऐसी संभावना है। कोई आसमान से देखता तो कहता जनवरी में दीवाली मनाई जा रही है।

राम आस्था हैं, राम भारत की संस्कृति के आधार हैं, सभ्यता के सूचक हैं, राम गृहस्थों के भी'राम' हैं और साधु संतों के भी' राम' हैं। राम का नाम लेते ही जैसे हृदय शीतल हो जाता है। राम के आने से राम जैसा राज भी आएगा ऐसी मान्यता है। राम के आने से सबके जीवन में सुकून और प्रेम आएगा ऐसा कहा जा रहा है और आएगा रामराज भी...

रामराज आए इसके लिए यह भी जानना आवश्यक है कि आज के समय में रामराज कैसा होना चाहिए? रामराज की परिकल्पना तब जब विश्व संस्कृतियां, विश्व सभ्यताएं, विश्व भाषाएं आपस में हिल मिल गई हैं। रामराज की परिकल्पना इन्टरनेट और फिर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परिवेश में कैसी होनी चाहिए? रामराज की परिकल्पना जब देश, लोकतंत्र और तरह-तरह को राजनीतिक दल, तरह-तरह के मुद्दे, तरह तरह के विचार, तरह-तरह के संप्रदाय, धर्म से फल-फूल रहा हो और जिसमें रीतियों के साथ साथ कुरीतियों का भी बोलबाला हो। रामराज की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज धर्मनिष्ठ आध्यात्मिक हो, परन्तु वह धर्म अधूरा है जहां सिर्फ मान्यताओं और परंपराओं को ही प्रथम रखा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि वेदांत भी घर-घर में हो जिसका सही तरीके से पाठ हो और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास हो, तब जाकर धर्म अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। धर्म के विमर्श के इतर कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिनपर हमें दृष्टि डालनी होगी। जैसे समाज का ढांचा और उसमें पल रही हिंसा। हिंसा का परिमापन इसलिए भी आवश्यक है कि बिना उसके आध्यात्मिक होना असंभव है, और फिर धार्मिक तो हुआ ही नहीं जा सकता, अतः रामराज की परिकल्पना भी आधी-अधूरी ही रह जाएगी।

समाज में हिंसा कई तरह से व्याप्त है। व्यक्ति जन्म के साथ ही कुछ हिंसा लेकर आता है और बाकी हिंसा यहीं समाज में सबके बीच में रहकर सीखता है। पूर्ण रूप से व्यक्ति अहिंसक हो जाए ऐसा तो लगभग असंभव है। जीने के लिए किये गए प्रयासों में बहुत से ऐसे कार्य हैं जो कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हिंसा से जुड़े ही हैं। परन्तु जीवित रहने के लिए कहीं न कहीं से हिंसा का होना और मन की इच्छाओं या यूं कहें की लगभग सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों में जो हिंसा है संभवतः उस हिंसा के बिना भी जीवन जिया जा सकता है।

क्यूंकि हिंसा सिर्फ शब्द भर नहीं एक बेहद ही खतरनाक प्रभाव भी है, उनपर जिनपर उस हिंसा को करके इच्छा की पूर्ति की गई। जितना समृद्ध हम होते गए उतनी ही हिंसा भी बढ़ती गई। आज के समय में हो रही ऐसी हिंसा का प्रभाव व्यापक है। आज भारत देश ही जोकि शाकाहार का अग्रज रहा है विश्व भर में, वहाँ सत्तर प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मांसाहारी है।

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है। महिलाओं के लिए, गरीब पिछड़ों के लिए, ट्रांसजेंडर और समलैंगिकों के लिए वैसे ही अब समय आ गया है जब अधिकार तय हो पशुओं, पक्षियों, जानवरों के लिए भी।

## सोशल फोरम

# राम नायक रहे हैं



फ़ायक अतीक किदवई
लखनऊ

पुरूषोत्तम राम के चरित्र का समग्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता, वो प्रजा के लिए कैसे थे स्त्री के लिए कैसे थे इन बातों पर हमारे विचार कुछ किताबों के आधार पर ही होते हैं। जबकि रामायण हजारों के ऊपर है हम लोगों के लिए वाल्मीकि की रामायण या तुलसीदास की रामचरितमानस ही प्रमुख है जैसे दक्षिण में कम्बन की रामायण 'इरामावतरम' बहुत विख्यात है। यहां तो उड़िया तेलगु वगैरह में तो है ही बाहरी दुनिया मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, बर्मा, चीन, नेपाल, तिब्बत थाईलैंड जैसे बहुत से देशों में अलग-अलग तरह से हैं। दिलचस्प बात है शेख़ सादी ने भी लिखा है।

भारत में 70 से ज़्यादा रामायण हैं लगभग सबमें थोड़ा-थोड़ा फ़र्क है। ईसा से पहले की बौद्ध जातक कथाओं जैसे दशरथ जातक कथा, बुद्धचरित के राम अलग है, कहते हैं कि बुद्ध ने अपने शिष्यों को रामकथा सुनाई थी, इसमें राम बहुत ज्ञानी संयमी और उच्च चरित्र के हैं आप इसमें उनपर स्त्रीविरोधी, शूद्रविरोधी जैसे आरोप नही लगा सकते, किंतु इसमें "सीता" उनकी पत्नी नही बल्कि बहन है ऐसे ही जैन रामायण (पौमाचरिता) में रावण को जैन बताया गया है, और उनकी हत्या लक्ष्मण करते हैं। ऐसे ही दक्षिण की रामायण में राम की बहन शांता के बारे में है और वहां भी रावण का चरित्र ऊंचा है। राम को सूरज भगवान रॉ का अवतार माना जाता है, वही सूर्यवंशी भगवान सूरज रॉ जिनका मिश्र में 5000 साल पुराना सूर्य मंदिर करनाक( कर्णाक) है सीधे तौर पर कहें तो भले हमारे पास पुरातात्विक सुबूत न हो, पर किसी व्यक्ति के बारे में इतनी जगह ज़िक्र हो तो उसके अस्तित्व पर तो प्रश्न नही उठा सकते।। राम किसके थे, राम कैसे थे, राम कहां पैदा हुए, इस पर विवाद हो सकता है पर ये मानना पड़ेगा कि "राम" नायक रहें हैं और जिनके बारे में इतना अलग अलग तरह से लिखा गया तो उनके मानने वाले को भी समग्रता से सोचना होगा। जैसे अलग-अलग किताबो, मान्यताओं से राम के अलग अलग चरित्र को देखते हैं वैसे ही उन्हें समझना होगा कि राम सबके हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अयोध्या:इतिहास के धूमिल होते पृष्ठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

अयोध्या में राम मदिर में रामलला का नवीन श्रीविग्रह स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित हो गया। यह ऐतिहासिक दिन था, हालांकि एक ओर जहां इतिहास सृजित हो रहा था, वहीं दूसरी ओर इतिहास के कुछ स्वर्णिम पृष्ठ धूमिल हो रहे थे। यह दिन एक दिन के श्रम, त्याग और बलिदान की परिणति नहीं थी, बल्कि इसका एक लंबा इतिहास है। प्रायःलोगों को ध्वज का वस्त्र तो फहराता हुआ दिखता है, किंतु उस दंड (डंडे) को महत्व नहीं दिया जाता, जिसकी बदौलत वह पताका फहरा रही है। शेक्सपियर ने अपने नाटक 'जूलियस सीज़र' में कहा है कि 'छत पर पहुंच जाने पर प्रायः लोग उन सीढ़ियों की तरफ पलट कर नहीं देखते, जिन पर से होकर वे छत पर पहुंचने में समर्थ होते हैं। ऐसा ही कुछ राम मंदिर प्रकरण में घटित हुआ है। आइये स्मरण करें। पहले यहां मस्जिद बनी थी और उसी में रामलला विराजमान थे, जिसमें ताला लगा था। दर्शन बाहर से ही हो जाते थे। स्थानीय वकील उमेशचंद्र पाण्डेय, जो पत्रकार भी थे, ने इस प्रकरण को लेकर ताला खुलवाने हेतु मुंसिफ सदर के न्यायालय में एक याचिका 1 जनवरी,1986 को दायर की, जो खारिज हो गई। तब उन्होंने जिला जज फैजाबाद कृष्णमोहन पाण्डेय के न्यायालय में 28 जनवरी को अपील दाखिल की। जज साहब ने इसे सुना और 1 फरवरी को ताला खुलवाने का फैसला दे दिया। उन्होंने डीएम और एसपी को भी तलब किया था। तत्काल ताला खुल गया। इसके एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय हाशिम अंसारी ने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी। वर्तमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिवक्ता उमेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित नहीं किया गया, हालांकि हाशिम अंसारी के बेटे को निमंत्रित किया गया। बताते चलें कि हाशिम की मृत्यु हो चुकी है। इसके पश्चात् उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में लंबी लड़ाई चली, जिसमें रामलला के सखा बनकर छपरा(बलिया) के त्रिलोकीनाथ पांडेय ने आजीवन संघर्ष किया। उनका तो निधन हो चुका है, किंतु उनकी पत्नी व पुत्र विद्यमान हैं, जिन्हें मांगने पर भी इस समारोह का निमंत्रण नहीं मिला, जबकि फिल्मी अभिनेता और रुपहले पर्दे की सुंदरियां सादर आमंत्रित की गईं।

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे। इस दौरान, प्रतिबंध के बाद भी कार सेवा हुई। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायमसिंह यादव ने कारसेवकों पर 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को गोलियां चलवाईं, जिसमें लगभग तीन दर्जन कार सेवकों की मृत्यु हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसी भी बहाने आडवाणी जी को दूर रखा गया, लेकिन मुलायम पुत्र अखिलेश को न्यौता भेजा गया। मालूम हो की मोदी सरकार ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत 'पद्मविभूषण' अलंकरण से भी नवाज़ा है। अंततः 6 दिसंबर '1992 को जन समुद्र ने मस्जिद ध्वस्त कर दी। तत्समय आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती आदि सब अयोध्या में ही थे। प्रदेश में कल्याणसिंह की सरकार थी। यदि वे भी मुलायमसिंह की तरह गोली चलवाते, तो मस्जिद ध्वस्त नहीं हो सकती थी, और तब मंदिर बनता कैसे? उनकी सरकार केंद्र ने बर्खास्त कर दी। उन्होंने सरकार तो गंवाई किंतु मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। तब नरेंद्र मोदी को कोई नहीं जानता था। 2019 में इस यहां नरेंद्रमोदी द्वारा किए गए भूमि पूजन कार्यक्रम में ये महानायक दूर रक्खे गए, तब वे जीवित थे। 22 जनवरी वाले सद्यः सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समय कल्याणसिंह तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, किंतु उनके सांसद बेटे राजवीरसिंह तो आमंत्रित किए जा सकते थे। मोदी को अपने संबोधन में कृष्णमोहन पांडेय जज को भी स्मरण करना चाहिए था। जनता की याददाश्त कमजोर मानी गई है। सोचा याद दिला दें और विस्मृत होती इन पावन आधार शिलाओं का सादर स्मरण कर लें।

# पहचान भाषा से नहीं मनुष्यत्व से बनाएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

हिंदी समाज भाषा के दुर्बलवीरों से भरा पड़ा है। कहने को वे ढेरों किताबें लिखते हैं, ढेरों किताबें पढ़ते हैं,यहां तक कि किताबों को निगलते रहते हैं, लेकिन मानसिक शक्ति परिपक्व नहीं होती। हमारे लेखक आधुनिक विषय को गहराई में जाकर पकड़ नहीं पाते। प्रयोजनमूलक भाषा और सरकारी भाषा से हमारी मानसिक पाचन-शक्ति का ह्रास हुआ है।

हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ के फासले में सीमित है, लेकिन हम उसके लिए साढ़े तीन हाथ का घर नहीं बनाते, बल्कि बड़ा घर बनाते हैं। उसी तरह भाषा और शिक्षा के प्रति भी हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। हमें हर चीज को उपयोगिता के आधार पर ही तय नहीं करना चाहिए। जीवन के लिए उपयोगी से ज्यादा अनुपयोगी चीजों की जरूरत होती है, सारे समाज के विकास का यही नियम है, हमने अपने बच्चों को उपयोगितावादी बना दिया। हिंदी से लेकर अन्य भाषा के लोग उपयोगितावादी ढ़ंग से पठन-पाठन करते हैं, इससे न तो व्यक्ति का विकास होता है और न समाज का विकास होता है। मेरे लिए उपयोग के लिए हिंदी ही काफी है लेकिन समाज के लिए तो मुझे दुनिया की सभी भाषाओं की जरूरत है, मुझे सभी भाषाओं के प्रति सम्मान, समानता और शिष्ट आचरण करना होगा। मुश्किल यहीं पर है,हमारे हिंदी के अनेक शिक्षकगण हिंदी के नशे में चूर हैं और वे कुछ भी देखने, सुनने, समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

साधारण सी बात है आप हिंदी की वकालत करते हैं लेकिन हस्ताक्षर हिंदी में नहीं कर पाते, हिंदी से कंप्यूटर पर लिख नहीं पाते, इस पर आपने कभी ख्याल किया, आप यदि सच में भाषा को आदत में रूपांतरित कर लेते हैं तो यह मुश्किल नहीं आएगी, हम सबकी मुश्किल यह है कि हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसको आचरण, जीवनशैली और भाव जगत के साथ एकमेक नहीं कर पाए हैं, इसीलिए आए दिन भाषा का शोर मचाते रहते हैं। भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत में शिक्षितों की शिक्षा और भाषा का जीवन से कोई संबंध नहीं है। यह स्थिति कमोबेश सभी भाषाओं की है। हमारी भाषा और शिक्षा हमारे समाज में मौजूद ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता को नष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि यह देखा गया है कि हम सबमें ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता के खिलाफ बोलने-लिखने और आचरण करने की इच्छा ही नहीं है। भाषाई उन्माद ग्राम्य-बर्बरता का भाषिक रूप है, जिसे हम कभी खुलकर चुनौती नहीं देना चाहते। शिक्षित होकर कायदे से अपनी भाषा से प्रेम गाढ़ा होना चाहिए लेकिन हुआ एकदम उल्टा,शिक्षित होकर हम अपनी भाषा से कटते चले गए। फलतःसमाज में मनुष्यत्व और सभ्यता का विकास नहीं कर पाए।

# बार खोलने की सुगबुगाहट से भड़के ग्रामीण

## एडीएम को सौंपा ज्ञापन, ग्रामीणों ने कहा कि मांग न मानी तो सड़कों पर उतरकर करेंगे उग्र आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के बेस क्षेत्र में शराब बार खोलने की आशंका को लेकर खत्याड़ी के ग्रामीण विरोध पर उतर आए हैं। इस मामले में ग्रामीणों ने डीएम के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी सूरत में ग्राम पंचायत व अस्पताल के पास शराब बार नहीं खोलने दिया जाएगा। अगर शराब बार खुला तो वह सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हवालबाग व खत्याड़ी निवासी आनंद सिंह कनवाल ने कहा कि ग्राम पंचायत खत्याड़ी के पास शराब बार खुलने की जानकारी ग्रामीणों को मिली है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर बार खोलने की आशंका है वहां से कुछ ही दूरी पर बेस अस्पताल भी है। ऐसे में वह गांव व अस्पताल के नजदीक किसी भी कीमत में शराब बार नहीं खुलने देंगे। उन्होंने कहा कि इय क्षेत्र में बार खुलने से जहां यहां की शांति भंग होने की आशंका है। वहीं बार खुलने से युवा पीढ़ी के नशे की गिरफ्त में आने की प्रबल संभावना भी है।

ज्ञापन में क्षेत्र के लोगों ने कहा है कि वह पहले से ही इस क्षेत्र में शराब की दुकान अथवा बार खोलने का विरोध कर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी कुछ रसूखदार लोग इस क्षेत्र में बार खोलने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। जिसे पूरा नहीं होने दिया जाएगा। डीएम को संबोधित ज्ञापन में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर खत्याड़ी ग्राम पंचायत के नजदीक शराब बार खुला तो वह सड़क में चक्काजाम, अनशन जैसे सभी कदम उठाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन में ग्राम प्रधान खत्याड़ी राधा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा आर्या, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह कनवाल, देव सिंह कनवाल, हरीश कनवाल, प्रताप कनवाल, राजेंद्र कनवाल, हर्ष कनवाल आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।



बार खोलने के विरोध में एडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### 312वें दिन भी जारी रहा धरना- प्रदर्शन

**रानीखेत, अमृत विचार :** रानीखेत विकास संघर्ष समिति के बैनर तले नगर पालिका परिषद में छावनी परिषद के नागरिक क्षेत्र को शामिल करने की मांग पर धरना-प्रदर्शन सोमवार को 312वें दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान नागरिकों ने नगरपालिका परिषद में शामिल किए जाने की मांग और चुनाव बहिष्कार को लेकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि रानीखेत की जनता 3 दशकों से अधिक समय से कैंट सिविल क्षेत्र को नगर पालिका में सम्मिलित किए जाने की मांग करती आ रही है। लेकिन वर्तमान तक उनकी मांग को दरकिनार किया जाता रहा। कहा कि आंदोलन मांग पूरी होने तक जारी रहेगा।प्रदर्शन में गिरीश भगत, डॉ चारू पंत, खजान जोशी, खजान पांडे, अशोक पाण्डे, एलडी पांडे, दीप भगत, हरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### प्राधिकरण के विरोध में गांधी पार्क में दिया धरना

**अल्मोड़ा, अमृत विचार** प्राधिकरण के विरोध में सर्वदलीय संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया। कहा कि लोग लंबे समय से प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार अपनी मनमर्जी कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के दो मुख्यमंत्री डीडीए का पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा भी कर चुके हैं। लेकिन वर्तमान सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, हेम चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रत्येश पांडे, आनंद सिंह बगडवाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, आनंदी वर्मा, भारत रत्न पांडे आदि रहे।

### मुआवजा देने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** बीते दिनों सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान व ठेकेदार की मौत मामले में ठेकेदार संघ मुखर हो गया है। मंगलवार को संघ के पदाधिकारियों ने मृतक के परिवार को मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर जल निगम को ज्ञापन सौंपा। एक सप्ताह के भीतर मुआवजा नहीं दिए जाने पर संबंधित विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन और तालाबंदी की चेतावनी दी है ।

पर्वतीय ठेकेदार संघ के पदाधिकारी मंगलवार को मालरोड स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। जहां उन्होंने बीते दिन सीवर लाइन निर्माण कार्य के बीच ट्रेक्टर की चपेट में आने से बिमौला निवासी ठेकेदार व पूर्व प्रधान हरीश सिंह बिष्ट के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने निर्णाधीन संस्था जल निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग उठाई। एक सप्ताह के भीतर मुआवजे की कार्रवाई नहीं होने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन समेत तालाबंदी की चेतावनी दी।

# कर्मचारियों के रिक्त पदों पर नहीं हुई तैनाती

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के शिक्षा विभाग में लंबे समय से मिनिस्टीरियल कर्मचारियों के रिक्त पदों पर तैनाती नहीं हो पा रही है। जिस कारण विभाग के एक कार्मिक के पास कई पटलों का प्रभार होने से उन्हें काम के अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन लंबी मांग के बाद भी कार्मिकों की तैनाती के संबंध में शासन से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

अल्मोड़ा जिले के शिक्षा विभाग की बात करें तो यहां लंबे समय से मिनिस्टीरियल कर्मचारियों के 90 पर रिक्त चल रहे हैं। विभागी अधिकारियों के अनुसार आगामी छह महीनों में करीब दस से अधिक कर्मचारी और सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में विभाग का कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी हाईस्कूल, जीआईसी, जीजीआईसी में मिनिस्टीरियल कार्मिकों के 541 पद सृजित हैं। इनमें मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायकों की कमी से कार्यालयों के काम प्रभावित हो रहे हैं। संगठन ने कई बार शासन से रिक्त पदों पर तैनाती करने की मांग भी की। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिस कारण मिनिस्टीरियल कर्मचारी अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। मिनिस्टीरियल कर्मचारियों ने शासन से रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती की मांग की है। कार्रवाई ना होने पर कर्मचारियों ने भविष्य में उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इधर सीईओ अंबा दत्त बलौदी ने कहा है कि कर्मचारियों के रिक्त पदों की सूचना शासन को दी गई है। इन पदों पर नियुक्ति शासन स्तर से होती है। नियुक्ति होने पर उन्हें प्राथमिकता से तैनाती दी जाएगी।

# गांजे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** पुलिस, एसओजी व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बार्डर पर चेकिंग के दौरान 9 किलो 555 ग्राम गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पिलर न0 802/2 में पुलिस, एसओजी व एसएसबी की संयुक्त टीम की चेकिंग अभियान के दौरान वीर बहादुर बोरा पुत्र धर्म बहादुर बोरा, उम्र 50 वर्ष, ग्राम मल्ला डी, बैतडी, नेपाल व हाल निवासी सुभाष मार्केट, कोटला, मध्य दिल्ली के पास से 9 किलो 555 ग्राम गांजा बरामद किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि आरोपित गांजा को नेपाल से दिल्ली में ऊंचे दाम पर बेचने के लिए ले जा रहा था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया व उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिह जगवाण, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, जितेन्द्र सिंह बिष्ट, मतलूब खान, गणेश बिष्ट, उमेश राज, नवल किशोर, जगदीश कन्याल, एसएसबी के लाल चन्द, विकास कुमार, रंजीत कुमार, अजय कुमार, विजेंद्र शामिल थे।



गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस, एसओजी और एसएसबी टीम।

# योजना से पानी तो नहीं मिला, चोरी होने लगे नल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भनोली तहसील के काफलीखान में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल लाइनों से लोगों को पानी नहीं मिल रहा लेकिन अराजक तत्व गिरोह बनाकर रात में नलों को चोरी करने लगे हैं। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा है कि पेयजल लाइनों को उखाड़ कर नलों की चोरी करने वाले गिरोह का आतंक है। काफली कोटिला के चनर सिंह, दुनाड़ अटकन्या के मोहन चंद्र समेत अनेक ग्रामीणों की पेयजल लाइन को उखाड़ की नल चोरी कर लिए हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि अज्ञात चोर छोटे-छोटे तोकों व एकल परिवार वाले घरों की पाइप लाइन को अपना निशाना बना रहे हैं। इन लाइनों में पानी की आपूर्ति कभी कभार होती है, इसलिए लोगों को आसानी से इसका पता भी नहीं चल पाता। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन व थाना दन्या से मांग की है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए व गांवों में भी गश्त लगाई जाए। ग्रामीणों ने कहा कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा तो वे आंदोलन करेंगे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी आंकाक्षा कोंडे ने विकास भवन में जिले के अधिकारियों की बैठक ली। सीडीओ ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी व सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

सीडीओ ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी सुबह सात बजे नंदा देवी प्रांगण से मुख्य बाजार होते हुए चैघानपाटा तक जाएगी। इसके लिए उन्होंने सीईओ को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। बताया कि 26 जनवरी के दिन प्रातः नौ बजे सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान एवं संकल्प पढ़ा जाएगा। साढ़े नौ बजे जनपद मुख्यालय में झंडारोहण किया जाएगा। समस्त उपजिलाधिकारी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों, सैन्य विधवाओं, राज्य आंदोलनकारियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करें। ध्वजारोहरण एवं पुलिस परेड का आयोजन साढ़े दस बजे से एक बजे तक पुलिस लाइन में किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक आदि उपस्थित थे।



विकास भवन में अधिकारियों की बैठक लेतीं सीडीओ आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

# कोतवाली के पास खड़े ट्रक में लगी आग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली गेट के पास खड़े ट्रक में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ट्रक के भीतर किसी के न होने से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस शॉर्ट सर्किट से आग लगने का मुख्य कारण मान रही है। चर्चा है कि यह ट्रक पिथौरागढ़ के सरन ट्रांसपोर्ट का है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार रात्रि ट्रक संख्या यूके 05 सीए 1052 में एकाएक आग लग गई। पिथौरागढ़ के गुरना गांव का ट्रक चालक हरीश वाहन को लॉक कर नायक गोठ गांव में रहने वाले दोस्त हरीश मेहता के घर खाना खाने गया था। सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझाई लेकिन तब तक ट्रक का अधिकांश हिस्सा जलकर राख हो चुका था। यदि जल्द आग पर काबू नहीं किया जाता तो पास के मकानों को भी खतरा हो सकता था।

एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकता है। फिलहाल किसी की ओर से इस घटना की तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई है।



टनकपुर कोतवाली के पास सड़क किनारे धू-धू कर जलता ट्रक। ● अमृत विचार



पूर्व दर्जा राज्य मंत्री माहरा के आवास पर शोक संवेदना जताने पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी।

# माहरा के आवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री परिजनों से मिलकर जतायी संवेदना

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री दिवंगत हयात सिंह माहरा के पैतृक गांव इन्द्रपुरी, बाराकोट ईजड़ा लोहाघाट पहुंच कर शोकाकुल परिवार के साथ मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मैदान ईजड़ा गांव में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचे। वहां से वह पैदल एवं कार से गांव ईजड़ा स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार जनों को गले लगाकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सीएम ने कहा कि माहरा के जाने से पार्टी को क्षति हुई है, वे पार्टी के लिए एक स्तंभ रहे। बीते दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा के पिता पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हयात सिंह माहरा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिपं अध्यक्ष ज्योति राय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, उद्योगपति नरेंद्र लडवाल, मुकेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी नवनीत पांडेय, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लोहाघाट गोविंद लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-322

**बाएं से दाएं**

2. 1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।

5. 1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।

6. 1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने

8. 1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. छोटा 2. कनिष्ठ।

3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना; सुसज्जित करवाना।

4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।

5. 1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग-रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।

7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



## वर्ग पहेली - 321 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | | 2 रो | |
| | | | 3 ए | ष | णी |
| | 4 सं | | | म | |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | |
| | र | | व | | 7 चौ |
| | ण | | दा | | को |
| | | 8 बि | न | वा | ना |

## सुडोकू-39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

## सुडोकू - 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 21.49 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। लंब यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आप काई सक्रिय रहने वाले हैं।

**वृष** – आज बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेते रहना आपके लिए लाभकारी होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठायेंगे। संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**मिथुन** – आज बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सभी कार्यों को सलीके से करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। नए कार्य की रूपरेखा बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** – आज घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं। धन उधार देने से आपका धन फंस सकता है। आज का दिन धैर्यपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है।

**सिंह** – आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशन्सा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**कन्या** – आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला** – आज आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा। जीवनसाथी से आपको आज सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपको गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में बदलाव करने से बचें। शुगर के रोगियों को कुछ परेशानी हो सकती है। मन में कुछ गलतियों को लेकर पश्चाताप की भावना रहेगी।


**धनु** – आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** – आज महिलाओं के लिए दिन काफी कमजोर रहेगा। जॉब संबंधित इन्टरव्यू में आपसे अटपटे सवाल पूछे जा सकते हैं। साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता अवश्य रखें। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहने वाला है।

**कुंभ** – आज दिन के उत्तरार्द्ध में आपकी मनोस्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है। दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाक़ात होगी।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। मन कुछ अशान्त रहने वाला है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.57-12.40 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्णरात्रि तक।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी – सुबह : 09.08
खुद्दार – दोपहर : 03.38

SONY MAX
दिल तो बच्चा है जी – सुबह : 10.52
पति पत्नी और वो – रात : 07.00

Utsav Gold
जुबान – सुबह : 09.00
किक – रात : 07.00

ZEE CINEMA
हीरो – सुबह : 11.20
त्रिमूर्ति – रात : 07.00

colors CINEPLEX
बद्रीनाथ की दुल्हनियां – सुबह : 09.33
भागम भाग – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो!
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो!
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

पत्नी-अजी सुनते हो ?
ऊपर से वह बैग उतार देना! मेरा हाथ कुछ छोटा पड़ रहा है।
पति- तो जुबान से ट्राई कर ले।
फिर क्या घर में महाभारत छिड़ गई।

# इंडिया गठबंधन की बैठक, भाजपा रही निशाने पर

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का आरोप-22 जनवरी का कार्यक्रम धार्मिक कम राजनीतिक ज्यादा था, गठबंधन की कई मुद्दों पर सहमति

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों एवं सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों की बैठक में तमाम मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गई।

बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन महारा ने आरोप लगाया कि भाजपा सुनियोजित रणनीति के तहत देश में स्थापित संस्थाओं को बर्बाद करने पर तुली है। फौज में अग्निवीर जैसी योजनाओं को लाकर देश की सीमाओं को कमजोर करने की तैयारी की जा रही है। आरोप लगाया कि आज देश सांप्रदायिकता की आग में झुलस रहा है। धार्मिकता और सांप्रदायिकता के बीच में एक पतली सी रेखा होती है, जिसे भाजपा ने तोड़ दिया है। विगत दिवस 22 जनवरी को समूचा देश जिस कार्यक्रम का गवाह बना, वह धार्मिक कम राजनीतिक ज्यादा था और इसमें कोई दो राय नहीं कि भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए इस कार्यक्रम को आनंद आनंद में किया और कार सेवा के दौरान जिन कार्यकर्ताओं की मृत्यु हो गई थी, उनके परिवारों तक की कोई सुध नहीं ली गई। जो इस बात का उदाहरण है कि भाजपा कैसे उपयोग करके लोगों को दूध में से मक्खी की तरह बाहर निकाल फेंकती है।

बैठक में उत्तराखंड महिला मंच से कमला पंत एवं निर्मला बिष्ट, ऑल इंडिया किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सजवान, भाकपा के राष्ट्रीय काउंसिल सदस्य समर भंडारी, सपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. सत्यनारायण सचान, भारत जोड़ो अभियान के भुवन पाठक, उत्तराखंड इंसानियत मंच के रवि चोपड़ा, सर्वोदय मंडल के हरबीर सिंह खुशवाहा, भाकपा (मार्क्सवादी लेनिनवादी) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, भाकपा (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव राजेंद्र नेगी आदि रहे।



इंडिया गठबंधन की बैठक में विचार रखते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा।

### कांग्रेस ने किया राजधानी में प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को असम के मंदिर में जाने से रोके जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को राजधानी में प्रदर्शन किया। असम के मुख्यमंत्री व भाजपा सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी ने आरोप लगाया कि भाजपा असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे अपार समर्थन से घबरा गई है इसीलिए इस तरह के लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है। प्रदर्शन में काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस के ढोंग से जनता वाक़िफ़: भाजपा

**देहरादून, अमृत विचार :** विपक्षी पार्टियों की संयुक्त बैठक पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कटाक्ष करते हुए कहा कि, कांग्रेस को छोड़ इसमें शामिल शेष पार्टियों का राज्य में कोई राजनैतिक जनाधार नहीं है। चौहान ने जारी बयान में कहा कि, प्रदेश की जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जिताने का मन बनाया हुआ है, लिहाजा अब कांग्रेस भी अपना वजूद बचाने के लिए एक नाव में सवार होने का ढोंग कर रही है। कोई विश्वास नहीं कर सकता है कि कांग्रेस किसी अन्य पार्टी के लिए कोई सीट छोड़े। संयुक्त विपक्ष की यह कोशिश सिर्फ और सिर्फ मीडिया की सुर्खियों में आने के लिए एक संयुक्त फोटो सेशन से अधिक कुछ नहीं है। मीडिया प्रभारी चौहान ने कांग्रेस के प्रदर्शन को राहुल की न्याय यात्रा के जनसहभागिता की दृष्टि से फ्लॉप होने की खीज बताते कहा कि कांग्रेस एक ओर राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करती है और दूसरी ओर मंदिर मे प्रवेश न होने का ढोंग रचकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, जिसे जनता जानती है। चौहान ने दावा किया कि जब से राहुल गांधी न्याय यात्रा पर निकले हैं, जनता उनके इस कार्यक्रम से नदारद है। यही वजह है कि उनके रणनीतिकारों ने राजनैतिक साजिश के तहत टकराव का रुख अपनाया है। इस यात्रा को अनुमति रूट से नए-नए क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी और जितेंद्र प्रसाद अपने कार्यकर्ताओं को बैरिकेडिंग तोड़ने और आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के प्रदर्शन को केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों पर की गई राजनैतिक नौटंकी करार दिया है। आरोप लगाया कि माहौल खराब करने का जो काम आज उत्तरपूर्व में यात्रा के दौरान राहुल गांधी कर रहे हैं, वह तमाम हथकंडे उनके स्थानीय नेता इस्तेमाल कर चुके हैं।



# 520 करोड़ रुपये तक घाटा मुनाफे में बदला

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** रोडवेज की घाटे से उबरने की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। कभी 520 करोड़ तक पहुंच चुका घाटा 56 करोड़ के मुनाफा सटीक रणनीति से संभव हो पाया।

एमडी, परिवहन निगम, डॉ. आनंद श्रीवास्तव के अनुसार, राज्य बनने के करीब तीन साल बाद यानी 2003 में उत्तराखंड परिवहन निगम उत्तर प्रदेश से अलग होकर अस्तित्व में आया। इस दौरान रोडवेज के हिस्से यूपी से नईं, पुरानी करीब 957 बसें आईं। नए राज्य में नई व्यवस्था से रोडवेज का संचालन शुरू हुआ लेकिन खटारा बसें, खराब सड़कें, कुप्रबंधन और यूपी की देनदारी से परिवहन निगम लगातार घाटे में चलता गया। इससे परिवहन निगम के सामने नई बसों की खरीद, संचालन और कर्मचारियों को वेतन देने तक के लाले पड़ गए। इस बीच मार्च 2020-21 में तो कोरोना संक्रमण काल ने निगम की कमर तोड़ कर रख दी। इस दौरान निगम का घाटा वर्ष 2020 से पहले 250 करोड़ से वर्ष 2022 तक सीधे 520 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इससे निगम की हालत खराब होती गई।

> सरकार पहले दिन से ही गुड गवर्नेंस पर काम कर रही है। 20 साल के इतिहास में परिवहन निगम घाटे से उभरा है। यह गुड गवर्नेंस का बड़ा उदाहरण है। परिवहन निगम आमजनों से जुड़ा विभाग है। सरकार आमजनों की सुविधाओं को देखते हुए इसमें सुधार ला रही है। – **पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

इसी दौरान राज्य में आई पुष्कर सिंह धामी सरकार ने सभी विभागों को गुड गवर्नेंस के साथ काम करने का फरमान दिया। चूंकि परिवहन निगम आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवा थी, मुख्यमंत्री धामी ने इसकी खुद समीक्षा की और सुधार की जिम्मेदारी दी गई। नतीजन वर्ष 2022 में परिवहन निगम ने 520 करोड़ रुपये के घाटे और सभी खर्चों को पूरा कर रिकॉर्ड 29 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। निगम की यह रफ्तार यहीं नहीं अटकी और धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी निगम ने करीब 27 करोड़ का मुनाफा कमाते हुए राज्य में गुड गवर्नेंस का बड़ा उदाहरण पेश कर दिखाया। अब धामी सरकार के ढाई साल में निगम ने सभी खर्चों की पूर्ति कर करीब 56 करोड़ की कमाई की है, जो उत्तराखंड के इतिहास में बड़ा रिकॉर्ड है।

### सीएम दर्पण डैशबोर्ड 2.0 हुआ शुरू

**देहरादून :** सीएम धामी ने सचिवालय में आयोजित सीएम हेल्पलाइन 1905 के सम्बंध में समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि लोगों की शिकायतों का अधिक से अधिक समाधान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कहा कि अभी 60 प्रतिशत शिकायतों का समाधान हो रहा है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि मार्च 2024 तक हम 80 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर सकें। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सीएम दर्पण डैशबोर्ड 2.0 का भी शुभारंभ किया। सीएम इस अवसर पर कुछ शिकायतकर्ताओं से भी फोन मिलाकर बात की। वहीं, सीएम ने कहा कि वर्ष 2025 में जब राज्य अपनी सिल्वर जुबली मना रहा होगा तो हर विभाग को इससे पहले अपनी एक मॉडल योजना जरूर धरातल पर उतारनी चाहिए। साथ ही निर्देश दिए कि, जितने भी सरकारी आदेश निकाले जाते हैं, उस समय यह जरूर सुनिश्चित किया जाए कि यह सरल शब्दों में हों ताकि आमजन को इन्हें समझने में दिक्कत न हो।

# मिलेगा राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक


सीओ विपिन पंत और एसआई त्रिलोक।

### सेवा सम्मान से सम्मानित होंगे कापड़ी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस के मौके पर अल्मोड़ा कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी सराहनीय सेवा सम्मान से सम्मानित किए जाएंगे। इस बार इस पुरस्कार के लिए अल्मोड़ा जिले से उनका चयन किया गया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर डीजीपी उत्तराखंड द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। सम्मान चिन्ह हेतु चयनित होने पर एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने उन्हें शुभकामना दी।

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** पुलिस उपाधीक्षक विपिन चंद्र पंत व एसआई त्रिलोक सिंह को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक मिलेगा। गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अवकाश प्राप्त) गुरमीत सिंह उन्हें पदक देंगे।

पंत पुलिस विभाग के ऐसे कार्य व व्यवहार कुशल अधिकारी हैं, जिन्हें इससे पहले सराहनीय सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा ब्लाइंड अपराधों का अनावरण करने व पहली बार डीएनए टेस्ट से अपराधियों तक पहुंच बनाने की शुरुआत की थी। अपर उप निरीक्षक त्रिलोक सिंह ने भी पुलिस सेवा में बेहतरीन कार्य किए गए हैं।

इधर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति कुंभार ने दोनों पुलिस अधिकारियों को उक्त सम्मान मिलने पर बधाई दी गई है। साथ ही, उन्होंने सभी से इसी प्रकार मेहनत व लगन अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जाने की अपेक्षा की।

# राज्य पुलिस के लिए एडवाइजरी जारी

**देहरादून, अमृत विचारः** मसूरी में होटल में हुई मुठभेड़ और दरोगा के घायल होने के प्रकरण के बाद डीजीपी अभिनव कुमार की तरफ से दबिश/गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर सम्भावित फायर/हमलों से बचाव के लिए सभी जिलों/ जीआरपी/एसटीएफ प्रभारियों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान ने बताया कि विगत 3 वर्षों में अपराधियों की तलाश/गिरफ्तारी तथा अन्य सरकारी कार्य के दौरान पुलिस पर फायरिंग की 27 घटनाएं हुई हैं, जिनमें 5 पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं।

# ड्रोन पॉलिसी: प्रौद्योगिकी संस्थानों से होंगे करार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाते हुए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों (टेक्निकल इंस्टीट्यूट) से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएंगे। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है। इससे एक ओर हेली सेवा को अत्यधिक फायदे हैं। वहीं, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए ड्रोन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र अत्यधिक हैं। कहा कि ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए।

पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) और उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) की बहुत सी हाई टेंशन (एचटी) और लो टेंशन (एलटी) लाइन्स को ध्यान में रखते हुए इन दोनों संस्थानों से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए।

# पराक्रम दिवस के रूप में मनी नेताजी की जयंती

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** कुंवर जंग बहादुर चन्द सरस्वती शिशु मन्दिर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में नेताजी सुभाष लोकसेवा समिति के अध्यक्ष कान्ति बल्लभ जोशी, प्रधानाचार्य गोविन्द बल्लभ जोशी, सुन्दर सिंह ठकुराठी, हीरा बल्लभ, राजू भैया, राजू भट्ट, अश्विनी भट्ट, वीर बहादुर, पूरन चन्द्र, श्याम दत्त तिवारी, हरीश चन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे। इधर, इंसाफ द पावर संगठन ने भी नगर के चावल पड़ाव में नेताजी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।


टनकपुर सरस्वती शिशु मंदिर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया गया स्मरण।

### बोस के आदर्शों पर चलने का संकल्प

**अल्मोड़ा/रानीखेत :** एसएसजे विवि में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मौजूद लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। गोष्ठी में विधायक मनोज तिवारी, प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, प्रो. शेखर जोशी, भूपेंद्र भोज, गिरीश मल्होत्रा, देवेंद्र धामी, कैलाश छिमवाल, कुलदीप उपाध्याय, डॉ. संजीव आर्या, डॉ. नंदन सिंह बिष्ट, डॉ. ललित जोशी, वरुण कपकोटी, जीवन मठपाल, डॉ. कुसुमलता आर्या, डॉ. लता आर्या, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. आशा शैली आदि मौजूद रहे। इधर, रानीखेत में भी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पराक्रम दिवस के अवसर पर सुभाष पार्क में आयोजित समारोह में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मोहन नेगी, नरेंद्र रौतेला, मदन सिंह मेहरा, राजेंद्र बिष्ट, शिवराज सिंह मेहरा, मनोज कुमार, मोहसिन खान, हरीश शर्मा, भुवन पपनै, अगस्त लाल साह, सुनील कुमार, लक्षण सिंह नेगी, नवल पांडे, हर्ष पंत, विनोद भार्गव, आनंद अग्रवाल, अजय पुनेठा, बंशीधर मठपाल, शंकर दत्त बुधोड़ी आदि मौजूद थे।

# प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारा आयोजित

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अभी भी नगर के साथ-साथ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी भुवन सिंह कठायत भग्गू दा द्वारा नगर से लगे गांव आमबाग स्थित भरड़ा मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी दिनेश चन्द,रमेश चंद्र पंत, पुष्कर सिंह कठायत, मदन सिंह कठायत, राकेश मटियानी, ईश्वरी चन्द ,विनोद चन्द,रमेश चन्द, नरेंद्र कुंवर,नरेंद्र चंद्र पंत आदि मौजूद रहे।


टनकपुर के गांव आमबाग में लगे विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

## उत्तर प्रदेश

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी अपराधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने मंगलवार को पचास हजार के इनामी बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। हापुड़ जिले का हिस्ट्रीशीटर अशोक अमरोहा में हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित था। उसके खिलाफ हरियाणा, देहरादून, हापुड़, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे 25 संगीन जुर्म दर्ज हैं।

एसटीएफ के मुताबिक इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सक्रिय नोयडा की एसटीएफ टीम को अशोक के अमरोहा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। सीओ एसटीएफ विमल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पता चला कि 2008 में हापुड का गैंगेस्टर ओमपाल के सम्पर्क में आने के बाद उसने जरायम की दुनिया में कदम रखा थी। उसके बाद फिर उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पश्चिमी उप्र के साथ उसने पास के राज्यों- उत्तराखंड और हरियाणा में भी अपनी धमक कायम की। उसने हत्या और हत्या की कोशिश और लूट के दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम दिया है।

# पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेगी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक सप्ताह पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को एटीएस रिमांड पर लेगी। इसकी लिए कागजी तैयारियां शुरू कर दी है। एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की पड़ताल करेगी। साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। फिलहाल तीनों खालिस्तानी समर्थक तीन फरवरी तक न्यायिक हिरासत ते तहत जेल में हैं।

दरअसल, एटीएस खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास करेगी कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इन समर्थको की पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं। बीते गुरूवार को एटीएस की शुरूआती पूछताछ में गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहाँ रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी।एटीएस के मुताबिक फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा रिमांड पर लेकर नए सिरे से यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है।

# छह दिन से लापता बच्चे का मिला शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र में छह दिन से लापता सात वर्षीय बालक का शव जंगल में पड़ा मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी देहात ने घटनास्थल का दौरा कर मृतक के परिजनों से जानकारी ली और ऊमरी कलां चौकी इंचार्ज को हत्या का खुलासा के निर्देश दिए।

ऊमरी कलां के मुहल्ला नसीराबाद निवासी इदरीश की दूसरी पत्नी अंजुम का सात वर्षीय पुत्र हसन 18 जनवरी की सुबह घर से खेलने के लिए निकला था। दोपहर तक जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों तलाश की, परंतु उसका कहीं पता नहीं चला। इदरीश ने 19 जनवरी को ऊमरी कलां चौकी प्रभारी को बालक के लापता होने की सूचना दी।

# शिशु सदन में रह रहे 62 दिन के मासूम की मौत

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** बीमारी से जूझ रहे 62 दिन के मासूम कबीर की सोमवार रात मुरादाबाद ले जाते समय मौत हो गई। रामपुर के जिला अस्पताल से उसे मेरठ रेफर किया था। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर शिशु सदन की टीम उसे मुरादाबाद ले जा रही थी। लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम कराया। देर शाम उसे दफन कर दिया गया।

अनाथ बच्चों की देखभाल के लिए थाना गंज क्षेत्र के राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज कैंपस में शिशु सदन है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने अनुसार, 22 नवबंर 2023 को एक बच्चा शिशु सदन आया था। उस समय उसकी उम्र सात दिन बताई गई थी। उसे सहारनपुर का बताया गया था। तभी वह शिशु सदन में रह रहा था। कुछ दिन पहले उसको सांस लेने में दिक्कत हुई थी तो जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्चे की हालत में सुधार हो गया। लेकिन सोमवार रात उसकी हालत बिगड़ी तो शिशु सदन का स्टॉफ उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। हालत गंभीर होने पर उसको मेरठ के लिए रेफर कर दिया था।


प्राण प्रतिष्ठा के पहले रामलला की मूर्ति और आभूषणों के साथ मोहित आनंद, अंकुर आनंद अपने परिवार के साथ प्रसन्न मुद्रा में।

# गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास के सफर को मिला रामलला का आशीर्वाद

### कामयाबी

**हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स ने सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से 14 दिन में तैयार किए रामलला के भव्य आभूषण**

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** सदियों की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में सोमवार को रामलला अपने नव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए। बाल स्वरूप में स्थापित प्रभु की मोहिनी मूरत के अलौकिक सौंदर्य से नजरें नहीं हटतीं। इस दिव्यता के अनुरूप ही रामलला के विग्रह को पहनाए गए आभूषण भी भव्य हैं। सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से रामलला के आभूषण गढ़ने की जिम्मेदारी निभाने वाले हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स बरेली के निदेशक मोहित आनंद व लखनऊ के गोमतीनगर ब्रांच के संचालक इनके छोटे भाई अंकुर आनंद गदगद हैं।

मोहित आनंद ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि रामलला के आभूषणों का आर्डर मिलना हमारे लिए चमत्कार से कम नहीं था। जानकारी मिली तो हम हतप्रभ रह गए। समझ नहीं आया कि इसे कैसे व्यक्त करें। न कोई सोर्स न फोर्स। सिर्फ 14 दिनों के अंदर रामलला के बालपन की स्वाभाविकता के अनुरूप 14 दिव्य आभूषण तैयार करने की चुनौती पूरी करना उन्हीं की कृपा के बिना संभव नहीं था। फर्म के कुशल करीगरों ने दिन-रात मेहनत कर ये आभूषण तैयार किए।

कहा कि गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास से भरे एक सदी से ज्यादा के सफर को रामलला का आशीर्वाद मिला है। इसे सहजकर रखने की जिम्मेदारी और बड़ी है। रामलला के आभूषणों के आर्डर पर मोहित कहते हैं कि यह गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास के करीब 130 साल से चले आ रहे सफर को प्रभु के आशीर्वाद स्वरूप मिला प्रसाद है। इसे व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं।

### वर्ष 1893 में शुरू हुआ कारोबार

बदायूं में मोहित आनंद के दादा के दादा हरसहायमल ने वर्ष 1893 में आभूषणों का काम शुरू किया था। अब ये फर्म 130 साल पुरानी हो चुकी है। बदायूं में 100 साल से ज्यादा तक परिवार ने कारोबार किया। वर्ष 2007 में बरेली आए। इसके बाद कारोबार बढ़ता गया। वर्ष 2016 में लखनऊ में शोरूम खुला। वहां मोहित आनंद के छोटे भाई अंकुर आनंद जिम्मेदारी संभालते हैं। मोहित बताते हैं लखनऊ विवि से स्नातक करने के बाद मैंने वर्ष 1990 में बदायूं में कारोबार संभाला। वर्ष 1994 में छोटे भाई को भी इसी में शामिल किया। वर्ष 1996 में पिता आनंद प्रकाश का देहांत हो गया। यह साफ-सुथरा कारोबार है इसलिए इसे ही चुना। हम लोग पांचवीं पीढ़ी हैं।



### रामलला के प्रति अतुल्य आस्था को ध्यान में रख बनाए आभूषण

मोहित आनंद ने बताया कि 2 जनवरी को ऑर्डर मिला। समय काफी कम था और चुनौती बड़ी। आर्डर मिलने के बाद नाप-फिटिंग व अन्य चर्चा के लिए तीन बार अयोध्या जाना पड़ा। रामलला से जुड़ी अतुल्य-अक्षुण्य आस्था का ध्यान रखना था। ऐसे में टीम ने लंबी रिसर्च की। पुरानी पेंटिंग देखीं। अध्यात्म रामायण, श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरित मानस, आलवंदार स्त्रोत के अध्ययन, उनमें वर्णित श्रीराम की शास्त्र सम्मत शोभा के अनुरूप शोध और अध्ययन किया। डिजाइन तैयार करने में दो दिन लग गए। इसके बाद 70 कुशल कारीगरों को लगाकर 14 दिन तक दिन-रात काम किया गया। 16 जनवरी की शाम को आभूषण तैयार कर मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिए। आभूषणों में करीब 14 किलोग्राम सोना लगा है। तीन हजार माणिक्य, 18 हजार पन्ना के साथ हीरे भी जड़े हैं। अब मन बहुत आह्लादित है।

# रामपथ पर मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम

## न रामभक्तों ने लांघी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा न सुरक्षाकर्मियों ने खोया धैर्य | रामलला के विराजते ही अयोध्या धाम में साकार दिखी रामराज्य की परिकल्पना

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** आस्था और उल्लास में डूबे रामभक्तों के पग अनवरत आराध्य के दर्शन के लिए बढ़ते चले आ रहे हैं। पूरे रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब सरयू की लहरों की तरह उमड़ रहा है। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों की आतुरता तो हैं लेकिन अनुशासन और संयम के साथ। कहीं कोई तारतम्य नहीं टूट रहा है, मानों सभी एक संकल्प सूत्र में बंधे हुए हो। अचंभित कर देने वाले इस अलौकिक दृश्य में मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम रामराज्य की परिकल्पना को साकार करता भी दिखा।

महादेव के दिवस सोमवार को बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईं तो हनुमंत लला के दिन मंगलवार को भक्तों को दर्शन सुलभ होने लगे हैं। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम में पखवारे भर से डटे हैं। आतुरता केवल भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की है। यही वजह है कि सोमवार मध्य रात्रि से ही दर्शन के लिए रामभक्तों का सैलाब रामपथ पर उमड़ पड़ा। गली विथिकाओं से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। एक-दूसरे से किसी का तारतम्य टूट ही नहीं रहा है। इन सबके बीच न केवल जन्मभूमि मार्ग के समक्ष कोई हुड़दंग और न ही पूरे रामपथ पर। दोपहर 12 बजे जन्मभूमि मुख्य मार्ग के बाहर बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त बीच-बीच में मुठ्ठी भींच जय श्री राम का उद्घोष करते रहे, लेकिन अनुशासन में बंधे रहे। यह दृश्य भोर से अनवरत देर शाम तक जारी रहा।

इसी बीच मोबाइल से वीडियो बना रहे वृंदावन से आए योगेश ने कहा कि देखिए सुरक्षा कर्मियों ने एक अंगुली तक नहीं दिखाई, किसी को धक्का तक नहीं दिया। कहा यह योगी की पुलिस है और तब दूसरे की थी। भीड़ के नियंत्रण में पुलिस का ऐसा संयम कभी नहीं देखा, रामराज्य में ही संभव है। धर्मपत्नी के साथ दिल्ली से कई दिनों पहले पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त प्रताप आदित्य शील ने कहा 500 नहीं 1200 वर्ष का इतिहास बदला है। आस्था से इतर गुलामी का इतिहास 22 जनवरी को मृत्यप्राय हुआ है। धर्मपत्नी इस्पिता बोलीं यह तो सर्वेक्षण के दौरान ही कहते थे राम यहीं जनमे।






रामलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध रामभक्त।

जमीन कर बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते श्रद्धालु।

### दुर्लभ दिखा संयोग : रामलला के संग हनुमंत लला के दरबार में भी उमड़ी श्रद्धा

सोमवार को राम आए तो मंगलवार को हनुमंत लला दरबार में भी श्रध्दा का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार हनुमंत लला के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रामपथ तक आस्था में डूबे श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां भी कोई भी श्रद्धालु अव्यवस्थित नहीं दिखा बल्कि कतार की लय अनवरत बनी रही। आस्था ऐसी की पश्चिम बंगाल से परिवार के साथ आए भवनाथ दास और परिवार की महिलाएं भक्ति पथ पर शीश नवातीं रहीं। घंटों हाथों में प्रसाद और फूलमाला थामें श्रद्धालु हनुमंत लला के दर्शन के लिए अंगद की तरह पग जमाए खड़े रहे। इसी कतार में पिता के संग आई नन्हीं बालिका मस्तक पर श्रीराम रचाए बैग पर अविचलित बैठीं रहीं। बाल स्वरूप कोई नटखटापन करने के बजाए राम नाम का जाप करती दिखी। खास यह कि पूरी कतार के दायरे में एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, तब भी श्रद्धालु स्वयं से मर्यादा के आवरण में बंधे दिखे।





हनुमानगढ़ी पर भक्तिपथ पर शीश नवाते पश्चिम बंगाल के भवनाथ दास और उनका परिवार।



**महाराष्ट्र के रामभक्त बोले**

### अब हर साल 22 जनवरी को भी मनाएंगे दीपावली

रामलला के दर्शनों के लिए महाराष्ट्र के अकोला से साथियों के साथ पहुंचे विक्रम खड़ते ने कहा कि मन करता है कि कलेंडर से दीपावली की तिथि मिटा कर 22 जनवरी तय कर दूं। जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी के दिन हम लोग दीपावली मनाएंगे। भारतीय इतिहास में सोमवार का दिन का सबसे स्वर्णिम दिन था। जिसे सदा याद किया जाएगा। उनके साथ सोनू मिश्र, नीरज पांडेय, राहुल कतारे इतने उल्लासित थे कि लगातार मुट्ठी भींच उद्घघोष करते रहे। बोले रामराज्य आ रहा है, अयोध्या से शुभारंभ हो गया है।

### हाथों में तिरंगा और श्रीराम पताका, होठों पर जय श्री राम

रामपथ पर दिल्ली के नवेड़ा रामलला के दर्शन के बाद आनंद में डूबे नृत्य करते मिले। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में श्रीराम पताका लिए नेवड़ा जमकर झूम रहे थे। पूछा तो बोले तिरंगा राष्ट्रवाद और श्रीराम पताका धर्मध्वजा है। दोनों मिले हैं और अब देश एक सूत्र में बंध गया है। बताया कि रामलला का दर्शन कर जो अनुभूति हुईं वह उल्लास के नृत्य में परिवर्तित हो गई है।



### 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन हो चुकी है बुक

**बोले बंगाली बाबू -** पश्चिम बंगाल से रामलला का दर्शन करने पहुंचे बप्पा मांझी रामपथ पर मिल गए। खुद रोका और मीडिया का नाम पूछा, "अमृत विचार" बताया तो बोले नोट कर लीजिए आज हमारे बंगाल से पांच हजार लोग दर्शन के लिए आएं हैं। दावा किया कि 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन बुक हो चुकी है।



हनुमानगढ़ी के समक्ष बैठी नन्हीं रामभक्त।

## हनुमानगढ़ी पर 12 घंटे में ही बिक गया चार क्विंटल लड्डू प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी पर भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा का मंगलवार को लड्डू प्रसाद का स्टॉक खत्म हो गया। हनुमानगढ़ी पर सोमवार भोर तीन बजे से उमड़े श्रद्धालुओं ने हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए इतना प्रसाद खरीदा कि दोपहर तीन बजे केवल 12 घंटे में ही आज बनाया गया चार क्विंटल लड्डू समाप्त हो गया। इसके बाद आनन फानन दुकानदारों ने कारखाने से लड्डू मंगाए। हनुमानगढ़ी पर प्रसाद की दुकान करने वाले संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राकेश गुप्ता और नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को देखते हुए करीब चार क्विंटल लड्डू प्रसाद निर्मित किया गया था। जो दोपहर तीन बजे प्रसाद समाप्त हो गया। इसे लेकर थोड़ी देर असहजता रही लेकिन देर शाम स्टॉक आ गया। लड्डू प्रसाद की दुकानदारी ऐसी थी मानों सारी भीड़ एक साथ सभी दुकानों में घुस गई हो। वहीं श्रीराम का गमछा, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े व मंदिर मॉडल की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। अयोध्या धाम में जुटे श्रद्धालु देर रात तक खरीदारी करते रहे।

**हनुमानगढ़ी पर हैं लगभग 80 दुकानें, रोज रहता है दो से तीन क्विंटल लड्डू का स्टॉक**



हनुमानगढ़ी पर मंगलवार शाम को लड्डू प्रसाद आने के बाद जुटे श्रद्धालु।

## अब अयोध्या की हर डाक पर होगा राममंदिर का चित्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या की पहचान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को डाक विभाग अब घर-घर पहुंचाएगा। अब अयोध्या से जाने वाली देश-विदेश की हर डाक पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर का चित्र अंकित होगा। सचिव डाक भारत सरकार विनीत पाण्डेय ने मंगलवार कोअयोध्या प्रधान डाकघर के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आधारित विरूपण एवं छह चित्रात्मक पोस्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि इससे फिटलेटी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र के साथ कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए रामभक्ति की भावना है। 'मंगल भवन अमंगल हारी', जैसी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंश के प्रतीक देश में नए प्रकाश का संदेश देती सूर्य की छवि, राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती पुण्य नदी सरयू का चित्र तथा मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से डाक टिकटों पर दर्शाया गया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों के मार्गदर्शन से पंच तत्वों का दर्शन निहित है। उन्होंने अयोध्या प्रधान डाकघर में फिलेटली म्यूजियम बनाने का भी सुझाव दिया। उप्र डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वकुमार, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह, अधीक्षक डाकघर एचके यादव मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थिति रहे ।

**पंच तत्व के साथ सूर्यवंश का सूर्य, सरयू व मंदिर का वास्तु होगा डाक टिकट पर**



श्रीराम जन्मभूमि चित्र का डाक टिकट जारी करते केंद्रीय डाक सचिव व विभाग के अन्य अधिकारी।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर अयोध्या की आभा से आह्लादित एक श्रद्धालु महिला रंगोली पर नृत्य की मुद्रा में।



दर्शन-पूजन के लिए आए श्रद्धालु झूमते गाते दिखे।

## राम मंदिर में मनाया जाएगा 48 दिवसीय मंडल उत्सव

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नूतन विग्रह प्रतिष्ठित हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मंदिर में अब 48 दिनों तक मंडल पूजन का आयोजन किया जाएगा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से इसकी शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस अनुष्ठान के लिए देश भर के राम भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के मुताबिक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक ऐप तैयार किया है। उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर व ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज इस अनुष्ठान की प्रमुख बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद 48 दिवसीय मंडल उत्सव होगा। जिसमे 40 दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, हवन यज्ञ और कलश अभिषेक का आयोजन होगा। अंतिम पांच दिन में सहस्त्र कलशाभिषेक किया जाएगा। जिसमें एक किलो चांदी से बने कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। भगवान की सेवा करने वाले व्यक्ति को यह कलश सौंपा जाएगा।

## श्रद्धालुओं की संख्या देख की गयी पांच मोबाइल एटीएम की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने वालों की संख्या को देखते हुए विभिन्न बैंकों की तरफ से पांच मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं। यह चलते-फिरते एटीएम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में खड़े होंगे। पिकअप वाहन पर एटीएम मशीन लगाई गई, जिसमें ड्राइवर के अलावा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहते हैं। रामलला के मंदिर में विराजमान होते ही संभावना व्यक्त की जा रही है कि अयोध्या में रोजाना एक से सवा लाख श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने दो, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफ व एक्सिस बैंक की तरफ से एक-एक मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं।

**भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर लगाए जाने की योजना**




## यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में सातवें दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्य ने पूजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज, आचार्य गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।



रुद्र महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

रामोत्सव | प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी पहुंच भावुक हुईं 'जानकी' के घर की महिलाएं, बोलीं-

# ...आखिर खत्म हुआ 'लल्ला' का वनवास

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूं तो भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों के लिए रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है लेकिन दामाद रघुवर के दर्शन करने जानकी के घर से मंगलवार को आईं महिलाएं ऐसी भावुक हुईं कि नेत्रों से आस्था के अश्रु छलक पड़े।

आराध्य के प्रति श्रद्धा की ऐसी भावुकता कि आसपास मौजूद रामभक्त भी मनोभावों को नहीं रोक सके और जयश्रीराम का जयकारा लगाए। रामपथ पर जुटे श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच बिहार से आईं महिलाएं डिवाइडर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहीं थीं। पूछा माता जी कहां से आर्इं है तो तपाक से बोलीं बिटिया जानकी के घर बिहार से। हमारी बिटिया लगती है माता सीता। इतने में ही उनके पास बैठ भोजन कर रहीं एक बुजुर्ग महिला सबकुछ छोड़ आह्लादित होकर राम नाम का उद्घघोष करने लगीं। बता दें कि पवित्र रामायण में माता सीता को जानकी कहकर भी संबोधित किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी में हुआ था। इसीलिए महिलाओं का उल्लास और आस्था अलहदा होकर प्रस्फुटित हो रहा था। संग आईं सभी महिलाओं का समूह भावों के प्रकटीकरण के लिए ऐसा आतुर रहा कि भोजन तक छोड़ दिया। रामपथ पर उमड़े रामभक्तों को देख एक साथ रामलला को लल्ला कह संबोधित किया। इन्हीं में से एक श्रद्धालु महिला बोल उठीं - मोदी जी ने निहाल कर दिया, रामलला को अपना घर मिला।



रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर बैठीं नेपाल से आईं श्रद्धालु महिलाएं।



वर्षों से हम सभी श्रीरामचंद्र जी के मकान के लिए तरस रहे थे। आज वह इच्छा पूर्ण हुई और 'लल्ला' अपने भव्य में विराजमान हुए तो मन अह्लादित हो उठा। अयोध्या भी निहाल है। पांच दिनों बाद आज दर्शन हुए तो लगा जैसे जीवन धन्य हो गया। यहां का विकास देखकर मन बहुत खुश है। **-कमली देवी, दरभंगा, बिहार**



रामलला को अपने घर में विराजमान देखकर मान भावुक है। भाव को व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। बस इतना ही कहूंगी कि वर्षों के इंतजार का फल आज मिला तो अयोध्या को सोने की चमक उठी... जय श्रीराम...। **- सत्तो देवी, दरभंगा, बिहार**



यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मानो जैसे हम त्रेतायुग में आ गए हों। हर तरफ उल्लास और खुशी है। पांच दिन से दर्शन के लिए परेशान थे लेकिन जब रामलला को मंदिर में देखा तो मन को असीम शांति मिली। बदलती अयोध्या को देखकर मन प्रसन्न है। **-विमला देवी, दरभंगा बिहार**

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1120 डीएमओ 995 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1590, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200 । चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4020।

# निवेश के लिए प्रमुख वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद भारत

## डब्ल्यूईएफ की बैठक में सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में शामिल प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भारत को निवेश के लिए अनुकूल देश माना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस बैठक में कई कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की और देश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

दावोस बैठक में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ के दौरान भारत को लेकर प्रमुख कंपनियों की निवेश धारणा में स्पष्ट बढ़त देखी गई और वे भारत में वृद्धि के लिए व्यापक दृष्टिकोण का स्पष्ट रुझान रखते हैं।

उन्होंने दावोस बैठक के दौरान वोल्वो के चेयरमैन एवं सीईओ मार्टिन लुंडस्टैड, ऑडी के चेयरमैन एवं सीईओ गर्नोट डोएलनर और इकोलैब के चेयरमैन एवं सीईओ डारेल ब्राउन समेत कई शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। सचिव ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत के निवेश परिदृश्य को अनुकूल नजरिये से देखा गया।

### भारत की मौजूदगी से वैश्विक विश्वास को बढ़ावा



डीपीआईआईटी सचिव राजेश सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत की मौजूदगी विश्वास के वैश्विक माहौल को बढ़ावा देने और मौजूदा आर्थिक सुधारों को लेकर आत्मविश्वास जगाने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ-2024 में यह प्रभावशाली उपस्थिति वैश्विक मंच पर खुद को एक विश्वसनीय और प्रभावशाली पक्ष के रूप में स्थापित करने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 72,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,650 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

## हल्द्वानी मंडी

| | |
|---|---|
| शरबती- | 85 |
| मसूरी- | 65 |
| बासमती- | 99 |
| चना- | 96-116 |
| साबुत चना दाल- | 63-64 |
| दाल उड़द- | 115-118 |
| साबुत मसूर दाल- | 65-67 |
| मसूर दाल- | 70-73 |
| उड़द साबुत- | 97-101 |
| काबुली चना- | 63-165 |
| अरहर साबुत- | 84-126 अरहर |
| दाल- | 155-157 |
| लोबिया/करमानी- | 74 |
| सोयाबीन- | 40-42 |
| मूंगफली- | 77 |
| मटर (सूखी)- | 49-61 |

## सीमेंट उद्योग 15-16 करोड़ टन क्षमता जोड़ने को तैयार

**मुंबई।** बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग के चलते सीमेंट उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 से 2027-28 के बीच 15-16 करोड़ टन की क्षमता जोड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि क्षमता वृद्धि बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए भी की जाएगी। सीमेंट की मांग वित्त वर्ष 2021-22 में आठ प्रतिशत और 2022-23 में 12 प्रतिशत बढ़ी थी। अगले वित्त वर्ष में 7-7.5 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता के जुड़ने की उम्मीद है। इनमें 50-55 प्रतिशत पूर्वी और मध्य क्षेत्रों से होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि में बड़े खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 50-55 प्रतिशत होगी।

# सोने, चांदी के हुक, सिक्कों पर अब आयात शुल्क 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी की अधिसूचना



सरकार ने पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगाकर सोने और चांदी के पिन, हुक जैसे उत्पादों (फाइंडिग्स) तथा सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ाया गया है। अब इसपर 4.35 प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया गया है।

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को सर्राफा के बराबर लाने के उद्देश्य से 10 प्रतिशत के मूल सीमा शुल्क के अतिरिक्त एआईडीसी लगाया गया है। सोने या चांदी के 'फाइंडिग्स' का मतलब हुक, क्लैंप, पिन या स्क्रू बैक जैसे छोटे उत्पादों से है, जिसका उपयोग आभूषण के पूरे टुकड़े या उसके एक हिस्से को आपस में जोड़ने या थामने के लिए किया जाता है।

अतिरिक्त शुल्क 22 जनवरी से अमल में आ गया है। सरकार ने 2021-22 के बजट में कृषि अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए कुछ उत्पादों पर आईडीसी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया था।

## मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक कोडशेयर साझेदारी करेगी। साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं। मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। यह नौ भारतीय गंतव्यों को मलेशिया से जोड़ती है। ये नौ शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम हैं। पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए इस्माइल ने कहा कि बातचीत अंतिम चरण में हैं।


## आरईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

# एनपीएस को आकर्षक बनाने को उठाए जा सकते हैं कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

» पीएफआरडीए कराधान के मोर्चे पर ईपीएफओ में समानता का अनुरोध किया




सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए कराधान के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए कोष निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट अपेक्षाओं के अनुसार, एनपीएस के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के वार्षिकी हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए कर मुक्त किया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में सरकार ने पिछले साल उपाय सुझाने के लिए वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।

### नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की उठी मांग


वित्तीय परामर्श एवं ऑडिट सेवा देने वाली कंपनी डेलॉयट के अनुसार एनपीएस को ब्याज तथा पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से प्राप्त आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी कर मुक्त है। नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपये तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है।



### सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# पर्वतमाला परियोजनाओं की संख्या 400 की जाएगी : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार पर्वतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं की संख्या अगले पांच साल में बढ़ाकर कम-से-कम 400 करने की योजना बना रही है। पर्वतमाला परियोजना या राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम बुनियादी ढांचा विकास का हिस्सा है। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पर्वतमाला परियोजना शुरू की है। यह परियोजना देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हमने इसके तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की है और ऐसी परियोजनाओं की संख्या 400 या उससे अधिक हो सकती है। पिछले साल सरकार ने कहा था कि वह इस कार्यक्रम के तहत पांच साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले रापवे के लिए 250 से अधिक परियोजनाएं विकसित करने की योजना बना रही है।

सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसको देखते हुए देश में एक बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज हम पांचवें स्थान पर है...और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे...यही कारण है कि हम देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धौला कुआं-मानेसर खंड पर यातायात की भीड़-भाड़ पर चिंता जताई।

## यह शर्मनाक है कि हम नहीं जानते नेताजी के साथ क्या हुआ था : ममता

कोलकाता, एजेंसी

» पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेता जी को दी श्रद्धांजलि



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह देश के लिए शर्म की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के इतने वर्षों बाद भी लोग यह नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था और न ही उन्हें उनकी मौत की तारीख पता है। उन्होंने नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा न निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

केंद्र द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सोमवार को केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने के स्पष्ट संदर्भ में ममता ने कहा कि आज कल राजनीतिक विज्ञापनों के लिए छुट्टियों की घोषणा की जाती है लेकिन उन लोगों के लिए कोई घोषणा नहीं की गयी जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी।

ममता ने बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षों बाद भी हमारे पास नेताजी की मौत की तारीख नहीं है। हम नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था। यह शर्मनाक है। देश मंगलवार को नेताजी की 127वीं जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा किया था लेकिन बाद में वह भूल गयी।

# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

डोमडोमा (असम), एजेंसी

» कांग्रेस नेता ने कहा-अयोध्या में हुआ कार्यक्रम राजनीतिक था

» विरोध के बावजूद न्याया यात्रा को मिल रहा समर्थन



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शो किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए पांच न्याय की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे। पार्टी की ओर से तय यात्रा मार्ग में अयोध्या शामिल नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की नयी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने छात्रों से बातचीत करने से रोका

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मेघालय में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करने से रोका गया। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री कार्यालय के जरिए विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया।

## एक नजर

### रेलवे के तीन कर्मचारियों की लोकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के तीन कर्मचरियों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आठ बजकर 55 मिनट पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। मृतकों की पहचान मुख्य सिग्नल निरीक्षक (भायंदर) वासु मित्रा, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (वसई रोड) सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे और हेल्पर सचिन वानखड़े के रूप में हुई।

### दिल्ली : आप ने घोषित किए नए पदाधिकारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली के लिए अपने पदाधिकारियों की घोषणा की और अनिल पटोदिया को पार्टी का प्रदेश संयुक्त सचिव (मुख्य प्रकोष्ठ) नामित किया। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। पदाधिकारियों के मुताबिक, दस अन्य सदस्यों को चिकित्सक, ग्रामीण, अल्पसंख्यक और युवा जैसे विभिन्न प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया गया

## प्रधानमंत्री ने बच्चों से की भेंट



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और साथ में फोटो भी खिंचवाया। ● एजेंसी

## भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आईएएस बिश्नोई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

## मुस्लिमों की सार्वजनिक पिटाई पर शीर्ष अदालत ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में खेड़ा जिले के एक गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच लोगों की सार्वजनिक रूप से पिटाई के मामले में गुजरात पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को बांधने और पिटाई करने का अधिकार कहां से मिला। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ गुजरात उच्च न्यायालय के 19 अक्टूबर, 2023 के आदेश के खिलाफ चार पुलिस कर्मियों- निरीक्षक एवी परमार, उप-निरीक्षक डीबी कुमावत, हैड कांस्टेबल केएल दाभी और आरआर दाभी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने तल्ख लहजे में कहा, ''क्या आपके पास कानून के तहत लोगों को खंभे से बांधने और पिटने का कोई अधिकार नहीं।

## 25 से कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन, खरगे होंगे शामिल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बूथ से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ़ हैं। 2024 के चुनावों के लिए कांग्रेस आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी, जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी बूथ से लेकर राज्य स्तर तक पदाधिकारियों की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

# सूर्योदय योजना प्रधानमंत्री का एक और जुमला : मल्लिकार्जुन

नयी दिल्ली, एजेंसी



» कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर की पोस्ट 10 लाख घरों में नहीं लगा ऊर्जा पैनल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और जुमला करार देते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा सरकार 10 वर्षों में 10 लाख घरों की छतों पर भी सोलर पैनल स्थापित नहीं कर पाई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! कल प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है।

**उपलब्धि** — उत्तर प्रदेश के अस्पताल को सामाजिक कामों के बदले मिला ईनाम

# 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

» नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होती है इस पुरस्कार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस पुरस्कार के तहत संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आपदा के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार स्थापित किया है।

इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल की स्थापना 1942 में की गई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है जिसने विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा दी है। सहायता प्रदान करना शामिल है।

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा, रोहित शर्मा कप्तान

## टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी भारत के, अन्य में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के शामिल

**दुबई, एजेंसी**

रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी के मुताबिक टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।



### रोहित और शुभमन चुने गए ओपनर



एकदिवसीय टीम में पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

### रविंद्र जडेजा और अश्विन को भी मिली जगह

साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान चुना गया है। अश्विन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच में 25 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाने के अलावा 48 रन भी बनाए थे। भारत हालांकि यह मुकाबला हार गया था।

### मध्यक्रम में विराट कोहली भी शामिल

मध्यक्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिचेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया।

### गेंदबाजों में सिराज, शमी, कुलदीप और एडम जंपा



गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किए। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा। किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।

## रोशिबिना को सर्वश्रेष्ठ वुशू सांडा खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार एशियाई खेलों की पदक विजेता नाओरेम रोशिबिना देवी को मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ ने एक महीने तक चले जनता के मतदान के बाद सांडा वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना। रोशिबिना ने ईरान की शहरबानो एम सेमिरोमी (88179) और चीन की वु शियाआवेइ (46753) को हराकर पुरस्कार जीता। उन्हें 93545 वोट मिले। रोशिबिना को पिछले साल एशियाई खेलों के महिलाओं के 60 किलो वुशू सांडा वर्ग के फाइनल में शियाओवेइ ने हराया था। इस दौरान 23 देशों के 45 उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ।

# इंग्लैंड के सामने हैदराबाद में होगी स्पिन की चुनौती

## कोच राहुल द्रविड़ बोले- जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मदद मिलेगी। टेस्ट मैच से दो दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी, खासकर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आसपास। द्रविड़ ने कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा तब इसके बारे में पता करेंगे। अब तक जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है।




हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले पिच का मुआयना करते कप्तान रोहित शर्मा। • एजेंसी

### पिच से मिलेगा टर्न

बताते हैं कि पिच से स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हालांकि अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगा। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। टीम पिच को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। वुड ने कहा कि हमारे पास स्पिनर हैं, तेज गेंदबाज और अच्छे बल्लेबाज हैं। हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक श्रृंखला होगी।

### बल्लेबाज- गेंदबाज दोनों के लिए होगी मददगार

हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

### बैजबॉल से मिल सकते हैं ढेरों विकेट : बुमराह



जसप्रीत बुमराह ने कहा कि इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये 'बैजबॉल' से उन्हें फायदा हो सकता है और पांच मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में उन्हें ढेरों विकेट मिल सकते हैं। बुमराह ने कहा कि अगर वे तेजी से खेलेंगे तो उन्हें थकाएंगे नहीं और ढेर सारे विकेट भी दे सकते हैं।

### रोहित के खिलाफ फेंकने होंगे सटीक बाउंसर : वुड



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि रोहित शर्मा को शॉर्ट पिच गेंदों के इस्तेमाल से नियंत्रित करना और श्रृंखला में भारत को हराने की योजना में प्रमुखता से शामिल होगा। रोहित शॉर्ट गेंद के खिलाफ काफी अच्छा खेलते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वह बाउंसर नहीं फेंकेंगे। उन्हें बेहद सटीक बाउंसर फेंकनी होगी।

## सीरिया से हारकर भारत एशियाई कप से बाहर

**अल खोर (कतर)।** भारतीय टीम आखिरी ग्रुप मैच में सीरिया से 0-1 से हारकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई।



सीरिया के उमर खरबिन ने 76वें मिनट में गोल दागकर सीरिया को नॉकआउट की दौड़ में बनाए रखा है। भारत चार टीमों के ग्रुप बी में तीनों मैच हारकर और एक भी गोल किए बिना आखिरी स्थान पर रहा। भारत इससे पहले भी 1984, 2011 और 2019 में नॉकआउट में जगह नहीं बना सका था। भारत 1964 में उपविजेता रहा था जब सिर्फ चार टीमों ने इसमें भाग लिया था। इसके बाद से भारत कभी भी नॉकआउट में जगह नहीं बना सका है।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग विश्व रैंकिंग में नंबर एक



**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एशियाई खेलों की यह चैंपियन जोड़ी मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैंपियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए से हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय 8वें नंबर पर हैं, जबकि लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमशः 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर हैं।

### इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ मैच में खेलेंगे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अहमदाबाद में बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। टी-20 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखा चुके रिंकू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में पदार्पण किया था और दो मैच में 17 और 38 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 44 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें 57.57 की औसत से 3109 रन बनाए हैं। भारत ए ने पिछले सप्ताह इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ कराया था। भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विदवथ कावेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल और रिंकू सिंह।

### देर रात तक नशा करने से बेहोश हुए थे मैक्सवेल

**सिडनी।** ग्लेन मैक्सवेल पिछले सप्ताह एडीलेड में देर रात शराब पीने के बाद बेहोश हो गए थे और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। पहले रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं था कि मैक्सवेल को अस्पताल क्यों ले जाना पड़ा लेकिन सिडनी के एक अखबार की एक रिपोर्ट में कहा गया कि शो के दौरान मैक्सवेल की भीड़ में कई लोगों के साथ तस्वीरें आई। इसके बाद वह और उनके दोस्त स्टेज के पीछे जाकर शराब पीने और गाने लगे। इसी दौरान मैक्सवेल बेहोश हो गए और उठाने पर भी नहीं उठे। फिर एंबुलेंस बुलाई गई। मैक्सवेल को जहां तक याद है कि वह अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उठ गए थे। उन्हें थोड़ी देर बार ही अस्पताल से छुट्टी मिल गई।



### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में



**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब जीते हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा। किदांबी श्रीकांत की टक्कर मलयेशिया के ली जि जिया से होगी, जबकि प्रियांशु राजावत का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा।

# जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में

**अब तक 10 बार आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर चुके हैं जोकोविच**

**मेलबर्न, एजेंसी**



नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा।

जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।

### कोको गॉफ भी सेमीफाइनल में पहुंचीं

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मार्ता कोस्तयुक को 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।



## डब्ल्यूपीएल का पहला मैच मुंबई और दिल्ली के बीच बेंगलुरू में

**महिला प्रीमियर लीग का आगाज 23 फरवरी से**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के पहले मैच में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगा। पूरा सत्र बेंगलुरू और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम 15 और 17 मार्च को एलिमिनेटर और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस साल डब्ल्यूपीएल में कुल 22 मैच होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने पिछले साल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर पहला खिताब जीता था।

## रवि शास्त्री और फारुख को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार




रवि शास्त्री, फारुख इंजीनियर, दिलीप वेंगसरकर व अन्य। • एजेंसी


**हैदराबाद, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को मंगलवार को बीसीसीआई ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यशस्वी जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रनों की पारी खेलकर 2022-23 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण का पुरस्कार जीता। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2022-23 सत्र के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।

# बॉलीवुड हलचल




## एटली का विजन और संवाद की क्षमता सराहनीय



किंग खान शाहरुख खान ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली की निर्देशन शैली की सराहना की है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म जवान को बॉक्स ऑफिस पर जोरदार सफलता मिली। फिल्म जवान में शाहरुख खान पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में नजर आए। जवान ने दुनिया में 1100 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। शाहरुख खान ने कहा कि एटली का विजन स्पष्टता और संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में सराहनीय है। वह उनकी निर्देशन शैली की सराहना करते हैं। वह विशाल, साहसी, जीवन से बड़े हैं, वह एटली हैं। यह सिर्फ एक स्क्रिप्ट को क्रियान्वित करने के बारे में नहीं था, बल्कि यह पात्रों, कथाओं और कहानी कहने की पारस्परिक खोज थी। फिल्म जवान आपको सोचने पर मजबूर करेगा, आपको प्यार में डालेगा, आपको गुस्सा दिलाएगा, आपको हंसाएगी और रुलाएगी भी, लेकिन यह आपके परिवार के साथ अनुभव करने लायक यात्रा होगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति, एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित फिल्म जवान का प्रीमियर 28 जनवरी को जी सिनेमा पर होगा।

### शाहरुख खान ने बताया जवान बने रहने का तरीका

शाहरुख खान ने जिंदगी में जवान बने रहने का मंत्र साझा किया है। उन्होंने बताया कि दिल से साफ रहें और उन चीजों की तुलना या उन पर संदेह न रखें, जो आप कर रहे हैं। दिल से जवान बनने और दिल से खुश रहने का एकमात्र तरीका है दिल से साफ होना, ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि उन चीजों के प्रति संदेह न रखें और न ही उनकी तुलना करें, जो काम आप कर रहे हैं। अपने आसपास के लोगों के प्रति अच्छा बर्ताव और सम्मान करें, अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करें और दयालु बनें। मुझे लगता है कि दिल से जवान बने रहने के लिए बहुत कम समय की जरूरत होती है।

## प्रभास का बॉडी डबल भी लेता है एक फिल्म की मोटी फीस



प्रभास ही नहीं, उनका बॉडी डबल भी मोटी फीस वसूलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की बढ़ती लोकप्रियता से उनके बॉडी डबल की भी चांदी हो गई है। वो जहां पहले काफी कम फीस पर प्रभास के लिए बॉडी डबल का काम करते थे। अब वो एक दिन के लिए 30 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। प्रभास की कद-काठी का उनसे हुबहू मैच होना और उनके मुश्किल एक्शन सीन्स की वजह से मेकर्स उन्हें लंबी डेट्स के साथ कई दिनों तक के लिए रिजर्व रखते हैं। जिससे उनकी फीस 9-10 करोड़ रुपये प्रति प्रोजेक्ट तक हो चुकी है। उनकी मूवी सालार से लेकर कल्कि 2898 एडी में भी प्रभास के बॉडी डबल ने काम किया है।

### प्रभास की एक फिल्म की फीस 150 करोड़ रुपये से भी ज्यादा

बाहुबली स्टार प्रभास इंडस्ट्री के टॉप पेड एक्टर्स में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपरस्टार एक मूवी के लिए करीब 150 करोड़ रुपये वसूलते हैं। बाहुबली की बंपर सफलता से प्रभास सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि इंडिया के सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। प्रभास का क्रेज साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में है। अभी वह कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें उनके धमाकेदार एक्शन सीन्स हैं। इसके लिए मेकर्स को प्रभास के बॉडी डबल का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बता दें कि सुपरस्टार प्रभास सालार की सफलता के बाद निर्देशक नाग अश्विन की मूवी 2898 एडी को लेकर सिनेमाघर पहुंचेंगे। इस में प्रभास के अपोजिट अदाकारा दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा प्रभास निर्देशक मारुती की राजा साब को लेकर भी चर्चा में है। जो जल्दी ही सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में है।

## सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सुष्मिता सेन की आने वाली वेबसीरीज आर्या-3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुष्मिता सेन जबरदस्त एक्शन करती हुई दिखाई दे रही हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पेज पर आर्या 3 के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा गया है, एक आखिरी बार, शेरनी करेगी एक अंतिम वार। यह हॉटस्टार पर 9 फरवरी से स्ट्रीम होगी। आर्या 3 का निर्देशन राम माधवानी ने किया है। इसमें सुष्मिता सेन के अलावा चंद्रचूड़ सिंह, सिकंदर खेर, नमित दास, मनीष चौधरी, सुगंधा गर्ग जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

सुष्मिता सेन ने आर्या 3 में अपने किरदार पर बात करते हुए कहा कि यह सब तब शुरू हुआ जब आर्या के परिवार को टुकड़ों में तोड़ दिया गया, जिसके बाद वह बिजनेस की निडर शेरनी बन गई। अब बात खेल से परे न्याय की है। भले ही किस्मत में आर्या सरीन के लिए कुछ भी लिखा हो लेकिन वह उसका सामना डट के बिना किसी डर के साथ करती है। स्क्रीन पर आर्या सरीन के किरदार को निभाकर मुझे उस समय शक्ति मिली जब मैं खुद को संभाल नहीं पाती थी। उसके किरदार से एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को तलाश पाई।

### जालीदार ड्रेस पहनने पर अनन्या की तुलना उर्फी जावेद से



उर्फी जावेद अपने कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब अनन्या पांडे का एक ऐसा लुक सामने आया है, इसके बाद लोग उनकी तुलना भी उर्फी जावेद से कर रहे हैं। अनन्या पांडे के नए लुक का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। दरअलस अनन्या पांडे का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस में वह रैंप वाक करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान अनन्या पांड ने बेहद अतरंगी आउटफिट पहन रखा है। उन्होंने वन पीस शॉर्ट ड्रेस के साथ-साथ एक जालीदार चीज को अपने हाथ में पकड़ा हुआ है। अनन्या पांडे के इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस जमकर तारीफ करते हुए नजर आए तो ट्रोल ने एक्ट्रेस की क्लास लगाई और उनकी ड्रेस को लेकर तरह-तरह के कमेंट्स किए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

